सुप्रभात
रांची, मंगलवार
05.12.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 142

12 नौसेना में रैंकों के नाम बदले जायेंगे : मोदी

# अदालत ने पूछा- कड़ी सुरक्षा के बीच अंदर कैसे पहुंचा हथियार

## धनबाद जेल गैंगवार पर हाइकोर्ट गंभीर, आज जेल आइजी तलब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद मंडल कारा में बंद शूटर अमन सिंह की गैंगवार में गोली मारकर हत्या मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में संज्ञान लेते हुए मंगलवार को जेल आइजी को वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से यह जानना चाहा कि कड़ी सुरक्षा होने के बावजूद जेल में फायर आर्म्स कैसे पहुंचा और जेल सुरक्षा में चूक का क्या कारण है? धनबाद जेल में रविवार को दिनदहाड़े अमन सिंह नामक गैंगस्टर की हत्या से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं।



**कौन था अमन सिंह :** कुख्यात शूटर अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था। घटना के बाद धनबाद के डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार सहित जिले के तमाम आलाधिकारी धनबाद मंडल कारा पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं।



**जेलर समेत 7 निलंबित, चार पर प्राथमिकी दर्ज :** गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड के बाद धनबाद जेल से कड़ी छापेमारी करते हुए पुलिस ने 2 पिस्टल बरामद किये हैं। इसके बाद प्रशासन जेलर समेत 7 कक्षपालों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में कुल 4 प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### सीआइडी आइजी और यूपी पुलिस कर रही जांच

धनबाद जेल में सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज और यूपी पुलिस गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड की जांच कर रही है। सरकार के स्तर से सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज जांच पड़ताल का जिम्मा सौंपा गया है। सोमवार को भी श्री मिंज समेत एआइजी हामिद अख्तर भी पूरी टीम के साथ जेल के भीतर जांच-पड़ताल में जुटे हैं। उत्तरप्रदेश के मऊ जिले की पुलिस की टीम भी जेल के अंदर जांच में जुटी है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। गोली मारने वाले व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गयी है। जांच टीम ने दो पिस्टल, छह मोबाइल और 18 हजार रुपये नकद बरामद किया है। यूपी के मऊ जिले में चार से पांच मामले अमन सिंह के ऊपर दर्ज हैं। धनबाद के विभिन्न स्थानों में 30 मामले समेत कुल 43 मामले अमन सिंह पर दर्ज है।

**समीक्षा कर रही है सरकार :** सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार इस घटना की समीक्षा कर रही है। पुलिस के आला अधिकारी वहां पहुंच गये हैं। वे हत्या की इस घटना पर जानकारी एकत्र कर रहे है। जेल आइजी भी घटना स्थल पर गये हैं। वहां से लौटने के बाद वे घटना के संबंध में रिपोर्ट देंगे।

### धनबाद जेल में हत्या को ले प्रशासन अलर्ट

## हजारीबाग के साथ-साथ पलामू जेल में घंटों रेड

- पलामू जेल में बंद है अमन साव समेत 1100 कैदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। जेलों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसी कड़ी में सोमवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। रविवार की देर रात मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में छापामारी की गयी। सोमवार को बजारीबाग जेल में लगभग ढाई घंटे से अधिक तमाम सेल की जांच की गयी। पलामू में छापामारी करीब दो घंटे तक चली। छापामारी के दौरान दोनों जेलों में कई आपत्तिजनक सामान अवश्य बरामद किये गये लेकिन वो संवेदनशील नहीं है।

**हजारीबाग सबसे सुरक्षित जेल :** हजारीबाग का लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा झारखंड का सबसे अधिक सुरक्षित जेल माना जाता है। यहां खूंखार अपराधी, माओवादी और राजनेताओं को रखा जाता है। ऐसे में इसकी सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। निरीक्षण के बाद डीसी नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे ने कहा कि जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कुछ आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। डीसी और एसपी की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन बैरक व अन्य जगहों का जायजा लिया। डीसी ने बताया कि धनबाद की घटना को देखते हुए राज्य के सभी कारागार को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश है। वहीं एसपी ने बताया कि ये एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है, जो हर एक या दो माह में की जाती है।

**मेदिनीनगर जेल में रेड :** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में छापामारी में एक दर्जन से अधिक दंडाधिकारी और 150 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे। यहां कुख्यात अपराधी सरगना अमन साव समेत 1100 के करीब कैदी बंद हैं। इसके अतिरिक्त कई कुख्यात नक्सली और अपराधी भी बंद हैं। एसपी पुष्टि एसपी रीष्मा रमेशन ने इसे रूटिंग जांच बताया है। जांच के दौरान आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। संभावित खतरे की आशंका को देख सर्च अभियान चला। इस दौरान अधिकारियों ने जेल में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

### केंद्र की मोदी सरकार पर गिरिडीह में बरसे सीएम, कहा

# हमारा बकाया ही मिल जाये तो लाखों को दे देंगे रोजगार

- केंद्र की बकाया राशि वापस मिले तो जनकल्याण का होगा कार्य
- विद्युत संयंत्र स्थापना की ओर बढ़ रही है सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जम कर हमला बोला। सीएम ने कहा कि केंद्र के पास झारखंड का करोड़ों बकाया है, पर कई बार भुगतान का आग्रह करने के बाद भी नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र से हमारा बकाया मिल जाता तो राज्य सरकार 20 लाख युवा को मिलता स्वरोजगार दे सकती थी। पांच सौ में मिलता गैस सिलेंडर मिल सकता था। राज्य में जनकल्याण के कार्यों को काफी गति मिलती। कार्यक्रम में सीएम ने 305 करोड़ रुयेये की 117 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ रुपए की 20 योजनाओं का उदघाटन किया। विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से ऑनलाइन संवाद कर वस्तुस्थिति की जानकारी भी ली।

**सशक्त गांव से ही राज्य मजबूत होगा :** सोमवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि गांव किसी भी राज्य के जड़ होते हैं। गांव सशक्त होगा तभी राज्य मजबूत होगा। (शेष पेज 11 पर)

### कभी झुनझुना, फिर सीबीआइ और इडी

सीएम ने कहा कि सबसे ज्यादा पैसा कोल इंडिया ने रखा है। हमें भारत सरकार से 1,36,000 करोड़ रुपये लेने हैं। अधिक जोर देने पर कभी-कभार झुनझुना थमा देती है और फिर सीबीआई को भेज देती है, ताकि हमारी बोलती बंद हो जाये। उन्होंने कहा, हम झारखंडी अपने अधिकारों के लिए लड़ना जानते हैं। हमने अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी है। हम अपने अधिकारों के लिए और लड़ेंगे।

**खुद विद्युत संयंत्र लगायेंगे :** सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिजली का 1200 करोड़ झारखंड का ले लिया और बिजली उपलब्ध कराने में भी कटौती होती रही। ऐसे में राज्य सरकार जल्द खुद का बिजली संयंत्र लगाने की कार्य योजना पर आगे बढ़ रही है। केंद्र अगर राज्य सरकार का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ दे दे, तो राज्यवासियों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य हो सकेंगे।

### ...जब तक मैं हूं, आदिवासी समाज का अहित नहीं होने दूंगा



आदिवासियों का विशेष स्थान होना चाहिए : सीएम सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जब तक मैं हूं, आदिवासी समाज को कुछ अहित नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा आदिवासियों का विशेष स्थान होना चाहिए। वह गिरिडीह आदिवासी छात्रावास में छात्रों के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आदिवासी छात्रावास में मल्टीपर्पस हॉल, पुस्तकालय, छात्रावास की चारदीवारी कार्य तथा छात्रावास में रसोईया की व्यवस्था का प्रयास जल्द किया जायेगा। गिरिडीह कॉलेज में पीजी की पढ़ाई जल्द शुरू होगी। इसके लिए कार्ययोजना जल्द तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। इस राज्य को हमसभी लोग मिलकर जुलकर विकास की राह में तेज गति से आगे बढ़ायेंगे। आदिवासी संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। यहां के धार्मिक स्थल जाहेर थान की घेराबंदी का कार्य होगा। इस देश में आदिवासियों का विशेष स्थान होना चाहिए।

### विपक्ष से मोदी की अपील, हार से सीखें और आगे बढ़ें

## संसद को गुस्सा निकालने का मंच न बनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र में भाग लेने से पहले पीएम मोदी ने विपक्ष का आह्वान किया कि वे संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनायें। नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आये और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनता की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग करें। वह संसद भवन परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे।

उन्होंने चार राज्यों के चुनावी परिणामों को नकारात्मकता के विरुद्ध जनादेश बताते हुए कहा। चार राज्यों के आये चुनाव नतीजे बहुत ही उत्साहवर्धक हैं। ये उनके लिए उत्साहवर्धक हैं, जो देश के सामान्य मानवी के कल्याण के लिए देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। (शेष पेज 11 पर)

### हर किसी का भविष्य उज्ज्वल है

पीएम मोदी ने कहा, हमने देखा है कि जब सुशासन सुनिश्चित हो जाता है तो 'एंटी-इनकंबेंसी' शब्द अप्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा, अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजों के आधार पर कहूं, तो ये विपक्ष में बैठे हुए साथियों के लिए स्वर्णिम अवसर है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले 09 साल में चलायी गयी नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा। हर किसी का भविष्य उज्ज्वल है। बाहर की पराजय का गुस्सा निकालने का मंच लोकतंत्र के मंदिर को न बनायें। थोड़ा सा रुख बदलें और देशहित की बातों में साथ दें तो देश में फैल रही नफरत, मोहब्बत में बदल जाये। इसमें विपक्ष का भी भला है।

### राघव चड्ढा का निलंबन वापस, मनरेगा के बहाने टीएमसी भड़की

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन निलंबित राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की सदस्यता बहाल कर दी गयी। उनके खिलाफ मिसविहेव का आरोप था। महुआ मोइत्रा के मामले में आचार समिति की रिपोर्ट मंगलवार को सदन में पेश होगा। वहीं मनरेगा का पैसा रोकने को ले कर लोकसभा टीएमसी सांसद और केंद्रीय मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक हुई। टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने केंद्र पर मनरेगा व अन्य योजनाओं का धन रोकने का आरोप लगाया। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह गलत है। बंगाल में केंद्र की मिलनेवाला गरीबों का पैसा लूटा जा रहा है। इसकी सीबीआइ जांच चल रही है। सच जल्द ही सामने आयेगा।

## साहिबगंज खनन घोटाला : सीबीआइ जांच रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये अकूत संपति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भप्त की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआइ जांच का आदेश दिया गया था। अदालत अब इस मामले में 15 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश को पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की थी। (शेष पेज 11 पर)

### मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, वस्तावड़े इडी कोर्ट में पेश

रांची (खबर मन्त्र)। मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वस्तावड़े, विनोद सिन्हा समेत अन्य आरोपी सोमवार को इडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुये। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है। इसलिये, अन्य अभियुक्तों के मामले भी फिलहाल स्थगित की जाये। आरोपियों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है। जबकि कई लोग अभी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

# झारखंड में सरकारी भूमि हस्तांतरण नीति 2023 लागू

### डीसी की अनुशंसा पर अब 99 साल के लिए लीज पर दी जा सकती है जमीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड में सरकारी भूमि हस्तांतरण नीति 2023 लागू कर दिया है। राजस्व भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नये सिरे से लीज रेंट भी तय किया गया है। भूमि की लीज बंदोबस्ती के लिए पूरी प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। लीज पर जो भूमि दी गयी है उसमें अगले पांच साल के भीतर वह कार्य लीजधारकों को करना होगा, अगर किसी कारणवश लीजधारक अपना कार्य पूरा नहीं कर पाता है, तो संबंधित जिले के उपायुक्त इसकी समीक्षा करेंगे। डीसी की अनुशंसा पर अब दो साल का अधिकतम अवधि विस्तार उस कार्य के लिए भू-राजस्व विभाग दे सकेगा।

**कैबिनेट की स्वीकृति जरूरी :** भूमि पर सबलीज दिये जाने के पहले कैबिनेट की स्वीकृति लेनी होगी। (शेष पेज 11 पर)

### वापस भी ली जा सकती है जमीन

अब उचित कारण बताते हुए अधिकतम 7 सालों के लिए जमीन पर विकास कार्य करने या प्लाट इत्यादि स्थापित करने का लीजधारकों को समय मिलेगा। पहले पांच साल में योजना जमीन पर नहीं उतरी, तो भू-वापसी होती थी। सारी स्थिति ठीक रही तो लीज नवीकरण भी किया जायेगा। नवीकरण का आवेदन नहीं देने पर जमीन वापस ली जायेगी।

**नये सिरे से लीज रेंट भी तय:** जारी अधिसूचना के अनुसार लीज के तहत ली गयी जमीन स्थायी रूप से हस्तांतरण के तहत अगर एक एकड़ हो तो एक लाख रुपये रेंट व अन्य लगान, सेस इत्यादि को मिलाकर 4 लाख छह हजार रुपये लिये जायेंगे। 30 वर्षों के लिए जमीन ली गयी है तो एक एकड़ भूमि के लिए 1.52 लाख रुपये, 99 वर्ष के लीज के लिए प्रति एकड़ 2.73 लाख रुपये, ली जायेगी। जिले के उपायुक्त की अनुशंसा पर मंत्री की सहमति लेते हुए सरकार से लीज बंदोबस्ती की मंजूरी लेनी होगी।

### तीन राज्यों में सीएम के चयन को ले शाह और जेपी नड्डा ने की बैठक

**नयी दिल ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़, एमपी और राजस्थान में भारी जीत के बाद अब भाजपा में सीएम बनाने को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो गया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को इस विषय पर चर्चा की। शीर्ष नेतृत्व की ओर से अंतिम निर्णय लेने से पहले पार्टी के भीतर विचार-विमर्श चल रहा है। शीघ्र नये विधायकों की बैठकों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति होगी। छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम रमन सिंह, राज्य भाजपा अध्यक्ष अरुण कुमार, विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और ओपी चौधरी दावेदार माने जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर संभावितों के रूप में देखे जा रहे हैं। वहीं राजस्थान में महंत बालकनाथ, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे अन्य नामों में सबसे आगे हैं।

**तेलंगाना में खड़गे लेंगे फैसला :** तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद सोमवार को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक में सीएम के नाम का चयन करने का फैसला पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर छोड़ दिया गया। बैठक में केंद्र की ओर से कई पर्यवेक्षक भी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### चक्रवात से तबाही, चेन्नई में झारखंड के दो की मौत

**नयी दिल्ली।** चक्रवात 'मिचौंग' ने आक्रामक रूख अख्तियार कर लिया है। बंगाल की खाड़ी से पूर्वी तट की ओर बढ़ते चक्रवात ने तबाही शुरू कर दी है। तमिलनाडु में मूसलाधार बारिश हो रही है। चेन्नई में हो रही भारी बारिश के कारण एक दीवार गिर जाने से इसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी। दोनों झारखंड के रहने वाले थे। चेन्नई, चेंगलपट्ट, कांचीपुरम, नागापट्टिनम, तिरुवल्लूर और कुड्डालोर सहित उत्तरी तटीय तमिलनाडु में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालत पैदा हो गये हैं। तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्रप्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। चेन्नई हवाई अडडे पर पानी भर गया है। इससे 18 उड़ानों को रद कर दिया गया है। बारिश के कारण स्कूल, कालेज और सरकारी कार्यालय को बंद कर दिये गये हैं। (पेज12 भी देखें)

### मिजोरम में जेडपीएम की भारी जीत, सीएम भी हारे

**एजल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी तेज लहर के बीच प्रदेश के सबसे नये राजनीतिक दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 40 में से 27 सीटें जीत कर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### वायुसेना का ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**तेलंगाना।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का ट्रेनिंग विमान सोमवार को क्रैश हो गया, जिसमें दो पायलट की मौत हो गयी है। भारतीय वायुसेना ने इस हादसे की जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हैदराबाद के पास हुई इस हादसे पर दुख जताया है।

### वीडी राम ने सदन में उठाया ट्रेन का मामला

**पलामू।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का मामला लोकसभा में उठाया है। यह पैसेंजर ट्रेन कोविड-19 के कारण कोरोना काल से बंद है और अभी तक शुरू नहीं की गयी है। पलामू सांसद ने नियम 377 के तहत मुद्दा उठाया।

### नहीं होगा डाकघरों का निजीकरण : वैष्णव

**नयी दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डाकघरों का निजीकरण नहीं किया जायेगा और सरकार की ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। श्री वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में डाक घर विधेयक 2023 पर हुई चर्चा का बेहतर जबाव दिया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कोडरमा में

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोडरमा दौरे पर रहेंगे। सीएम के कोडरमा आगमन को लेकर भव्य तैयारी हो रही है। बागीतांड़ में एक बड़ा पंडाल बनाया गया है, जहां करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |



## खबर एक नजर में

### आज संथाल परगना में होंगे बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 5 एवं 6 दिसंबर को संथाल परगना में मोटर साईकिल रैली में शामिल होंगे। श्री मरांडी कल रात ट्रेन से दुमका के लिए रवाना हुये। वह 5 एवं 6 दिसंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित मोटर साईकिल रैली में शामिल होंगे। पांच दिसंबर को श्री मरांडी दुमका से काठीकुंड, गोपीकांदर, गुमा मोड़, महेशपुर, अमरापाड़ा, हिरणपुर होते हुये लिट्टीपाड़ा कुमारभाजा पहुंचेंगे। छह दिसंबर को श्री मरांडी लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक मोटर साईकिल यात्रा में शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।

### पूजा सिंघल मामले में आज गवाह होगा पेश

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में मंगलवार को ईडी की ओर से अहम गवाह प्रस्तुत होगा। सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों पूजा सिंघल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अहम गवाह प्रस्तुत करने की बात कही थी। ईडी की ओर से कहा गया था कि मामले में एक अहम गवाह की गवाही इलेक्शन ड्यूटी में रहने के कारण नहीं हो सकी है। ईडी ने बीते 23 नवंबर को तीन महत्वपूर्ण गवाहों गौतम रायए सुजीत कुमार एवं बिल्डर पंचवटी आलोक सरावगी की गवाही करा चुकी है।

### जानलेवा हमले के आरोपियों को नहीं मिली बेल

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने जानलेवा हमले के आरोप में जेल में बंद आशीष आनंद, आकाश कुमार, कुमार अनुराग, बिपिन कुमार सिंह एवं वरुण देव की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सभी 30 सितंबर से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। आरोपियों के खिलाफ सुजाता कुमारी ने बेटे पर फायरिंग करने के मामले में 27 सितंबर को सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर 26 सितंबर की रात में गोली चलाई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार इस वारदात का अंजाम बिप्पू पांडेय उर्फ सुजीत उपाध्याय एवं उसके गुर्गे ने दी थी।

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**मामले को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश**

**रांची।** वर्ष 2009 में लोगों पर पुलिस के अत्याचार के खिलाफ गोड्डा में सड़क जाम से संबंधित एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित मामले की सुनवाई हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में अदालत ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। प्रार्थी ने गोड्डा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज करने को हाइकोर्ट में चुनौती दी है।

### 20 दिसंबर तक हज के लिए करें आवेदन

**रांची।** झारखंड राज्य हज समिति रांची ने हज 2024 के संबंध में सूचना जारी की है। कहा है कि अगले वर्ष हज पर जाने को इच्छुक आजमिने हज अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करना शुरू कर दें। हज कमिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर इसके लिए आवेदन करना होगा। एंड्रॉयड मोबाइल एप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि (20 दिसम्बर 2023) से पहले का जारी किया हुआ हो। वहीं 31 जनवरी 2025 तक यह वैध होना चाहिए।

### बेटे की मौत पर ₹16 लाख मिलेगा मुआवजा

**रांची।** सड़क हादसे में अपने बेटे को खो चुकी बिहार के अमरपुर गांव निवासी उर्मिला देवी को 16 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के अंदर 7.5 फीसदी ब्याज की दर से करने को कहा गया है। उर्मिला देवी का बेटा छोटू कुमार सिंह की मौत सड़क हादसे में तीन नवंबर 2018 को हो गई थी। जब वह पिस्का मोड में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बाइक से कोचिंग जाने के दौरान हादसा हुआ था। घटना के बाद मृतक की मां ने अदालत में एक करोड़ का दावा किया था।

## गिरिडीह में सीएम ने किया जनता से संवाद, कहा

# अब चार-चार बेटियों को मिलेगा सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह/रांची।** गिरिडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को ग्रामीणों से संवाद में कहा कि सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ अब घर की चार-चार बेटियों को मिलेगा। सीएम ने गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। सीएम हेमंत ने सुदरवर्ती गांव में लगे शिविर में मौजूद लाभुकों से संवाद किया। इस संवाद के दौरान सीधे लाभुकों से जुड़े और उनसे योजना के संदर्भ में जानकारी ली।

सबसे पहले सीएम का संवाद सदर प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित फूलची पंचायत के लोगों से हुआ। यहां मौजूद एसएचजी की दीदी ने सीएम को बताया कि किस तरह शिविर में आने वाले लोगों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान पेंशनधारी मुरली राणा भी संवाद में जुड़े। उन्होंने बताया कि इस बार पहली दफा उन्हें पेंशन का लाभ मिला है।

यहां के बाद सीएम ने बेंगाबाद प्रखंड के फिटकोरिया में लगे शिविर में मौजूद लोगों से संवाद किया। मुखिया तरन्नुम प्रवीण ने बताया कि पंचायत के लोगों को सावित्रीबाई फुले योजना, सर्वजन पेंशन, पशु धन योजना का लाभ मिल रहा है। यहां पर स्कूल की बच्ची भी संवाद से जुड़ी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले योजना शुरू हुई, इससे बच्चियां पढ़ रही हैं। बच्चों की पढ़ाई का सारा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। अब एक परिवार की जितनी भी बेटियां रहेगी सभी को इसका लाभ मिलेगा। अगर चार बच्चियां हैं तो चारों बच्चियों को योजना का लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा- पैसे के बिना कभी पढ़ाई नहीं रुकेगी

इससे पहले मंच से मुख्यमंत्री ने गुरु जी क्रेडिट कार्ड के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बताया कि बच्चों की पढ़ाई पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी। कार्यक्रम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया गया कि सरकार आपके द्वार के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को स्टॉल के माध्यम से ऑन द स्पॉट दिया जाता है। झंडा मैदान में



आयोजित कार्यक्रम में कुल 305 करोड़ रुपए की 117 योजनाओं का शिलान्यास और 30.61 करोड़ रुपये की 30 योजनाओं का उदघाटन किया गया। साथ ही 64 हजार 728 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण सीएम के द्वारा किया गया।

## सात दिसंबर तक बारिश के आसार

# चक्रवाती तूफान का असर बादल छाये, हुई बूंदाबांदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने पांच से सात दिसंबर तक राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य इलाके में बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इन हिस्सों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग जिला शामिल है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि लोगों को अधिक ठंड का एहसास नहीं होगा। राज्य में बारिश पश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र बनने के कारण होगी। चक्रवाती तूफान मिचौंग आज शाम तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तामिलनाडु तटों को चक्रवाती तूफान के रूप में पार कर सकता है। इस वजह से झारखंड के कई जिलों में पांच दिसंबर से बारिश की संभावना है। विभाग की मानें तो बादल छाये रहने के कारण दो डिग्री तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी।

### नौ दिसंबर से मौसम हो जायेगा साफ

विभाग की मानें तो नौ दिसंबर से राज्य का मौसम साफ होगा। जहां आठ दिसंबर तक राज्य में बादल छाये रहेंगे। वहीं नौ दिसंबर से राज्य में बादल का असर नहीं देखा जायेगा। इसके साथ ही तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। हालांकि इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा और धुंध का असर देखा जायेगा। कुछ जिलों में दिन के समय भी कोहरा का असर देखा जा सकता है।

**कैसा रहेगा राजधानी का मौसम**

रांची में आठ दिसंबर तक बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहने की जानकारी दी गयी है जबकि पांच, छह और सात दिसंबर को जिला में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की जानकारी दी गयी है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि अधिकतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की संभावना है।

## पूर्व सीएम बाबूलाल ने डीजीपी को लिखा पत्र

# जाली दस्तावेज के बल पर वन भूमि हड़पने की हो जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी को पत्र लिख कर फर्जी दस्तावेज के बल पर वन भूमि हड़पने की जांच की मांग की है। उन्होंने न्यायालय शाखा, प्रमंडलीय कार्यालय, बोकारो वन प्रमंडल के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षी रुद्र प्रताप सिंह का 31 अक्टूबर 2023 को थाना प्रभारी सेक्टर 12 थाना बोकारो, स्टील सिटी को लिखे गये पत्र जो कूट रचना कर जाली दस्तावेज बना कर छल कर वन भूमि हड़पने के नियत से केवला दलील निष्पादित करने के संबंध में है। पत्र में मो इजहार हुसैन एवं अख्तर हुसैन जिन्होंने कूट रचित कागजातों को बना-बनवाकर स्वयं को समीर महात ऊर्फ समीर महतो उर्फ. समीरुद्दीन अंसारी पिता भुवन महतो साकिन उकरीद परगना खासपेल का पोता वंशज बताते हुये दावा किया कि मौजा तेतुलिया, थाना चास, थाना संख्या 38 के प्लॉट संख्या 426 रकवा 40.60 एकड़ एवं प्लॉट संख्या 450 रकबा 66. 60 एकड़ भूमि डिप्टी कलेक्टर पुरुलिया द्वारा सर्टिफिकेट नंबर 191-1933 से उनके दादा अर्थात समीर महात उर्फ समीर महतो उर्फ. समीरुद्दीन अंसारी को दिनांक 23 अक्टूबर 1933 को 1551 रुपए मूल्य से प्राप्त है, पर मुकदमा दर्ज करने से संबंधित है। यह मामला बोकारो वन प्रमंडल की वन भूमि को इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन ने जाली दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से हड़प लिया है।

### एडीजी अभियान ने डायल-112 संबंधी कार्यों के निष्पादन की समीक्षा की

**रांची।** एडीजी अभियान ने सोमवार को जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये डायल-112 से संबंधित कार्यों के निष्पादन की समीक्षा की। बैठक में आवंटित टैब का उचित संचालन, यूपीएस, पावर सप्लाई, डीसीसी के डिस्पेचर की कार्य क्षमता और शैली के संबंध में प्रशिक्षण, कार्यरत बल, पदाधिकारी और कर्मियों की आवश्यकता, सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर से संबंधित समस्याओं का निवारण शामिल है। **इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम है डायल-112 :** डायल-112 एक इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम है। मुसीबत में सिर्फ एक ही नंबर याद रखना होगा और किसी भी समय कॉल कर पुलिस की सहायता ले सकते हैं। वर्तमान में सूचना के लिए डायल-100, आग लगने की स्थिति में डायल 101 और एंबुलेंस के लिए डायल 108 पर संपर्क करना पड़ रहा है। अब डायल-112 पर ही सभी सुविधा मिलेगी।

### सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की और से दाखिल अपील के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल देवास्मिता बासु की एसएलपी खारिज हो गयी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। साथ ही जेपीएससी के साक्षात्कार में बुलाए गए 186 अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने के हाई कोर्ट के आदेश को सही करार दिया। दरअसल, हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की अपील को स्वीकृत कर लिया था। साथ ही कोर्ट ने जेपीएससी द्वारा सहायक टाउन प्लानर पद के लिए साक्षात्कार में बुलाए गए 186 अभ्यर्थी जिनका फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था, उनकी उम्मीदवारी को रद्द करने का आदेश दिया था। इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनके नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करने का आदेश जेपीएससी को दिया था। इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी, जिसमे कहा गया था कि परीक्षा में 26 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत झारखंड का ट्रेलर : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने एक्स हैंडल पर कहा कि अहंकारी सरकारों का जाना तय होता है। उन्होंने एक्स हैंडल में कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की अहंकारी, विवेकहीन सरकारों का अंत हुआ। झारखंड और छत्तीसगढ़ की भौगोलिक और सामाजिक स्थिति बहुत सामान है। दोनों प्रदेशों में आदिवासी मूलवासी बहुसंख्यक है। उन्होंने लिखा कि झारखंड की तरह ही छत्तीसगढ़ में सिर्फ घोटाले ही घोटाले हुये थे। शराब घोटाला, महादेव ऐप घोटाला, कोयला लिंकेज घोटाला, अवैध खनन घोटाला, बालू घोटाला आदि। बेरोजगारों को भी छला गया था। महिला उत्पीड़न चरम पर था। उन्होंने कहा कि हू बहू यही स्थिति झारखंड में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब जितने दिन हो सके अपने काफिला का सायरन बजा कर घूम लें। मुख्यमंत्री की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।


## झारखण्ड सरकार, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**

पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (एम०डी०आर०-021) (कुल लम्बाई-26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना-राहे, थाना संख्या क्रमशः-101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल-राहे, एवं ग्राम-बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना-अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः-30, 33, 34 एवं 35 अंचल-अनगड़ा तथा ग्राम-हेसलाटोली, थाना-नामकुम, थाना संख्या-341, अंचल-नामकुम जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा-पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (एम०डी०आर०-021) (कुल लम्बाई-26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना-राहे, थाना संख्या क्रमशः-101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल-राहे एवं ग्राम-बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना-अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः-30, 33, 34 एवं 35 अंचल-अनगड़ा तथा ग्राम-हेसलाटोली, थाना-नामकुम, थाना संख्या-341, अंचल-नामकुम, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-1.0386, 2.1455, 1.0194, 0.4895, 3.2079, 3.8105, 1.2174, 4.0756, 1.7278 एवं 0.1310 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

मौजा-जरगा

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 75 | 1054 | टाड़-3 | 0,0031 | बुचुआ पाहन वल्द दोचवा पाहन |
| 2 | 75 | 1055 | दोन-3 | 0,0652 | बुचुआ पाहन वल्द दोचवा पाहन |
| 3 | 130 | 1071 | दोन-2 | 0,0649 | बकाश्त् |
| 4 | 130 | 1072 | दोन-3 | 0,0563 | बकाश्त् |
| 5 | 92 | 1081 | टाड़-3 | 0,0313 | मुडला उरांव वल्द दराम उरांव |
| 6 | 15 | 1099 | दोन-3 | 0,2879 | खुटा लोहार पेशरान मेघुआ लोहार वगै0 |
| 7 | 51 | 1104 | टाड़-3 | 0,0361 | दुलाल महतो पेशरान चरम महतो वगै0 |
| 8 | 33 | 1130 | टाड़-3 | 0,0136 | जोहन उरांव वगै0 पिता-लगडु उरांव वगै0 |
| 9 | 99 | 1425 | दोन-1 | 0,0197 | बोधनाथ कुरमी वगै0 पेशरान अहलाद कुरमी वगै0 |
| 10 | 89 | 1426 | दोन-2 | 0,0084 | मदनु कुरमी पेशरान चलीया कुरमी |
| 11 | 99 | 1438 | टाड़-3 | 0,0424 | बोधनाथ कुरमी वगै0 पेशरान अहलाद कुरमी वगै0 |
| 12 | 99 | 1445 | टाड़-3 | 0,0080 | बोधनाथ कुरमी वगै0 पेशरान अहलाद कुरमी वगै0 |
| 13 | 99 | 1449 | टाड़-3 | 0,0097 | बोधनाथ कुरमी वगै0 पेशरान अहलाद कुरमी वगै0 |
| 14 | 108 | 1716 | टाड़-2 | 0,7413 | लखीराम कुरमी वल्द रामधर कुरमी |
| 15 | | 2142 | | 0,3237 | अज्ञात |
| 16 | | 1428 | | 0,0162 | अज्ञात |
| | | | कुल- | 1,7278 | |

मौजा-हेसलाटोली

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 290 | 3912 | बड़ा जंगल | 0.1310 | गैरमजरुआ मालिक |
| | | | कुल | 0.1310 | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा-उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
राँची

PR 312656 Land Reforms (23-24)_D


# तीन राज्यों में हुई कांग्रेस की हार का पार्टी आलाकमान व्यापक समीक्षा करे : संतोष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इंटक के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवम पूर्व कांग्रेस पार्टी ओ.बी.सी मोर्चा के राष्ट्रीय माहसचिव सन्तोष कुमार सोनी ने चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का तीन राज्यों में हुई हार को दुखद बताया है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को पत्र लिखकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में आलाकमान से अनुरोध किया है कि इस हार की व्यापक समीक्षा किया जाना चाहिए। वहीं उदण्ड एवम मतलबी हो चुके निचले स्तर के कार्यकर्ताओं एवम पार्टी पदाधिकारियों पर लगाम लगाने की जरूरत है। श्री सोनी ने कांग्रेस आलाकमान से यह भी अनुरोध किया है कि कांग्रेस का कायाकल्प करने के लिए बूथ स्तर की कमेटियों की समीक्षा के साथ नए लोगों को जिम्मेवारी देने की जरूरत है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस को इस हार के कारणों को खोज कर पुनः ऊजार्वान बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

श्री सोनी ने मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया है कि जनता का अब भी कांग्रेस पर ही विश्वास है मगर अति उत्साही कार्यकर्ताओं ने खुद को आम जनता से दूर कर लिया है। उन्होंने अपने लिखे पत्र में यह भी अनुरोध किया कि ऐसे तत्वों से पार्टी को मुक्त कराने का जोरदार अभियान छेड़ा जाय। श्री सोनी ने कहा है कि हम पुनः पूरी तैयारी से उतरेंगे 2024 के चुनाव में और जीतेंगे भी। उन्होंने तेलंगाना की जीत पर पार्टी आलाकमान एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ-साथ तेलंगाना की जनता को भी बधाई दी है।

# चंद्रप्रभु जैन मंदिर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को को गिरिडीह डुमरी रोड के बराकर नदी तट स्थित 400 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित रिजूबालिका तीर्थ नंद प्रभु जैन मंदिर पहुंचे। राज्यपाल जैन समाज के गुजरात के नंद प्रसाद परिवार द्वारा बनाये गये इस भव्य रिजू बालिका तीर्थ मंदिर के लोकार्पण समारोह के चौथे दिन अनुष्ठान में शामिल हुए। जैन मुनि आचार्य सूरी जी महाराज के सानिध्य में विधि विधान के साथ भगवान महावीर का आवाह्न किया और पूजन अर्चना की। राज्यपाल ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और नवनिर्मित मंदिर की तारीफ की। राज्यपाल के साथ अनुष्ठान में गिरिडीह के नवीन सेठ्ठी और उनकी पत्नी स्नेह सेठी के साथ गुजरात के नंद प्रसाद परिवार भी शामिल हुए।

# जनता का एनडीए के प्रति विश्वास बढ़ा, झारखण्ड में कोई सुरक्षित नहीं, यहां न विधि है न ही व्यवस्थाः सुदेश महतो

**मिलन समारोह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष और विधायक सुदेश महतो के मुताबिक राजनीति में सत्ता की चुनौती सदैव आती रहेगी परंतु राज्य के विकास में जरूरी विषय न छूटे, यह पार्टी की पहली प्राथमिकता है। पार्टी कार्यालय में सोमवार को आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि आम लोगों का योगदान मतदान तक है परन्तु बौद्धिक लोगों का योगदान व्यापक एवं अहम भूमिका होती है। राजनीतिक प्लेटफार्म में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि सकारात्मक राजनीति के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है।



इस दौरान डॉ. अशोक नाग के साथ कई शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने पार्टी का दामन थामा। इससे पहले सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में रॉयल प्रोफेशनल एंड शिवभारती फामेर्सी कॉलेज की निदेशक डॉ. रूमी राजखोवा कच्छप समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में डॉ. अशोक नाग और उनके साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश ने कहा कि अशोक झारखंड को समझने और जमीनी स्तर पर काम करने वाले व्यक्ति हैं। बुद्धिजिवियों को राजनीति में आने से राज्य की आवश्यकता पर सकारात्मक काम करने में बल मिलेगा। इन्हें जनता हित से जुड़े हर काम को करने का पूर्ण सहयोग आजसू पार्टी देगी।

रविवार को आए तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व एवं देश की जरूरत को जनता ने भारी मतों से जीत दिलाई है। आजसू पार्टी ने पिछले चुनाव में राष्ट्रीय राजनीति में दखल दिया है। यह परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में एक आकर्षक बल देगा।

धनबाद के जेल में हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में झारखण्ड में कोई सुरक्षित नहीं है। झारखण्ड में न विधि है, न व्यवस्था है। इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि यह एक काल्पनिक समझौता है जिसका नेता और नीति दोनों ही स्पष्ट नहीं है।

मौके पर डॉ अशोक नाग ने कहा कि आज उनकी घर वापसी हो रही है। सुदेश महतो रोल मॉडल हैं। राजनीति का जो भी ककहरा सीखा, वो उनसे और आजसू पार्टी से सीखा। मिलन समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सुधीर यादव, रामजीत गंझू, मजबूल रहमान, अमन शाहदेव और सत्यनारायण मुंडा उपस्थित रहे।

**इन्होंने ली सदस्यता :** डॉ. अमरनाथ, डॉ. रंजय कमल, डॉ राकेश कुमार सिन्हा, डॉ सुमित कुमार, डॉ. राजमणि, डॉ. विक्रांत कुमार रवि, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. काजल राय, डॉ. पल्लवी मिश्रा, डॉ. अनन्या प्रिया, डॉ. शैली उपाध्याय, डॉ. निमिषा सिन्हा, डॉ. आशीष आलोक, डॉ. उद्धव टोप्पो, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. अक्षय कुमार वर्मा, डॉ. विक्रम शर्मा, डॉ. तरुण मुंडा, डॉ. नेहा किस्कू, डॉ. रवि नाग ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# राज्य के सभी केंद्रीय कारा सह उपकारा में बढ़ायी गयी सुरक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद जेल में बंद अमन सिंह की हत्या के बाद राज्य की पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। राज्य के तमाम केंद्रीय कारा सह उपकारा में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। जेलों की सुरक्षा व अपराधियों की गतिविधि को लेकर पलामू में छापेमारी अभियान चलाया गया। इससे हड़कंप मच गयी है। छापेमारी करीब दो घंटे तक चली, हालांकि इस क्रम में किसी तरह का कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ। छापामारी में एक दर्जन से अधिक दंडाधिकारी और 150 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे। बता दें कि सेंट्रल जेल में कुख्यात अपराधी सरगना अमन साव समेत 1100 के करीब कैदी बंद हैं। एसपी रीश्मा रमेशन के नेतृत्व में रविवार रात नौ बजे से लेकर 11 बजे तक छापेमारी हुई। एसपी ने कहा कि यह केवल एक रूटीन जांच है लेकिन, पलामू जेल में बंद अमन साव को लेकर पुलिस ने वहां छापेमारी की।

**अलग-अलग जेलों में बंद हैं गैंगस्टर :** गौरतलब हो कि राज्य के अन्य जेलों में गैंगस्टर बंद हैं। उनके जान का भी खतरा बना रहता है। इसी क्रम में एसडीपीओ सुरजीत कुमार समेत 150 से अधिक पुलिसकर्मी छापेमारी में शामिल थे। किसी संभावित खतरे की आशंका को देखते हुए सर्च अभियान चलाया गया। बता दें कि सेंट्रल जेल में पिछले तीन महीने में चार बार छापेमारी हुई है लेकिन किसी बार किसी तरह का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। पूर्व में हुई छापेमारी के दौरान कुख्यात अपराधी अमन साव और अन्य कैदियों के सेल की स्पेशल तलाशी ली गई थी। इस दौरान अधिकारियों ने जेल में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। धनबाद घटना के बाद सीआइडी ने एक टीम गठित की है, जिसका नेतृत्व सीआइडी आइजी के द्वारा किया जा रहा है।

## झारखंड की विभिन्न जेलों में बंद हैं गैंगस्टर

**रांची।** झारखंड के जेलों में बंद गैंगस्टर लंबे समय से खुलेआम व्यापारियों, ठेकेदारों, ट्रांसपोर्टरों, चिकित्सकों सहित अन्य को धमकी देकर रंगदारी मांगते हैं। डिमांड पूरी नहीं होने पर उनके गुर्गे रेकी कर दहशत फैलाते हैं। मौका मिलते ही गोलियां दाग देते हैं। पुलिस सब कुछ जानते हुए मौन साध लेती है। उदाहरण के तौर पर दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहु ने पिछले महीने लातेहार पुलिस को बताया था कि कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता समेत कई उसके निशाने पर हैं। इसके बाद रंजीत गुप्ता पर हमला भी किया गया।

**झारखंड में सक्रिय गिरोह**

- अमन साहू (जेल में) गैंग : रांची, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा
- सुजीत सिन्हा (जेल में) गिरोह : लातेहार और पलामू
- अमन श्रीवास्तव (जेल में) गिरोह : रांची, लातेहार और रामगढ़
- अमन सिंह (अब मृत) गिरोह : धनबाद
- गैंग्स ऑफ वासेपुर का प्रिंस खान (पुलिस की चूक से फरार) : धनबाद
- पांडेय गिरोह का विकास तिवारी (जेल में) : रामगढ़
- सुधीर दुबे गिरोह : जमशेदपुर, सरायकेला
- अखिलेश सिंह (जेल में) गिरोह : जमशेदपुर और सरायकेला
- आशीष मिश्रा गिरोह : देवघर
- डब्लू सिंह (फरार) गिरोह : पलामू

### समाहरणालय से वर्चुअल रियलिटी वैन को किया रवाना

# सरकारी योजनाओं का पात्र लोग उठायें लाभ : उप विकास आयुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उप-विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से वीआर (वर्चुअल रियलिटी) वैन को रवाना किया। झारखण्ड सरकार की कुल-16 जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर ये वैन प्रचार-प्रसार करके लोगों को जागरूक कर उन्हें इसके लाभ की जानकारी दी जाएगी। यह वैन प्रखंडों में घूमकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से करेगा। इस वैन के द्वारा झारखंड सरकार की सभी संचालित योजनाओं और इसके लाभ की जानकारी पम्पलेट के माध्यम से दी भी दी जाएगी।

उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि झारखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का आम जन लाभ उठाएं।

इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची स्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

**झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं**

- **बिरसा हरित ग्राम योजना :** 78 हजार एकड़ जमीन पर लगे 76 लाख पौधे। मजदूरों को मिल रही 237 रुपए की दैनिक मजदूरी।
- **प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति :** 35 लाख झारखण्डवासियों की शिक्षा हुई आसान। पन्द्रह सौ से 1 लाख तक की राशि देने का किया गया है प्रावधान।
- **सर्वजन पेंशन योजना :** महीने की 5 तारीख तक सीधे खाते में पेंशन। हर जरूरतमंद के लिए है अब पेंशन। अब परित्यकता, एकल महिला आदि को मिलेगा हक।
- **फूलो झानो आशीर्वाद अभियान :** हड़िया-दारू से मिली आजादी, खुश हुई आधी आबादी। 20,000 महिलाओं ने शुरू किया अपना करोबार।
- **पोटो हो खेल विकास योजना :** प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान का जीर्णोद्धार। खेल मैदान में बेटियों के लिए भी अनुकूल रेस्ट रूम की सुविधा।
- **नीलाम्बर पीताम्बर जल समृद्धि योजना :** राज्य की वार्षिक जल संरक्षण क्षमता में 5 लाख करोड़ लीटर की वृद्धि। अब तक 5 लाख एकड़ बंजर भूमि का संवर्द्धन।
- **दीदी बाड़ी योजना :** महिलाओं को वित्तीय सहायता के रूप में 10,000 रुपये तक की मदद। जमीन नहीं होने पर महिलाओं को 100 वर्ग मीटर जमीन प्रदान की।
- **मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना :** गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए राज्य सरकार से अब दस लाख रुपये तक की मदद। लगातार 3 वर्षों तक 8 लाख से कम आय वाले उठा सकते हैं इस योजना का लाभ।
- **साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना :** 9 लाख किशोरियों के सपनों को लगे पंख। शिक्षा के लिए 40,000 रुपए तक की दी जा रही मदद।
- **सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना :** 53 लाख लोगों को 10 रुपए में मिली साड़ी और धोती। साल में दो बार ले सकते हैं लाभ।
- **हरा राशन कार्ड :** 20 लाख लोगों को 1 रुपए की दर से 5 किलो अनाज मिल रहा है। हर गरीब को मिल रहा अन्न का अधिकार।
- **के.सी.सी. योजना :** 19 लाख किसानों को मिला 1313 करोड़ रुपए का ऋण। केसीसी बना किसानों का आधार, सुलभ हुआ कृषि व्यापार।
- **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना :** दूध, अंडा, मांस उत्पादन में बढ़ी आत्मनिर्भरता। ग्रामीण पशुपालकों की कमाई हुई दोगुनी।
- **मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना :** 25 लाख रुपए तक के ऋण का प्रावधान। अब तक 4000 युवा हुए लाभान्वित।
- **श्रमाधान योजना :** श्रमिक भाई-बहनों की सुरक्षा का ख्याल। दुर्घटना, मृत्यु, आपदा आदि में 2 लाख रुपए तक का मुआवजा।
- **ऋण माफी योजना :** लगभग 4 लाख किसानों को ऋण से राहत मिली। बकाया राशि हो रही माफ।

# मोरहाबादी मैदान में होगा झारखंडी महाजतरा

**32 जनजातीय समुदाय के एक लाख लोगों का होगा जमावड़ा**

## 31 जनवरी और 1 फरवरी 2024 को होगा आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपनी पहचान संस्कृति भाषा पारंपरिक लोक नृत्य संगीत, समाज को जागरूक करने और उन्हें एक सूत्र में बांधने को लेकर राजधानी के धूमकुड़िया भवन में सोमवार को आदिवासी सामाजिक अगुवा अंतू तिर्की की अध्यक्षता में झारखंडी महाजतरा के आयोजन को लेकर बैठक की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड में 32 प्रकार के आदिवासी समुदाय निवास करते है, किंतु झारखंड अलग राज्य होने के 23 वर्ष बाद भी कई ऐसे आदिवासी समुदाय है जो आज भी अपने सांस्कृतिक धार्मिक पूजा पाठ, नृत्य संगीत के बारे में नहीं जानते है। ऐसे लोगों को जागरूक कर उन्हें एक सूत्र में बांधना समाज के मुख्यधारा से जोड़ना और अपने कला संस्कृति, भाषा परंपरा इत्यादि के बारे में बताना है। इसका आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से सरना सदन मोर्चा के रंजीत टोप्पो, हेमंत बरला, महेश महतो, अजीत राज, संजू प्रधान, अशोक कुमार मुंडा , नीलम बिरूली, अमित मुंडा,अभय बूटकुमार, नरेश पाहन, रवि मुंडा, जगलाल पाहन, रितेश उरांव कुंदरशि मुंडा, निरंजना टोप्पो, महादेव मुंडा, सोनू खलखो अंजू तिर्की, नरेश पहन अजीत उरांव, मिथिलेश कुमार, राकेश मुंडा, अनिल उरांव, राधा हेंब्रम बिरसा पहन, सोनू खालको, सुखदेव मुंडा, महावीर लकड़ा, अरुण पहन , सूरज, मोहन तिर्की, विकी करमाली, विनय नायक, विक्की कुमार, प्रतीत, संजीव प्रधान, राहुल तिर्की, अंजू तिर्की, दीप्तराज बेदिया, मानसिंह मुंडा, बुधवा मुंडा, महादेव मुंडा, मुकेश मुंडा, डबलू मुंडा, संजय तिर्की, पवन तिर्की, अनीता गाडी, सिकंदर मुंडा, हरीश मुंडा, अनुज मुंडा, सुरेश मिर्धा, रंजीत उरांव आदि उपस्थित थे।

# प्रभु यीशु के आगमन को ले रांची के गिरजाघरों में शुरू हुई विनती



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ईसाई विश्वासियों ने प्रभु यीशु के आगमन के पूर्व क्रिसमस की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। राजधानी के गिरजाघरों में दिसबंर के पहले सप्ताह से विशेष विनती शुरू कर दी गयी है। खासकर पुरुलिया रोड स्थित संतमरिया महागिरजा घर, बहु बाजार के सीएनआई चर्च और मेन रोड के जीईएल चर्च समेत सैकड़ों पल्लियों में विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। बिशप, पल्ली पुरोहित और फादर विश्वासियों को यीशु आगमन का संदेश सुना रहे हैं। सिस्टर और विश्वासी प्रभु के बताये मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। 2023 का पहला क्रिसमस गैदरिंग एलीजाबेथ मध्य विद्यालय बहु बाजार से शुरू हुआ। इसके बाद पल्लियों व शैक्षणिक संस्थाओं में शुरू हुआ। जहां युवा क्रिसमस से जुड़े गीत और नृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं। बालक यीशु के आगमन को लेकर गीत से खुशी मनाई जा रही है। गीतों के माध्यम से मसीही विश्वासियों को क्रिसमस निकट आने का एहसास दिलाया जा रहा है। क्रिसमस केक का जायका और सांता क्लॉज की मस्ती ने भी क्रिसमस का माहौल बना दिया है।

### जरूरत पड़ने पर दूसरी जगह किया जा सकेगा शिफ्ट

# रांची के कांके और बुंडू में बनाया जायेगा प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना महामारी के बाद से ही हेल्थ सिस्टम को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में प्राइमरी सुविधाएं बेहतर की जा रही है। प्राइमरी हेल्थ सेंटर, हेल्थ सब सेंटर के लिए नए भवन बनाए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को इलाज की सुविधाएं अपने आसपास ही मिल सके। अब स्वास्थ्य विभाग प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल का निर्माण करा रहा है। इस योजना के तहत कांके और बुंडू में 50-50 बेड के प्री फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल की मंजूरी मिल गई है। यहां मरीजों को रखकर उनका इलाज किया जाएगा। वहीं इमरजेंसी की स्थिति में इन हॉस्पिटलों के बेड मरीजों को दिए जाएंगे। इतना ही नहीं इन हॉस्पिटलों को एक जगह से उठाकर दूसरे जगह शिफ्ट भी किया जा सकेगा।

## आसानी से खुल जायेगा पूरा हॉस्पिटल

प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल में कंक्रीट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। एल्युमिनियम के स्ट्रक्चर और जीआई शीट्स के अलावा वैसे मेटेरियल का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल शिफ्ट किया जा सकेगा। इससे भविष्य में कभी आपातकालीन वाली स्थिति आएगी तो पूरे हॉस्पिटल को शिफ्ट कर लिया जाएगा। बताते चलें कि इस हॉस्पिटल में सुविधाएं तो सभी होगी, लेकिन भवन परमानेंट नहीं होगा। इसमें वैसे मेटेरियल लगाए जाएंगे, जिसे आसानी खोलकर दूसरे जगह ले जाया जा सकेगा।

## इसीआरपी फेज 2 के तहत मिले 638 करोड़

इमरजेंसी कोविड रिस्पांस पैकेज (इसीआरपी) फेज 2 के तहत झारखंड में 19 जगहों पर 50-50 बेड वाले हॉस्पिटल का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 638.90 करोड़ का पैकेज स्वीकृत हुआ है। ऐसे में प्रति यूनिट प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल के लिए साढ़े तीन करोड़ का बजट है। वहीं इसके संचालन के लिए 17,64,47,000 रुपए की स्वीरकृति दी गई है। भवन निर्माण निगम ने इसका डीपीआर बनाकर दे दिया है। वहीं जल्द ही इस हॉस्पिटल का काम शुरू हो जाएगा। इन हॉस्पिटलों के बन जाने से मरीजों को अब बड़े हॉस्पिटलों की दौड़ लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। इन हॉस्पिटलों में जरूरी जांच के साथ इलाज के भी पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

### अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर अराजपत्रित कर्मचारियों ने किया राजभवन के समक्ष प्रदर्शन, सभा भी की

# तृतीय वर्ग के कर्मियों को ₹2400 ग्रेड-पे मिले



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर राज्यभर के कोने-कोने से आए कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन का घेराव किया। घेराव से पूर्व सभी कर्मचारी मोराबादी मैदान में जमा हुए और यहां सभा करने के बाद सभी राजभवन के लिए कूच कर गए। जहां बड़ी सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संघ संयुक्त मंत्री सुशांत कुमार साहू ने कहा कि हमारी मुख्य मांग है कि तृतीय वर्ग के सभी राज्य कर्मियों, जिनमें लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक व अन्य है उनका न्यूनतम ग्रेड पे-2400 रूपया किया जाए। चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग के रिक्त कुल पदों के 50 फीसदी पद पर प्रोन्नति दी जाए।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सहिया, बीटीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल कर्मियों एएनएम के लिए संवर्गीय नियमवाली बनाई जाए। पद के अनुरूप वेतन, मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करते हुए प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाए। साथ ही नियमित किया जाए। महंगाई भत्ता का भुगतान किया जाए। वहीं आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के लिए निर्गत नियमावली में त्रुटि सुधार किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगें भी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है, तो बहुत जल्द आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## देर शाम तक शहर में लगा रहा जाम





रेडियम रोड, रातू रोड, लालपुर, कचहरी रोड सहित शहर के कई सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार घंटों लगी रही। देर शाम तक लगभग पूरा शहर जाम रहा। रांची ट्रैफिक पुलिस जाम छुड़ाने में हलकान रही।

### सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में जल शक्ति मंत्रालय से किया सवाल, मंत्री ने दिया जवाब

# झारखंड में मात्र 45.97% ग्रामीण परिवारों तक पहुंचा नल जल कनेक्शन

**झारखंड योजना को समय से पूरा करने में नहीं हुआ सफल**





**आज लगभग 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से करीब 13.69 करोड़ यानी 71 प्रतिशत परिवारों के पास नल जल कनेक्शन योजना पहुंची**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने शीतकालीन सत्र में पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धत, जल संचयन और संरक्षण को प्रोत्साहित करने की योजना पर अतारांकित सवाल पूछा। उन्होंने भू जल के दुरुपयोग पर तारांकित सवाल भी पूछे।

श्री प्रसाद के सवालों का उत्तर देते हुए जल शक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बताया कि देश में झारखंड सहित पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र के साथ प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल कनेक्शन के माध्यम से निर्धारित गुणवत्ता के पर्याप्त मात्रा में नियमित एवम दीर्घकालिक आधार पर सुनिश्चित पीने योग्य जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

उन्होंने बताया कि मिशन की घोषणा के समय देश के 3.23 करोड़ अर्थात मात्र 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन उपलब्ध था। आज लगभग 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 13.69 करोड़ यानी 71 प्रतिशत परिवारों के पास नल जल कनेक्शन योजना पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि झारखंड योजना को समय से पूरा करने में सफल नहीं हुआ है। अभी झारखंड में 61.77 लाख ग्रामीण परिवार हैं जिसमे मात्र 28.40 लाख परिवार तक ही नल जल योजना पहुंची है। योजना की शुरूआत में झारखंड के 5.59 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा उपलब्ध थी। जो लगभग साढ़े चार वर्षों में बढ़कर 45.97 प्रतिशत तक पहुंच सकी है।

जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के मामले में जल शक्ति राज्यमंत्री विशेश्वर टुडू ने बताया कि जल राज्य सरकार का विषय है। केंद्र सरकार तकनीक और वित्तीय सहायता के माध्यम से राज्य के प्रयासों में सहायता करती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018से जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियोंएराज्यों सहित हित धारकों को राष्ट्रीय जल पुरस्कार दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ, सुजल शक्ति सम्मान 2023 का आयोजन ग्रामीण जल और स्वच्छता क्षेत्र की महिला चैंपियन को सम्मानित करने केलिये किया गया था। झारखंड में अबतक मात्र 45. 97 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक ही नल जल कनेक्शन पहुंचा है।

### एसएसपी ने किया रिम्स का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# महिला की मदद से फरार हुआ था रिम्स में भर्ती चेन स्नैचर शाकिब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को रिम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने रिम्स के कैदी वार्ड समेत कई अन्य जगहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने रिम्स प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और मौके पर तैनात पुलिसकर्मी को कई निर्देश दिये।

बता दें कि रिम्स में इलाज करा रहे कुख्यात चेन स्नैचर शाकिब उर्फ देबा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। छानबीन में पुलिस को यह पता चला कि शाकिब एक महिला की मदद से रिम्स से फरार हुआ है।

## रिम्स कैदी वार्ड की सुरक्षा में लग रही सेंध

रिम्स के कैदी वार्ड की सुरक्षा में बार-बार सेंध लग रही है। 31 अक्टूबर की सुबह रिम्स के कैदी वार्ड से पुलिस को चकमा देकर सूरज मुंडा नामक कैदी फरार हो गया था। इससे पहले भी 12 सितंबर रिम्स अस्पताल में इलाजरत वशीर नाम का कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया था।

## बाइक लूटकांड में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक लूटकांड खुलासा करते हुए दो अपराधियों रौनित उरांव और राज कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लूटी हुई बाइक और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया हैं। गौरतलब हो कि बीते 30 नवंबर को धुर्वा डैम घुमने के लिए आये युवक से केटीएम मोटरसाइकिल को लूट लिया गया था और बदमाश भाग निकले थे।

## आज का राशिफल
**05-12-2023**

मेष : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा।

वृष : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

कर्क : श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

सिंह : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

तुला : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

वृश्चिक : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं। अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

धनु : नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग।

मकर : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

कुंभ : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

मीन : आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यो का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

# बच्चों से जुड़ी सभी समस्या का निदान करेंगे और निदान की पहली सीढ़ी है जागरूकता : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जिला बाल संरक्षण इकाई रांची के द्वारा बाल सुरक्षा, बाल अधिकार युक्त एवं बाल अपराध मुक्त समाज के निर्माण को लेकर 04 से 15 दिसम्बर 2023 तक जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को विकास भवन रांची से जागरूकता रथ को रवाना किया। इसमें सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय का भी सहयोग है। इस दौरान जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई रांची के टीम के साथ सहयोगी सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के प्रतिनिधि, राजेन कुमार, अरविन्द कुमार, पूजा, विवेक आदि उपस्थित थे। आपको जानकारी हो कि रथ 15 दिसम्बर तक जिले के सभी 18 प्रखण्डों में बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्कारी, बाल यौन शोषण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता के माध्यम से जन समुदाय के बीच जाकर उपर्युक्त श्रेणी में आने वाले बच्चों को चिन्हित करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा साथ ही बच्चों से संबंधित सरकार द्वारा चालायी जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी देगा।

**झारखण्ड सरकार बच्चों और महिलाओं को लेकर काफी संवेदनशील :** उप-विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ रवाना करने के क्रम में कहा की झारखण्ड सरकार बच्चों और महिलाओं को लेकर काफी संवेदनशील उनकी सभी समस्या का निदान हो यह हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से कहा की यह जागरूकता रथ प्रखंड-प्रखंड बच्चों के बारें में जानकारी लेगा, उन्हें जागरूक करते हुए उनकी समस्या का निदान किया जाएगा। श्री यादव ने कहा की बच्चों से जुड़ी समस्या का निदान करेंगे, निदान की पहली सीढ़ी जागरूकता है। यह रथ प्रखंड - प्रखंड, गांव- गांव, मोहल्ले-मोहल्ले घूम कर बच्चों को जागरूक करेगी साथ ही उनकी समस्या को जमीनी स्तर से समझते हुए इसका निदान करेगी।

### जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य

**यदि** आप अपने बच्चों का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का करते है तो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले या शामिल होने वाले वर बघू के माता पिता परिवार, रिश्तेदार, पड़ोसी, शादी कराने में अगुवाई करने वाले तथा ऐसे विवाह को सम्पन्न कराने वाले पंडित, मौलवी, पादरी, टेन्ट, हलवाई सभी को नियमानुसार जेल एवं जुमार्ना हो सकता है।

## अन्वेषण प्रतियोगिता में डीएवी हेहल बना ओवरऑल चैंपियन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोमवार को संगम गार्डेन मोराबादी में इंटर स्कूल टेक्निकल बोनांजा यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, राजस्थान के तत्वावधान में इक्कीस विद्यालयों के तकरीबन 260 बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इनमें एडवांसिंग बिल्डिंग सेफ्टी, रूफ टॉप फैंस फोर फॉर्मर, अटल कृषि यंत्र एवं लाइफ डिटेक्टर इन डेब्रिस विषयों पर डीएवी हेहल के छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत किये। क्योरिसिटी में विशाल कुमार चौबे ने प्रथम स्थान हासिल किया एवं अटल कृषि यंत्र मॉडल में रौनक केशरी को द्वितीय स्थान एवं पाइथागोरस स्टार में आर्यन पाठक को द्वितीय तथा पाइथागोरस प्रो में जय वल्लभ पाठक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन छात्रों को इनकी बहुआयामी प्रतिभा के लिये संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र, मैडल एट्रॉफी एवं नकद राशि से पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम किसी कार्य को तन्मयता और जिज्ञासा के साथ करते हैं, तो हमें इसके परिणाम भी आशातीत मिलते हैं। ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षिका सरस्वती राय, शिक्षक संतोष कुमार पंडा, शिक्षक अरिंदम चटर्जी एवं राजेश सिन्हा आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## सिविल मामले में अपराध स्थापित हुए बिना नहीं चल सकता आपराधिक मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सिविल मामलों में आपराधिकता स्थापित नहीं होने पर आपराधिक कार्यवाही जारी रखने की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग माना जाएगा। इसके साथ ही अदालत ने सिविल कोर्ट में लिये गए आपराधिक संज्ञान और सभी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। इस मामले में स्व. जगत नारायण प्रसाद की बेटियों ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि यह मामला दीवानी प्रकृति का है लेकिन शिकायतकर्ता ने इसके खिलाफ शिकायतवाद दर्ज करायी। बाद में पुलिस ने इस मामले को दीवानी मामला बताते हुए सक्षम न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट पेश कर दी। इसके बाद भी सिविल कोर्ट ने आपराधिक मामले में संज्ञान लिया और प्रक्रिया जारी रखी। सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ नवीन कुमार सिन्हा और उज्जवल नारायण ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। प्रार्थियों की ओर से निचली अदालत की कार्यवाही का विरोध किया गया और कहा गया कि पार्टिशन डीड से जुड़े इस मामले में प्रार्थियों के पिता नहीं बल्कि दादा के कानूनी उत्तराधिकारियों के बीच पार्टिशन था। सिविल मामले में बिना अपराध स्थापित हुए निचली अदालत द्वारा आपराधिक प्रक्रिया जारी रखना उचित नहीं है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मामले की सामग्री पर विचार करने और उसी संपत्ति से जुड़े चल रहे विभाजन के मुकदमों पर ध्यान देने के बाद पाया कि पुलिस ने मामले को दीवानी के रूप में वगीर्कृत किया। इसके बावजूद कोर्ट ने विरोध याचिका पर याचिकाकताओं के खिलाफ संज्ञान लिया। इन तथ्यों के मद्देनजर झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए गिरिडीह सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में लंबित शिकायत मामले में संज्ञान लेने के आदेश सहित संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी।

## मनुष्य के लिए आध्यात्मिकता जरूरी : फादर प्रफुल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धर्मसंघीय जीवन के 25, 50 व 60 साल पूरा करने पर जुबली वर्ष को विभिन्न तरीके से मनाने की योजना के तहत एक तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन सोमवार को संत अन्ना की पुत्रियों के धर्मसंघ के जनरेलेट, लोआडीह में हुआ। इस सेमिनार में फादर प्रफुल बड़ा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इस दौरान संत अन्ना की पुत्रियों के धर्म संघ के चारों प्रावींस (रांची, गुमला, जलपाईगुड़ी व एमपी) से 40 से अधिक जुबलेरियन सिस्टर्स मौजूद थीं। मुख्य वक्ता प्रफुल बड़ा ने मनोवैज्ञानिक रूप से होने वाले व्यक्तित्व के विकास के क्रम को बताया। दूसरे दिन इन्होंने बताया कि किस तरह से अलग-अलग उम्र में विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक समस्याएं आती हैं।

इन समस्याओं का उन्होंने समाधान भी बताया। तीसरे दिन आध्यात्मिकता से संबधित जानकारियां दीं और कहा कि मनुष्य के लिए आध्यात्मिकता जरूरी है। इस ओर बढ़ने का मार्गदर्शन भी उन्होंने किया। फादर ने जुबली मनाने वाली धर्मबहनों को काउंसलिंग की विधियां भी बतायी। धर्मसंघ की जनरल सिस्टर लीली ग्रेस टोप्नो के मार्गदर्शन में सिस्टर प्रभा खलखो संयोजिका थीं, जिनके संचालन में कार्यक्रम हुआ। सेमिनार को सफल बनाने में सिस्टर ललीता रोशनी लकड़ा व अन्य सिस्टर्स का सहयोग रहा। 23 धर्मबहनें ध्यान आश्रम कोलकाता में 8 दिनों की आध्यात्मिक साधना के लिए रवाना हुईं।

## चौथे सप्ताह भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नहीं हुई जनसुनवाई



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के व्यस्तता के कारण पिछले चार सप्ताह से जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए कांग्रेस भवन में प्रत्येक सोमवार को होनेवाला जनसुनवाई पर रोक लग गयी है। ज्ञात हो कि 28 अगस्त से झारखंड कांग्रेस कार्यालय में हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की जनसुनवाई शुरू की गयी थी। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मंत्री महीने के हर सोमवार को रोटेशन के आधार पर पार्टी कार्यालय में बैठ रहे थे, लेकिन पिछले चार सोमवार से कोई जनसुनवाई नहीं हो रही है। इससे आम जनता को परेशानी हो रही है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा का कहना है कि दिवाली, छठ पूजा और फिर गुरुनानक जयंती प्रकाश पर्व को लेकर जनसुनवाई स्थगित की गई थी। जनता के हित में फिर दोबारा अगले सोमवार से जनसुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि इस सोमवार को जिस मंत्री का जनसुनवाई के लिए रोटेशन तय किया गया था, वे अपने क्षेत्र में व्यस्त थे, इसलिए जनसुनवाई नहीं हुई। देश के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मिली हार से कांग्रेस विचलित नहीं है। अगले सोमवार से नियमित जनसुनवाई होगी।

## खबर एक नजर में

### डीएसपीएमयू में 6-7 को कुड़माली भाषा सम्मेलन

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कुड़मालि भाषा सम्मेलन 6 एवं 7 दिसंबर 2023 को आयोजित होगा। यह सम्मेलन साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा। इसमें कुड़मालि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से संबंधित विविध विषयों पर विभिन्न विद्वान द्वारा आलेख पाठ प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की ओर से अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव, अध्यक्ष माधव कौशिक, उपसचिव एन. सुरेश बाबु, कुलपति डॉ. केशरी लाल वर्मा आदि आयोजक के रूप में आयेंगे। इसमें झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा आदि के कुड़मालि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रेमी भाग लेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 8 सत्र होगें। सम्मेलन में आलेक पाठकर्ता के अलावे शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी-भाषा-साहित्य-संस्कृति प्रेमी शामिल हो सकते हैं।

### विहिप ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने गढवा बाई पास अन्तर्गत अचला नावाडीह ग्राम स्थित अवैध कब्रिस्तान के ऊपर से असंवैधानिक तरीके से बनने वाली फ्लाईओवर का प्रस्ताव के विरुद्ध भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी वाई बी सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मार्ग बनने में अनेकों मंदिरों को विभागीय दबाव अथवा सहमति से स्थान परिवर्तन करके बनाने का कार्य किया जाता रहा है। लेकिन, अवैध रूप से गैरमजरूआ जमीन को कब्जा कर मात्र लगभग 100 मीटर की भूमि में बने कब्रिस्तान के ऊपर से फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्तावित है। यह निर्माण का प्रस्ताव असंवैधानिक है। उन्होंने कहा फ्लाई ओवर निर्माण के प्रस्ताव से गांववालों सहित हिंदू समाज की भावना को काफी ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों ने कार्य बन्द कराकर कार्य करने वाली संवेदक शिवालय के कैम्प में कार्य नहीं करने हेतू आवेदन भी दिया है। इस संबंध में परियोजना निदेशक, डालटनगंज को भी हो रही असंवैधानिक कार्य को बन्द कराने के लिये दिनांक 30 नवंबर को आवेदन दिया गया है। डॉ साहू ने आग्रह किया कि तुष्टीकरण की नीति छोड़कर निविदा के नियमानुसार व संवैधानिक तरीका से ही सडक बनावें। प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, ज्ञानदेव झा, महेंद्र मिश्रा, गोविंद वाल्मीकि, अरविंद तिवारी, राजू रजक, साहिल मंडल, अमित साहु, संतोष एविक्रम विकी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिहार एपीओ में सुबोध लॉ क्लासेस के छात्रों का चयन





**रांची।** रांची के शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ क्लासेस के कई छात्र बिहार एपीओ परीक्षा में सफल घोषित किए गए हैं। संस्थान को उज्जवल आनन्द को 342वां एवं आदिती राज को 605वां रैंक (महिला) प्राप्त हुआ है। आदिति राज पिछड़ा वर्ग महिला ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक सुबोध कुमार ने सफल छात्रों को बधाई दी एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान में निदेशक ने बताया कि झारखण्ड न्यायिक परीक्षा के लिए विशेष बैच का संचालन किया जा रहा है, इच्छुक छात्र संस्थान में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### बिशप फेलेक्स टोप्पो 12 दिसंबर को बेड़ो के दिघिया पेरिस में हॉस्टल का करेंगे उद्घाटन



**रांची।** बिशप फेलेक्स टोप्पो 12 दिसंबर को बेड़ो के दिघिया पेरिस में हॉस्टल का उद्घाटन करेंगे। यह 100 लड़कों की क्षमता वाला ब्यॉज हॉस्टल है। इसी दिन क्रिसमस गैदरिंग भी मनाया जाएगा। 17 दिसंबर को संतमरिया महागिरजा घर में पेरिस डे कार्यक्रम होगा। 19 दिसंबर को मखमंदरो में नये गिरजाघर का आशीष और उद्घाटन किया जाएगा। जहां एक साथ 700 विश्वासी मिलकर यीशु की विनती कर सकेंगे।

### राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** भारतीय साइकिलिंग फेड्रेशन ऑफ इंडिया एवम झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची में 75वां सीनियर महिला एवम पुरुष, 52वां जूनियर, 38वां सब जूनियर बालक एवम बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के पांचवे दिन सोमवार को समापन हो गया। ओवरऑल चैंपियनशिप चैंपियन रेलवे 86 पॉइंट के साथ विजेता, राजस्थान 73 पॉइंट के साथ विजेता, बेस्ट वुमन साइकिलिस्ट ऑफ द चैंपियनशिप सरिता कुमारी झारखंड 3 गोल्ड के साथ, पुरुष में खेताराम जीगा राजस्थान तीन गोल्ड और एक सिल्वर के साथ और बेस्ट साइकिलिस्ट का चैंपियनशिप बना वूमेन मे सीनियर में रेलवे विजेता, राजस्थान उपविजेता, जूनियर में राजस्थान विजेता, तमिलनाडु उपविजेता, सब जूनियर और यूथ में राजस्थान विजेता मणिपुर उपविजेता बना। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सांसद विजय हांसदा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पारंपरिक अंग वस्त्र एवं चैंपियन की जर्सी प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए शब्बीर हुसैन ने भी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं एशियाई साइकलिंग महासंघ के महासचिव ओंकार भी उपस्थित हुए।

# विश्वविद्यालय में कई नयी अकादमिक गतिविधियां जल्द होंगी शुरू : वीसी

## कुलपति की अध्यक्षता में डीएसपीएमयू में विभिन्न अकादमिक मुद्दों को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में सोमवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, वोकेशनल पाठ्यक्रमों के निदेशक, समन्वयक और सहायक समन्वयकों की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालयों से जुड़े विभिन्न अकादमिक और प्रशासनिक मसलों पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसमें मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के अंतर्गत पीएचडी शोध कार्य के लिए कोर्स वर्क पंजीकरण से संबंधित कई बिंदुओं पर बातचीत की गई। बैठक में वर्तमान सत्र के तहत विश्वविद्यालय में लागू नई शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन के विभिन्न बिंदुओं के समीक्षावार मूल्यांकन के साथ उसे अधिक गुणवत्ता प्रदान करने पर गहन संवाद और विचार किया गया। बैठक में नयी शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत वर्तमान सत्र से लागू पारंपरिक और वोकेशनल के सिलेबस पर विभागावार विस्तार से आपसी चर्चा की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी विभाग से संबंधित अकादमिक और अन्य गतिविधियों के क्रियान्वयन पर संवाद कर उसे लागू करने पर सहमति बनी। इस दौरान सभी डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयकों ने प्रत्येक मसलों पर अपनी राय दी। कुलपति डॉ शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के लिए नए पाठ्यक्रम में अकादमिक तौर पर कई सकारात्मक बिंदुओं का समावेश किया गया है। इसे सही रूप से क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। साथ ही विश्वविद्यालय के शोधकार्यों में और अधिक गति प्रदान करने के साथ आईक्यूएसी सेल के माध्यम से अकादमिक और शोध कार्यों में कैसे वृद्धि की जाए, यह भी आपसी संवाद और मंथन के द्वारा तय करना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने इसी क्रम में कहा कि विगत कुछ समय से विश्वविद्यालय की अकादमिक, प्रशासनिक और वित्तीय मसलों के त्वरित निराकरण के लिए नियमित अंतराल पर इस प्रकार की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि इसके माध्यम से आपसी संवाद और सहमति से तत्काल आवश्यक मसलों पर अंतिम निर्णय तक पहुंचना संभव हो सके। इस बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, सभी संकायों के डीन, सभी विभागाध्यक्ष, वोकेशनल पाठ्यक्रम के निदेशक, समन्वयक और सहायक समन्वयक शामिल थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# शूटर अमन सिंह गिरोह से जुड़े आशीष ने करायी हत्या ऑडियो आया सामने, कहा- धनबाद किसी के बाप का नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद में रविवार को दिनदहाड़े जेल के अंदर कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो है। वह बाइक चोरी के आरोप में जेल आया था। इधर, अमन सिंह की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुई, ऑडियो में आशीष रंजन की आवाज है। कहा जा रहा है कि आशीष रंजन ने अमन सिंह की हत्या करवाई है।

**सैकड़ों कैदियों में मचा दिया हड़कंप :** सैकड़ों कैदियों के बीच इसे अंजाम दिया बाइक चोर सुंदर महतो ने, जिससे पुलिस अब पूछताछ कर रही है। कहा जा सकता है कि अमन सिंह की हत्या के लिए बाइक चोरी मामले में रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो जेल गया था। इसके बाद ही पूरे प्रकरण को रचा गया और अमन सिंह की हत्या कर दी गई।

**अपराधी आशीष रंजन अमन सिंह का था करीबी :** अभी तक की मिली जानकारी के अनुसार अमन सिंह की हत्या की साजिश रचने वाला आशीष रंजन पहले अमन सिंह की करीबी हुआ करता था लेकिन समय बीतने के साथ दोनों में आपसी रंजिश हो गई जिसके बाद आशीष ने अमन सिंह के उपर गोली चलवा दी। आशीष का नाम पहली बार वीर कुंवर सिंह कालोनी के जमीन कारोबारी समीर मंडल हत्याकांड में आया था। इसमें आशीष के साथ पार्टनर सतीश साव उर्फ गांधी भी था, जो इन दिनों धनबाद जेल में बंद है। इस हत्या के बाद आशीष की गिरफ्तारी हुई थी। बेल पर बाहर आने के बाद 12 मई, 2021 को वासेपुर के जमीन कारोबारी लाला खान की गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इसमें अमन सिंह के साथ आशीष रंजन और वासेपुर के मिस्टर खान का नाम आया था। पुलिस इस कांड में आशीष रंजन उर्फ छोटू की तलाश कर ही रही थी, इस बीच कतरास निवासी पुलिस मुखबिर नीरज तिवारी की हत्या गोली मारकर दी गई। कांड में रौनक व रोहित गुप्ता के अलावा आशीष रंजन का नाम आया था, तब से वह फरार है।

### अमन के हर कांड में आता था आशीष रंजन का नाम

डा. समीर कुमार से रंगदारी, किया शोरूम में बमबाजी सहित अमन के इशारे में सभी अपराध का जब भी इंटरनेट मीडिया पर कबूलनामा आता, तो उसमें आशीष रंजन उर्फ छोटू का नाम आता था।

स्पीड न्यूज

## देवेंद्रनाथ की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली।** सिल्ली निवासी देवेंद्र नाथ सोनार (52 वर्ष) की बीती रात रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर से सिल्ली एवं आसपास क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। हंसमुख देवेंद्र नाथ सोनार मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। ज्ञात हो कि पिछले 25 नवंबर को देवेन्द्र नाथ सोनार नामकुम से अपनी बेटी के साथ स्कूटी से सिल्ली आ रहे थे। इसी क्रम में रांची पुलिया पथ पर हेंसाडीह के समीप अनियंत्रित होकर स्कूटी से गिर पड़े, जिससे उनकी बेटी को मामुली चोट आई। वहीं देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान रविवार रात 8.30 बजे उनकी मृत्यु हो गई।

## मुरी पुलिस ने एक को हिरासत से छोड़ा

**मुरी।** मुरी ओपी पुलिस ने पूर्व पार्षद भारती देवी पर चाकू से हमले के मामले में पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर छोड़ दी। मो हारून जिसकी मुरी स्टेशन रोड पर जूते की दुकान उसे हिरास में लिया गया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया।

## वन विभाग ने दिया तीन चेक डैम निर्माण का प्रस्ताव

**खलारी।** ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के चैयरमैन अमरदीप कौशल के द्वारा खालरी और बुढ़मू प्रखंड के राय और तिरु पंचायत में फॉरेस्ट विभाग द्वारा 3 चेक डैम का प्रस्ताव डीएफओ रांची को दिया गया है। इस कार्य से जंगली जानवरों और को पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### चार-पांच की संख्या में आये हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# बेड़ो में सड़क निर्माण में लगे दो वाहनों को अपराधियों ने फूंका

**आरकेडी कंपनी ने दर्ज करायी प्राथमिकी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पोकलो ढोढ़हा के समीप अज्ञात चार .पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने रांची गुमला रोड पर काम करनेवाली आरकेडी कंपनी के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जिसमें दो वाहनों में क्रमशः टेंडम रोलर 20 पूरी तरह जल गई। वहीं दूसरा वाहन पीटीआर 02 आंशिक रूप से क्षति हुई है। घटना रविवार की रात करीब ढाई बजे की है। वहीं घटना के कारणों का अबतक कोई पता नहीं चल पाया है। इस संदर्भ में आरकेडी कंपनी के प्रबंधक कृपा सिंधु बेहरा ने बेड़ो थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार रांची गुमला मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य करा रहे आरकेडी कंपनी के दो वाहन वहां खड़े थे। इसी बीच रविवार की रात करीब ढाई बजे अज्ञात चार पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधकर्मी चल रहे निर्माण कार्य के साईट पर आ धमके। अपराधियों ने वहां सो रहे कंपनी के लोगों को गाली ग्लौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। इसके बाद दो वाहनों में आग लगा दिया। जिससे आरकेडी कंपनी का एक वाहन टेंडम रोलर 20 पूरी तरह जल गई। वहीं पास पर खड़ा



अपराधियों द्वारा फूंका गया वाहन।

दूसरा वाहन पीटीआर 02 को अगलगी में आंशिक क्षति हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने घटना की छानबीन करते हुए घटनास्थल का जायजा लिया। इधर आरकेडी कंपनी के टैंकर से ही पानी का बौछार कर भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना से आसपास में दहशत व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है।

## 15 दिन के अंदर एक ही दुकान में तीन बार चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना से महज 100 मीटर की दूरी स्थित जनता किराना दुकान से 15 दिनों में चोरों ने तीन बार चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हजारों रुपए के किराना के सामान अपने साथ ले उड़े। किराना दुकान संचालक रौशन आलम ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह रविवार की रात 8रू00 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। वहीं सोमवार की सुबह वापस दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के दरवाजा और ताला टूटा पड़ा है। इसके बाद हमने अंदर जाकर देखा तो दुकान के अंदर दुकान में रखें हॉर्लिक्सएजीरा गोलकी डेयरी मिल्क चॉकलेट सहित महंगे दुकान के समान को चोरों ने अपने साथ चोरी कर ले गए। वही चोरों ने इस बार रौशन आलम के बड़े भाई हफीज आलम के दर्पण स्टोर नाम के श्रृंगार स्टोर में छप्पर उजाड़ कर चोरों ने श्रृंगार दुकान में चोरी किया है। रौशन आलम ने बताया कि आज से लगभग एक सप्ताह पहले भी दुकान में दो बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर छत के सहारे दुकान के अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं।

## एक नजर में

## बाइक से आये अपराधियों ने की हवाई फायरिंग

- हिसरी गांव में चारदीवारी कार्य को रुकवाया
- गोली चलने के बाद भाग खड़े हुए मजदूर

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के हिसरी गांव में सोमवार की दोपहर लगभग दो बजे गोलियों की आवाज से गांव दहल उठा। जानकारी के अनुसार गांव में एक जमीन पर रांची के एक व्यक्ति द्वारा चहारदीवारी का कार्य किया जा रहा था। इसी बीच एक मोटरसाइकिल से आए तीन अज्ञात अपराधियों ने आठ राउंड हवाई फायरिंग करते हुए काम को बंद करा दिया। कुछ समय के लिए घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर तीन खोखा बरामद कर मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद सभी मजदूर भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## इटकी में आरओबी के लिए रेल अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल



**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन के समीप अंडरपास रोड का विरोध और समपार फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर आंदोलनरत ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में सोमवार को डीआरएम कार्यालय में रेलवे अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में अंडरपास को बनाने व ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए समपार फाटक को बंद नहीं करने का निर्णय लिया गया। वहीं समपार स्थल पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। वार्ता में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, डीआरएम जेएस बिंद्रा, डीईएन सौरभ कुमार, एडीईएन एसएन शर्मा, अशोक कुमार व प्रतिनिधि मंडल के राजन किस्पोट्टा, अबुबकर सिद्दीक, उरूज अंसारी, उबार्नुस टोप्पो, खुर्शीद अंसारी, शमीम अंसारी, सुनील उरांव व फजले अंसारी शामिल थे।

## जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग

**सिकिदिरी।** खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम को पत्र लिखकर जर्जर सड़क की मरम्ती कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पांच वर्ष पूर्व अनगड़ा, ओरमांझी, नामकुम और नगड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इनमें अनगड़ा के बोंगईबेड़ा पंचायत के घोड़लता से सिरपा होकर गौतम धारा जोन्हा सड़क शामिल है।

# परिजन पहुंचे थाना, गिरफ्तारी की मांग की

**बंडा मेला गये युवक की मौत का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ईचादाग बंडा जतारा देखने गए ओयना पिठोरिया के 18 वर्षीय युवक पंकज करमाली की मौत पर स्वजनों द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। 29 नवंबर को मेला देखने ले गए गांव के उसके चार दोस्तों छोटू मुंडा, संतु नायक, गोगवा मुंडा व संजय सोनार पर ही स्वजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। 30 नवंबर को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा तापे से शव बरामद किया गया था। घटना के



मृतक पंकज करमाली की गमगीन पत्नी और मां।

पांच दिन बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को मृतक की पत्नी, मां, बहन व अन्य स्वजन थाना पहुंचीं और पुलिस से आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। अपने छह माह की बेटी को गोद में लेकर थाना पहुंची मृतक की पत्नी गीता देवी, मां बितनी देवी, बहन छोटी कुमारी सहित अन्य स्वजनों ने कहा कि पंकज मेला जाना नहीं चाह रहा था। उसके दोस्तों ने ही जबरन उसे लेकर मेला गये थे। सभी लौट आए लेकिन मेरा बेटा नहीं लौटा। घटना स्थल से मृतक की ग्लेमर बाइक बरामद की गई थी, लेकिन उसका स्मार्ट फोन नहीं मिला था।

# घर का ताला तोड़ 20 हजार नकद समेत 14 लाख के जेवरात की चोरी

**रिटायर्ड फौजी के घर दिया घटना को अंजाम**

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के सुतियाम्बे गांव में अज्ञात चोरों ने बन्द घर से दरवाजा में लगे ताले को तोड़कर नगद 20000 हजार समेत सोने के कई कीमती जेवर ले गए। इस संबंध में पीड़ित रघुनंदन ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को अपने परिवार समेत सभी लोग अपने एक रिश्तेदार के यहां डाल्टनगंज गए थे। 4 दिसंबर को सुबह घर वापस आया तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और अंदर से दरवाजा भी लॉक है। घबराकर जब पीछे के दरवाजे से जाकर देखा तो पाया कि घर में लगे सभी दरवाजा खुला हुआ था और घर का समान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। अलमारी को देखा तो लॉक टूटा हुआ था और सामान नीचे फेंका हुआ था। वहीं अलमारी में रखे 20000 हजार रुपये भी गायब थे एवं उसमें रखे जेवर जिसमें पांच झुमका सोने का, दो गले की चेन, 10 सेट चांदी का पायल, दो नौलखा हार सोने का, सोने का गले का साधारण चैन, सभी का जिसकी कीमत 14 लाख रुपए हैं। रघुनंदन ठाकुर ने पिठोरिया थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। बताते चलें कि रघुनंदन ठाकुर रिटायर्ड फौजी हैं।

# मैक्लुस्कीगंज जेनेट एकेडमी में विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्थित हेसालोंग जेनेट एकेडमी विद्यायल में विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान और हस्तकला प्रदर्शनी में स्कुल के विद्यार्थियों ने को तरह के आधुनिक मॉडल विविध मौडल तैयार किए यथा माडन हाइवे, लाई फाईए कंप्यूटर कैलकुलेटर, चंद्रयान-3 रेन वाटर हार्वेस्टिंग कोयला उत्पादन प्राकृतिक संसाधन स्मॉक आबजर्वर सहित अन्य आधुनिक युग का प्रचलन को झलकियां प्रदर्शित किया गया। वही हस्तकला में कागज से बनी गुड़िया मछली माचीस की तिलियों से बना घर कॉटस से बनी गुडिया टेडी वियर मिट्टी से बना मूर्तियाँए दीप.सज्जाए श्री.डीए भूमि चित्र आदि सहित अन्य कलाओं का प्रमुख आकर्षण केंद्र थे। इससे पूर्व विज्ञान साह हस्तकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता में उद्घाटन जज के रूप में आये आदर्श उच्च विद्यालय से शिक्षक जय प्रकाश यादव के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी को पूरे दिन अभिभावकों व ग्रामीणों को देखने लिए लोगों का तांता लगा रहा। सभी मॉडलों में प्रथम पुरस्कार एंटी ब्रेकेटिंग सिस्टम का निर्माण दाता गौतम रंजनए यश कुमारए अमर कुमार और शुभम कुमार मिला। द्वितीय पुरस्कार सैमूवल सिंह, साहिल और रोशनी कुमारी को मिला।

# ट्रक के धक्के से ऑटो सवार पांच यात्री घायल

**मरियाटांड़ की घटना सीएचसी में इलाजरत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के ब्रजपुर मरियाटांड़ स्थित वैष्णवी फ्यूल्स के समीप सोमवार को दिन के करीब 3.30 बजे अनियंत्रित ट्रक पीबी 11 सीबी 5370 के धक्के से समान दिशा में जा रही पियागो ऑटो के पलटने से उस पर सवार एक बच्ची समेत पांच यात्री घायल हो गये। वहीं सड़क किनारे खड़ी स्कार्पियो को भी ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे स्कार्पियो क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों में मांडर के सोसई निवासी 50 वर्षीय एमिएल एक्का व 65 साल के सामुएल मिंज, पुनगी की 60 वर्षीय झालो उरांव, 27 साल की शारदा देवी और उसकी पुत्री 4 वषीय प्रज्ञा कुमारी शामिल हैं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मामूली रूप से जख्मी लोगों को डॉ प्रीति ने प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। सभी रांची से मांडर लौट रहे थे। दुर्घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गये हैं, लेकिन चालक बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक नशे में था।

## दब गये थे यात्री

ऑटो के पलटने से पांचो यात्री दब गये थे। इस बीच यहां अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। एमिएल एक्का के दाहिना कान व बांयी आंख के ऊपर चोटे आयी है। जबकि झालो उरांव के बांए गाल कट गया है। शारदा देवी के पेट और सीने में अंदरूनी चोट है। वहींए प्रज्ञा कुमारी का बांया हाथ फ्रेक्चर हो गया।

## बेड़ो : कार के धक्के से मां-बेटा घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे कार की चपेट में आने से बाइक सवार लोहरदगा रोड बेड़ो निवासी 60 वर्षीय मां फागुनी देवी पति पूरन महतो व 30 वर्षीय बेटा प्रदीप महतो गंभीर रूप घायल हो गए। जिसे समाजसेवी जुगेश उरांव ने सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। जहां डा काजोल ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।


## कोर्ट नोटिस

ब- अदालत
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय गढ़वा
ओरिजनल (OS) सूट नम्बर-186/2023
रामाशंकर कुमार, पिता-बृजमोहन राम, निवासी ग्राम व पोस्ट-मोरबे, थाना- मझिआंव, जिला- गढ़वा (झारखण्ड)
आवेदक
बनाम
नेहा कुमारी, पिता- अनिल राम, पता- ग्राम-लकड़ही, पोस्ट-मुरमाकला, थाना-उटारी रोड, जिला पलामू (झारखण्ड)
विपक्षी

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप (नेहा कुमारी) को सूचित किया जाता है कि आवेदक (रामाशंकर कुमार) ने विरूद्ध इस न्यायालय में ओरिजनल वाद संख्या 186/2023 (धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम) के अंतर्गत वैवादिक अधिकारों के पुनर्स्थापना हेतु दायर किया है, जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु नजारत एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्गत नोटिस दिनांक 31.07.2023 को आपको प्राप्त हो गयी है पर उसके बावजूद भी आप अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई। अत: आपको इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि इस वाद की अगली नियम तिथि दिनांक 03.01.2024 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन में इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा बाद की कार्यवाही आपके विरूद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION,
HATIA PROJECT, RANCHI**

**E-Request For Proposal Short Notice**
**1st Call**
**e-Tender Notice No.& LAB/DWSD/HATIAPROJECT/02/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Name of Work : REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of State / District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh / Chatra / Ramgarh /Koderma / Latehar/ Garhwa / Medininagar / Lohardagga / Simdega / Gumla / Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Patratu, Sub Divisional Lab-Ormanjhi, Sub Divisional Lab-Barwaadih and Sub Divisional Lab-Nagar Utaari) |
| 2. | परिमाण विपत्र मूल्य एव अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मूल्य (10,000) एव अग्रधन की राशि (2,00000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06.12.2023 at 1:00PM |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 11.12.2023 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 5 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.12.2023 at 5:00PM |
| 6 | ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 at 11:00AM |
| 7 | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Hatia Project Ranchi - 834002 |
| 8 | ई-मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 9 | ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9835068475 |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई-गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हटिया,योजना, राँची

PR 312653 Drinking Water and Sanitation(23-24).D


# संजय पाहन के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी

**कैंडल मार्च**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पांच गांव के पाहन राजा संजय पाहन की हत्या के विरोध में बूटी गांव से बूटी मोड़ तक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च डुमरदगा पंचायत की मुखिया काजल देवी के नेतृत्व में निकाला गया। कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। काजल देवी ने कहा कि श्री पाहन के हत्यारों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है, जो बहुत दुख की बात है। जेबीकेएसएस के सदस्य जितेंद्र महतो ने कहा कि पुलिस प्रशासन हत्यारों की गिरफ्तारी अविलंब सुनिश्चित करे अन्यथा आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा। कैंडल मार्च में राम ओहदार, समाजसेवी कर्मदेव बैठा, संजय महतो, महावीर मुंडा, मोहनलाल महतो, जुगुन मुंडा, मुन्नी पाहन, पार्वती देवी, मनोज मुंडा, रमेश मुंडा, बसंती देवी, अनीता देवी, अशोक



महतो, बंटी चौधरी, चंदन पांडे, शैलेश महतो, किरण देवी, कृष्णा महतो, करण ओहदार, पायल सोनी, अंकित बैठा, अजीत महतो, जुगल किशोर, पंकज बैठा, सत्यम ओहदार, रजनीकांत ओहदार, मीना देवी, राधा देवी आदि लोग शामिल हुए।

## अनगड़ा में दिव्यांग दिवस मनाया गया

**अनगड़ा।** दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच द्वारा अनगड़ा प्रखंड मैदान में सोमवार को दिव्यांग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि दिव्यांग भाई बहन कभी भी अपने मन में अपने आपको दिव्यांग कह कर कमजोर ना समझे। कार्यक्रम में दिव्यांगों के बीच व्हील चेयर और बैसाखी का वितरण भी किया गया। खेलकूद और संगीत प्रतियोगिता भी आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।


**कार्यालय
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० - 06553-231133,

**सूचना**

U-DISE Plus 2023-24 अंतर्गत School Profile, Teacher Profile तथा ई-विद्यावाहिनी में U-DISE Child Mandatory Data का अद्यतीकरण अनिवार्य रूप से www.udiseplus.gov.in तथा www.evidyavahini.jharkhand.gov.in पोर्टल पर किया जाना है, परन्तु अत्यंत खेद के साथ सूचित करना है कि 651 विद्यालय/महाविद्यालयों द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है।

निदेशानुसार सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों को निदेशित किया जाता है कि दिनांक-06.12.2023 तक संबंधित कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में CBSE affiliation Bye-laws rule no.-12.2.2 तथा झारखण्ड अधिविद्य परिशद, रॉंची के पत्रांक-2029, दिनांक-09.10.2020 के आधार पर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय/महाविद्यालयों का मान्यता रद्द करने तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का यू-डायस कोड रद्द करने हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR312645 (District)23-24*D


# पंडाडीह में पड़े 971 आवेदन, 211 का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के पंडाडीह पंचायत सचिवालय में अयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 971 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए 211 आवेदन का निबटारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश महतो उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारी और अधिकरियों की इच्छा शक्ति की परख होती है। आम जन को सेवा और सुविधा देना अपना दायित्व समझें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों




को अपनी जबावदेही के साथ राज्य व केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर काफी भीड़ रही। अधिकारियों ने सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के उपाय बताये। इस दौरान धोती, साड़ी, लुंगी व जॉब कार्ड, कंबल वितरण हुआ। वृद्धा, विधवा पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया।

## मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रभारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, बीडीओ खगेश कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पूर्व जिप सदस्य वीणा मुंडा, सुनील कुमार सिंह, उप प्रमुख सविता देवी, मुखिया गुड्डी देवी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा, बिजली विभाग सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, पंचायत सचिव राजेन्द्र सिंह मुंडा, बसंत महतो अंनत हजाम समाजसेवी अशोक कुमार महतो सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(विकास शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(o) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**-:: आम सूचना ::-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला नमामि गंगे अन्तर्गत जिला स्तर पर एक DPO (District Project Officer) का संविदा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु प्राप्त आवेदनों के दावा/आपत्ति के उपरान्त सूची रामगढ़ जिले के बेबसाईट https://ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। जिसकी विवरणी देखी जा सकती है।

इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 06.12.2023 को अपराह्न 03:00 बजे अपराह्न 04:30 बजे तक समाहरणालय के सभागार ब्लॉक A, B एवं जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में आहूत की गयी है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा की तिथि को अपराह्न 12:30 बजे तक अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/वोटर आईडी) मूल तथा छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ के साथ सूचना भवन, समाहरणालय परिसर, रामगढ़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, ताकि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र (ADMIT CARD) दिया जा सके। साथ ही, निदेश दिया जाता है कि :-

- काला बॉल पेन का उपयोग की मान्य होगा, परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा।
- परीक्षा प्रारम्भ होने की निर्धारित समय अपराह्न 03:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक होगा।
- अपराह्न 02:45 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों का प्रवेश वर्जित होगा।
- परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के दौरान किसी भी इलेक्ट्रोनिक गैजेट (मोबाईल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ब्लुटूथ डिवाईस, नॉट-बुक) ले जाना वर्जित होगा।

ह०/-
उपायुक्त, रामगढ़

PR 312685 District(23-24)#D

# टनल सुरक्षा पर सवाल

उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग से 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सराहनीय रहा है। भारतीय परियोजना प्रबंधन में ऐसी उपलब्धि यदा-कदा ही दिखती है। इस तरह, बचाव कार्य में उपकरणों से लेकर विशेषज्ञता सभी का साथ मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे इस बचाव कार्य पर नजर रख रहा था। थाईलैंड में भी 2018 में एक बार ऐसी ही घटना हुई थी। वहां एक फुटबॉल टीम के 12 किशोर लड़के एवं उनके प्रशिक्षक एक बाढ़ग्रस्त गुफा में फंस गए थे। उन्हें बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम तैयार की गई और कड़ी मेहनत के बाद 18 दिन बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका। सिलक्यारा घटना इस मायने में अलग है कि इसमें ज्यादातर स्थानीय एजेंसियों ने मोर्चा संभाल रखा था। थाईलैंड में ऊंची रकम पाने वाले ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के बचाव कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके उलट भारत में अंतिम क्षणों में बचाव कार्य की जिम्मेदारी भारतीय श्रम व्यवस्था में अत्यधिक पिछड़े एवं प्रायः उपेक्षित श्रमिकों ने अहम भूमिका निभाई। जब अत्याधुनिक मशीन उपकरण कुछ विशेष नहीं कर पाए तब रैट-होल कोयला खनिकों ने बहुत ही कम जगह में गैस कटर, कुदाल और खाली हाथों से मलबे की अंतिम परत हटाई। सच्चाई यह है कि इन खनिकों की यह अनूठी एवं पुरानी विशेषज्ञता नौ वर्ष पूर्व प्रतिबंधित होने के बाद अब भी मौजूद है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण और उच्चतम न्यायालय ने इस विधि पर प्रतिबंध लगा दिया था। रैट-होल माइनिंग पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में रोजगार की कमी के बारे में काफी कुछ कह जाती है। इन क्षेत्रों में रैट-होल माइनिंग विधि का इस्तेमाल होता है और सरकारी विभागों एवं उद्योगों की सांठगांठ से यह विधि अब भी अस्तित्व में बनी हुई है।

# कम होती आय

कोविड महामारी ने विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार की भयानक स्थिति को और भी बदतर बना दिया। सरकारी दावों स अलग रोजगार के क्षेत्र में जिस स्थिति में महामारी के पहले थे उसमें कमी आयी है। सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों की वास्तविक वेतन लागत वर्ष 2019-20 में 2.7 प्रतिशत तक घट गई। इसके बाद वर्ष 2020-21 के महामारी वाले वर्ष में यह 3.9 प्रतिशत तक और सिकुड़ गई। वर्ष 2021-22 की पहली दो तिमाहियों में वेतन इन गिरावटों से उबर रहा है। वर्ष 2021-22 की पहली दो तिमाहियों में वास्तविक वेतन में क्रमशः 10.4 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। विनिर्माण कंपनियों की कुल वेतन राशि सितंबर 2018 में समाप्त तिमाही से लेकर सितंबर 2020 की तिमाही तक दो साल से लगभग 530 अरब रुपये पर स्थिर रही, जो जून 2020 की तिमाही के बीच गिरकर 485 अरब रुपये रह गई। जाहिर है कि विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में महामारी से पहले और उसके दौरान दोनों ही बार अवश्य ही गिरावट आई थी। विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में गैर-वित्तीय सेवा क्षेत्र में वेतन तेजी से बढ़ा है। इसके परिणामस्वरूप गैर-वित्तीय सेवा क्षेत्र की कंपनियों द्वारा दिया जाने वाला वेतन अब विनिर्माण कंपनियों से अधिक हो गया है। गैर-वित्तीय सेवा कंपनियों की वेतन राशि में मुद्रास्फीति-समायोजित वृद्धि सितंबर 2019 के बाद से प्रति वर्ष 1.1 प्रतिशत और सितंबर 2018 से प्रति वर्ष 3.7 प्रतिशत की दर पर धनात्मक रही है। यह देश का वह क्षेत्र है जो सर्वाधिक रोजगार पैदा करता है। ऐसे में यह स्थिति चिंताजनक है। हालांकि गैर-वित्तीय सेवा क्षेत्र में रोजगार इस वैश्विक महामारी से उबर चुका दिखता है, जैसा कि वेतन राशि में परिलक्षित होता है, लेकिन विनिर्माण क्षेत्र के लिए अब भी अपने रोजगार को लगे महामारी से पहले और महामारी के झटकों से उबरना बाकी है।

# रोजगार को ही विकास का परिमाप बनाए






-भरत झुनझुनवाला

> सरकार के अनुमान में दूसरी समस्या यह है कि असंगठित क्षेत्र, जिसमें किराना दुकान, दर्जी, टैक्सी, छोटे स्कूल, डाक्टर, ढाबे इत्यादि आते हैं, इनके आंकड़े एकत्रित करना पहली तिमाही में असम्भव था। इसलिए सरकार ने इनके द्वारा उत्पादन में आयी गिरावट का अनुमान कैसे लगाया है, इसका ब्योरा उपलब्ध नहीं है। इसलिए सरकार द्वारा जो 23.9 प्रतिशत की गिरावट बताई गयी है, उस पर विश्वास नहीं होता है।

देश की आय को मापने के लिए देश में हुए उत्पादन का अनुमान लगाया जाता है। जैसे किसानों द्वारा कितने माल पर जीएसटी दिया गया, रेलवे ने कितनों को यातायात उपलब्ध कराया, बिजली की कितनी बिक्री हुई, इत्यादि। इन आधारों पर आकलन किया जाता है कि देश में कितना उत्पादन हुआ होगा। चूंकि हर ढाबे वाले से पूछना कठिन है कि उसने कितनी रोटी बेची। सरकारी अनुमान के अनुसार इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2020 में देश के कुल उत्पादन में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई है लेकिन जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर अरुण कुमार के अनुसार अप्रैल में जीडीपी में 75 प्रतिशत की गिरावट आई है, मई में 60 प्रतिशत और जून में 40 प्रतिशत । यानी औसत 58 प्रतिशत की गिरावट पहली तिमाही में आई है। इस प्रकार सरकार और अरुण कुमार के अनुमान में दुगने से ज्यादा का अंतर दिखता है पर वास्तविकता इन दोनों के बीच है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने जो जीडीपी का अनुमान लगाया है, वह कम्पनियों द्वारा प्रकाशित परिणाम के आधार पर लगाया है जो कि सही विधि है। लेकिन कोविड संकट के दौरान पहली तिमाही में विशेषता यह है कि केवल कुछ बड़ी कंपनियों जैसे मोबाइल टेलीफोन, बिजली एवं ई-कॉमर्स का ही कारोबार ठीकठाक चला है। तमाम छोटी कम्पनियों की हालत गड़बड़ रही है लेकिन इन छोटी कम्पनियों द्वारा अपने परिणाम प्रकाशित नहीं किये गये हैं। इसलिए यदि केवल प्रकाशित परिणामों के आधार पर जीडीपी का आकलन करें तो वह बड़ी सफल कम्पनियों के आधार पर हो जाता है जो कि अर्थव्यवस्था की सही स्थिति को नहीं बताता है। सरकार के अनुमान में दूसरी समस्या यह है कि असंगठित क्षेत्र, जिसमें किराना दुकान, दर्जी, टैक्सी, छोटे स्कूल, डाक्टर, ढाबे इत्यादि आते हैं, इनके आंकड़े एकत्रित करना पहली तिमाही में असम्भव था। इसलिए सरकार ने इनके द्वारा उत्पादन में आयी गिरावट का अनुमान कैसे लगाया है, इसका ब्योरा उपलब्ध नहीं है। इसलिए सरकार द्वारा जो 23.9 प्रतिशत की गिरावट बताई गयी है, उस पर विश्वास नहीं होता है।

सरकार ने यह भी कहा है कि इस तिमाही में कृषि में 3.4 प्रतिशत की जीडीपी में वृद्धि हुई है। इस पर भी संदेह उत्पन्न होता है। अरुण कुमार के अनुसार अप्रैल में हमारी मंडियों में 50 प्रतिशत की आवक कम हुई है। पर नींबू का मूल्य जो 40 रुपये प्रति किलो पूर्व में था, वह इस अवधि में गिरकर 25 रुपये हो गया है। यदि फल-सब्जी के दाम गिरते हैं तो जीडीपी उसी अनुपात में गिरता है। जैसे 1 किलो नींबू यदि 25 रुपये में बिके तो वह जीडीपी में 25 रुपये की वृद्धि करता है। वही नींबू यदि 40 रुपये में बिके तो जीडीपी में 40 रुपये की वृद्धि होती है। क्योंकि इस अवधि में कृषि उत्पादों के दाम में गिरावट आई है, इसलिए कृषि की जीडीपी में वृद्धि हुई, इस पर विश्वास करना कठिन हो जाता है। यह मान भी लें कि कृषि में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई तो भी कृषि क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ाने में भरोसा करना उचित नहीं होगा। कारण यह कि जीडीपी में कृषि का हिस्सा मात्र 14 प्रतिशत है। 14 प्रतिशत में यदि 3.4 प्रतिशत की वृद्धि हो तो कुल जीडीपी में 0.24 प्रतिशत की वृद्धि कृषि के कारण हो सकती है जो कि नगण्य है।

जीडीपी के कमजोर होने का एक और आंकड़ा छोटे उद्यमों को दिए गये ऋण का है। रिजर्व बैंक के अनुसार बैंकों द्वारा मझले, छोटे एवं अति छोटे उद्योगों को मार्च 2020 में 11.49 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था। अप्रैल-मई में इसमें गिरावट आई, जून में यह सुधरा और 11.32 लाख करोड़ तक पहुंच गया जो कि मार्च से कम था। लेकिन विचारणीय यह है कि छोटे उद्योगों को जो 3 लाख करोड़ रुपये का सरकार ने ऋण का पैकेज जारी किया था, उसके बावजूद कुल ऋण में वृद्धि क्यों नहीं हुई? ऐसा प्रतीत होता है कि बैंकों ने छोटे उद्योगों को दिए पुराने ऋण का भुगतान ले लिया और नये ऋण उन्हें दे दिए। इस प्रकार कुल ऋण पूर्ववत रहे। यह एक और संकट का द्योतक है। इस अवधि में इनका उत्पादन प्रभावित हुआ है और अपने को जीवित रखने के लिए इन्होंने ऋण लेकर अपने को जीवित रखा है। जैसे आईसीयू में मरीज को कुछ समय के लिए भर्ती किया जाता है। इस ऋण को विकास नहीं मान सकते। यह ऋण लेना संकट को बताता है। कुल मिलाकर परिस्थिति यह है कि सरकार द्वारा जो 23.9 प्रतिशत की जीडीपी में गिरावट बताई जा रही है, वह वास्तव में इससे अधिक है। यद्यपि अरुण कुमार द्वारा 58 प्रतिशत की जो गिरावट बताई जा रही है, उसके पीछे कोई ठोस आंकड़े नहीं दिए गये हैं। इसलिए वह वास्तविकता से अधिक दिखती है। बहरहाल इतना स्पष्ट है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत अच्छी नहीं है।

इस परिस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत सरकार को सलाह दी है कि वह अपने निर्यात बढ़ाये और वैश्वीकरण को और पुरजोर तरीके से अपनाए, जिससे विदेशी पूंजी मिले इत्यादि। ऐसा ही हम पिछले 6 वर्षों से करते आ रहे हैं लेकिन हमारा जीडीपी लगातार गिर ही रहा है। इस समय इस नीति को अपनाना और ज्यादा घातक होगा। कारण यह कि संकट के समय जब हम वैश्वीकरण को अपनाते हैं तो दूसरे देशों में बना सस्ता माल अपने देश में प्रवेश करता है और हमारे उपभोक्ता के रोजगार साथ -साथ समाप्त हो जाते हैं। रोजगार समाप्त होने से उसके हाथ में क्रय शक्ति नहीं बचती और वह माल दुकान में पड़ा रह जाता है तथा बिक नहीं पाता। इसलिए हमारे सामने विकल्प यह है कि हम जनता को रोजगार उपलब्ध करायें अथवा सस्ता माल? पर रोजगार उपलब्ध करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। रोजगार उपलब्ध हो तो व्यक्ति महंगा माल भी बर्दाश्त कर लेता है। लेकिन यदि रोजगार न हो तो दुकान में रखा सस्ता माल भी व्यर्थ है।

इसलिए सरकार को चाहिए कि तत्काल विदेश से आने वाले तमाम माल पर आयात कर में भारी वृद्धि करे, जिससे देश के बंद उद्योगों का काम फिर से चालू हो जाये। इन उद्योगों का माल बिकने से इनके द्वारा रोजगार उत्पन्न किये जायेंगे, जिससे पुनः बाजार में माल की मांग उत्पन्न होगी और अर्थव्यवस्था चल निकलेगी।

## खास बात

### खिलौना से कितना खेलें बच्चें

**नागेन्द्र सिंह**

**खिलौना** शब्द स्मरण में आते ही, अनेक प्रकार के खिलौने स्मृति में स्वरूप ग्रहण करने लगते हैं। खिलौनों को बच्चों के खेलने की वस्तु भले ही माना जाता हो, लेकिन ये आकर्षित सभी आयु वर्ग के लोगों को करते हैं। बच्चों के शैशव से किशोर होने तक खिलौने उनकी परवरिश के साथ, उनमें रचनात्मक विकास में भी सहायक हैं। खिलौनों का भारत के परिप्रेक्ष्य में कमजोर पहलू यह है कि हम खिलौनों का बड़ी मात्रा में आयात चीन से करते हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं तो इतनी अनूठी हैं कि ये बाल मनोविज्ञान का पूरा शास्त्र हैं। भारत में खिलौना निर्माण लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन था और कागज, धातु व लकड़ी से स्थानीय व घरेलू संसाधनों से बनाए जाते थे। जब रबर और प्लास्टिक का आविष्कार हो गया तो इनके खिलौने भी बनने लगे। ऑटो-इंजीनियरिंग अस्तित्व में आई तो चाबी और बैटरी से चलने वाले खिलौने बनने लग गए। नौवें दशक में जब कंप्यूटर व डिजीटल क्रांति हुई तो खिलौनों का रूप परिवर्तन हो गया। खिलौनों का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने के बाद भारत ने चीनी खिलौना कंपनियों के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन सरकार वाकई चीनी उद्योग और उद्योगपतियों को पछाड़ना चाहती है तो नीतियों को उदार बनाने के साथ प्रशासन की जो बाधाएं पैदा करने की मानसिकता है, उस पर भी अंकुश लगाना होगा।

# जटायु से संघर्ष

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी महाराज**

**रावण** सीताजी का हरण करके चला तब जटायु रास्ते में ही थे। उन्होंने दूर से ही पूछा? नारी अपना परिचय दो, तुम कौन हो? क्या श्रीराम की पत्नी सीता हो? क्या जनक नंदनी हो? क्या दशरथ की पुत्रवधू हो? जब हां उत्तर मिला तो जटायु तलवार लेकर खड़ा हो गये। उन्होंने कहा मैं रथ आगे नहीं ले जाने दूंगा। वीर जटायु ने अतिवीरता दिखायी। यद्यपि वह रावण के बराबर बलशाली नहीं था । वह जटायु को धायल कर सीता को लेकर चला गया।

जब लक्ष्मण सीताजी की बात सुनकर जंगल जा रहे थे तब रामजी वापस हो रहे थे। राम ने कहा लक्ष्मण सीता को अकेले छोड़कर क्यों आ गये? लक्ष्मण बोले मैं क्या करता ऐसी बात बोली कि मुझे उन्हें छोड़कर आना पड़ा। श्रीराम ने कहा ये आपने क्या कर डाला। कुटिया में आने पर दूर से ही कुटिया सूनी लगी। राम विलाप करने लगे। मेरी सीता को कोई हरण कर लिया हे और दोनों भाई आगे बढ़े। निकटवासी गिद्धराज ही थे जो अपने थे। इनलोगों ने वहां जाना उचित समझा। जब कुछ दूर आगे बढ़ें तो इन्होंने समझा कि कोई रथ आया है और लौटा भी है। रथ आने में पहिया सीधा आ रहा है लेकिन जाने में झाड़-झंखार से होकर जाता था रथ टेढ़ा-मेढ़ा गया था। श्रीराम ने कहा लक्ष्मण लगता है किसी ने रथ रोकने का प्रयास किया है और सीता का अपहरण रथ पर ही हुआ है। आगे बढ़ने पर उन्होंने देखा कि खून की कुछ बूंदें गिरी हुई है। श्रीराम ने कहा लड़ाई हुई है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




**जहां** तक रास्ता दिख रहा है,
वहां तक चलिए।
आगे का रास्ता
वहां पहुंचने के बाद
दिखने लगेगा।
-अनुपम खेर

## रोचक ट्वीट

**इंटरनेट** अर्थव्यवस्था और समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। हाशिए पर रहने वाले लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भेदभाव को समाप्त करना होगा।ऑनलाइन साझा की गई सामग्री का स्वामित्व तय करना भी महत्वपूर्ण है। – महेश पोद्दार, सांसद





**ताश** के पत्ते जब
पुराने हो जाते हैं,
तो उन्हें जोकरों से
बदल दिया जाता है।
-सोनू सूद, हीरो

# क्यों इतनी घुमक्कड़ी करने लगे हिन्दुस्तानी

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

**आप** देश के किसी भी हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन पर चले जाएं। आपको वहां पर एक जैसा नजारा ही देखने में आएगा। आने-जाने वाले मुसाफिरों की भीड़ नजर आएगी। लगता है कि सारा देश ही घूमने के मूड में है। जैसे ही दफ्तरों में दो-तीन दिन के एक साथ अवकाश आते हैं तो लोग उन छुट्टियों में कुछ और छुट्टियों को जोड़कर किसी पर्यटक स्थल के लिए निकल जाते हैं। उन्हें समुद्री तट से लेकर पहाड़ और अभयारण्यों से लेकर धार्मिक स्थल तक सबकुछ ही पसंद आ रहे हैं। एक बात और कि भारतीय सिर्फ देश के अंदर ही घूमकर संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें देश से बाहर जाना भी अच्छा खासा रास आ रहा है। बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है। भारतीय लंदन, पेरिस, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन और दूसरे शहरों के अलावा केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, दुबई, सिंगापुर,वियतनाम, सिडनी मेलबोर्न, पर्थ, हॉन्गकॉन्ग वगैरह जा रहे हैं। दुबई और सिंगापुर के बाजारों में घूमते हुए तो लगता है कि आप किसी भारतीय शहर में ही हैं। वहां पर हजारों भारतीय रोज पहुंच रहे हैं।

दरअसल आर्थिक उदारीकरण के बाद हिन्दुस्तानियों की आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने भी मन ही मन दुनिया को देखने का फैसला भी कर लिया। अब हिन्दुस्तानी कमाए हुए पैसे को गांठ में बांधने भर के लिए राजी नहीं है। उन्हें तो घूमना है। याद नहीं आता कि अब से पहले कब हिन्दुस्तानी आजकल की तरह से घूमने के लिए घर से निकले थे। बेशक, दुनिया को जानने के लिए यायावरी जरूरी है। आप अगर घूमेंगे ही नहीं तो दुनिया को जानेंगे-समझेंगे कैसे। घुमक्कड़ी की चर्चा होगी तो राहुल सांकृत्यायन जी का नाम तुरंत जेहन में आएगा। वे सदैव घुमक्कड़ ही रहे। उनकी सन 923 से विदेश यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर इसका अंत उनके जीवन के साथ ही हुआ। ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रेरित उनकी यात्राओं में श्रीलंका, तिब्बत, जापान और रूस की यात्राएं विशेष हैं। वे चार बार तिब्बत पहुंचे। वहां लम्बे समय तक रहे और भारत की उस विरासत को जाना, जो हमारे लिए अज्ञात और विस्मृत हो चुकी थी। वे 1907 में घर से भागकर चार मास तक कोलकाता में रहे। वे काशी में भी रहे। उन्होंने वहां रहकर संस्कृत का अध्ययन किया। वे पैदल ही अयोध्या होते हुए मुरादाबाद पहुंचे और वहां से हरिद्वार गए। हरिद्वार से हिमालय, देवप्रयाग, टिहरी, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की। फिर प्रयाग की प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकल गए।

गांधी जी भी बहुत बड़े घुमक्कड़ थे। वे रेलों से खूब सफर किया करते थे। घुमक्कड़ी के चलते उन्होंने देश के चप्पे-चप्पे को देखा और भारत को जाना। गुरु नानक देव जी ने 24 साल में दो उपमहाद्वीपों के 60 प्रमुख शहरों की पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने 28 हजार कि.मी. का सफर किया। उनकी यात्राओं का मकसद समाज में मौजूद ऊंच-नीच, जात-पांत, अंधविश्वास आदि को खत्म कर आपसी सद्भाव, समानता कायम करना था। वे जहां भी गए, एक परमात्मा की बात की और सभी को उसी की संतान बताया। बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आए थे। तो भारत में प्राचीनकाल से ही यायावरी करने वाले रहे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

– नीलेश, गढ़वा

### काहिली का तंत्र

**सीवरेज** सिस्टम किसी नगर या कस्बे में वह अधोसंरचना होती है जिसके द्वारा अपजल और सड़कों व सतहों पर पड़ने वाला अन्य वर्षा इत्यादि का जल नालियों द्वारा हटाया जाता है। देश में थोड़ी-सी बारिश होने के बाद बड़े-बड़े शहरों में कुछ ही मिनट में पानी भर जाता है। प्रभावी सीवेज सिस्टम बनाने की आवश्यकता है। शहरों को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

–अर्पिता, जमशेदपुर

# तीन राज्यों के चुनाव का एग्जिट पोल, बड़ा झोल

**योगेश कुमार गोयल**

## राजनीति

अधिकांश एग्जिट पोल में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सत्ता के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान लगाया था लेकिन कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी थे, जिनमें किसी में कांग्रेस की एकतरफा जीत का अनुमान व्यक्त किया गया था तो किसी में भाजपा की।

राजस्थान में आज तक-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस के 86-106 जबकि भाजपा के 80-100 सीटें जीतने का अनुमान लगाया था, वहीं जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें और भाजपा को 100-122 सीटें मिलने का अनुमान था। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान था जबकि भाजपा के 80-90 सीटों पर ही सिमटने की भविष्यवाणी भी थी जबकि दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 95-115 और कांग्रेस को 105-120 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई थी।

जन की बात के एग्जिट पोल में भाजपा को 100-123 और कांग्रेस को 102-125 सीटें मिलने का अनुमान था। टीवी-9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 106 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं। छत्तीसगढ़ में तो लगभग सभी एग्जिट पोल कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने की बात कही गई थी। राजस्थान में न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने भाजपा को 77-101, कांग्रेस को 89-113 और अन्य को 2-16 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया था। इसी प्रकार भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने क्रमशः 80-100, 86-106 तथा 9-18, टीवी9-पोलस्टार ने 100-110, 90-100 तथा 5-15, दैनिक भास्कर ने 95-115, 105-120 तथा 0-15 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की थी।

एबीपी-सी वोटर ने भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को क्रमशः 94-114, 71-91 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। चुनावी नतीजे देखें तो राजस्थान में भाजपा को 115, कांग्रेस को 69 तथा अन्य को 15 सीटें मिली हैं जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा को 164, कांग्रेस को 65 और अन्य को 1 सीट मिली हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में भी भाजपा तमाम एग्जिट पोल के अनुमानों से परे 54 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत हासिल करने में सफल रही है।

देखने वाली बात यह है कि इनमें से कई एग्जिट पोल के आंकड़ों में बड़ा अंतर था और साथ ही इनमें प्लस-माइनस का भी बड़ा खेल शामिल रहता है। यही कारण है कि एग्जिट पोल में किए जाने वाले दावों पर अब आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जाता क्योंकि ये केवल चुनाव परिणामों का पूवार्नुमान ही होते हैं और अभी तक कई बार ऐसा हो चुका है, जब विभिन्न एग्जिट पोल में किए गए पूवार्नुमान से चुनाव परिणाम बिल्कुल उलट रहे। यही कारण है कि एग्जिट पोल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डेटा एकत्रित किया जाता है। अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफेशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल करते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कटकमदाग पंचायत में लगा जनता दरबार


कार्यक्रम में शामिल लोग।

**कटकमदाग।** कटकमदाग में आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके-द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर उप समहर्ता जयंत कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार, प्रमुख कुमारी विनीता, मुखिया अंजू देवी व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का आगाज किया। मौके पर जेएसएलपीएस के दीदियों मे से 1 सखी मंडल को सीसीएल के तहत 6 लाख का चेक दिया गया। जरूरतमंद विधवा, विकलांग एवं वृद्ध के बीच 30 कम्बल वितरण किया गया। वही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 15 लाभुकों को साड़ी धोती दिया गया। साईकिल का चेक 10 बच्चे बच्चियों को बीच दिया गया। अबुवा आवास योजना के तहत 310 लाभुकों का आवेदन लिया गया। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 17 आवेदन लिया गया। सावित्रीबाई फूलों किशोरी समृद्धि योजना के तहत 19 आवेदन लिया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 10 लाभुकों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 31लाभुकों का आवेदन लिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 6 आवेदन लिया गया। मौके पर पंचायत सचिव गोकुल महतो, रामप्रसाद महतो, ब्रह्मदेव साव, अकास कुमार, सोनी कुमारी, दीपक रंजन, कृष्ण कुमार, लेखा पाल विकास कुमार, अंचल कंप्यूटर ऑपरेटर मिथिलेश कुमार, राजू कुमार आदि सैकड़ो कर्मी उपस्थित थे।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छह दिवसीय लेक्चर सीरीज शुरू


कार्यक्रम की जानकारी देते अतिथि व अन्य।

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज मुकुंदगंज, हजारीबाग में सोमवार को छह दिवसीय लेक्चर सीरीज (व्याख्यानमाला) शुरू हो गया। इसका विषय पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन रखा गया है। व्याख्यानमाला का शुभारंभ करते हुए सेवानिवृत्त सहायक संरक्षक, वन, वन्यजीव और जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड पंकज श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन का पाठ पढ़ाया। पर्यावरण ह्रास की वजह और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की स्थिति बिगड़ती जा रही है। इस कारण प्रदूषण वृद्धि, ओजोन परत का क्षरण, बारिश में कमी और जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने जल, वायु और मृदा प्रदूषण की जानकारी दी। इससे पहले कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने अतिथि का परिचय कराते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंच संचालन प्रशिक्षु प्रीति कुमारी ने किया। व्याख्यानमाला में आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, एसएस मैती, अनिल कुमार, गुलशन कुमार, संदीप खलखो, डॉ दीपमाला, दशरथ कुमार, रचना कुमारी, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा समेत सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

### दिव्यांग क्रिकेट के फाइनल में जीतने से चुका झारखंड


सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**रामगढ़।** प्रदेश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस पर चल रहे प्रथम दिव्यांग त्रिकोणीय टी - 20 सीरीज का सोमवार को समापन हो गया। सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित इस मैच में झारखंड को 56 रनों से हराकर मेंहमान टीम तमिलनाडु चौंपियन बनी। मैच के दौरान दिव्यांगों के हौसले खेल में महारत सधी गेंदबाजी बल्लेबाजी और फील्डिंग तथा समारोह के दौरान पेश किए गए गीत नृत्य ने सबको उनका कायल किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने भी उनके हौसले को काफी तारीफ की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने सम्मानित किया । मुख्य संरक्षक तेरी याद आती है रामगढ़ एसपी को और कहा कि आपका आना एक मकसद है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को समाज में मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान पीयूष पांडे, का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। मौके पर दिव्यांग बच्चों ने भी अंगतुको के सम्मान में गीत की प्रस्तुति की। बाद में फाइनल में पहुंचे टीम झारखंड तमिलनाडु टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त गेंद को बल्ले से मारकर खेल को शुरू करने का संकेत दिया। मैच में मेहमान टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जमिलनाडु ने निर्धारित 16 ओवर में 180 रन बनाए। जिसमे सनमेकर 64 रन,विग्नेश 31,रमेश ने 40 रन और झारखंड के गुपेश यादव और भरत ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी झारखंड टीम 124 रन 6 विकेट बनाये। जिसमे शिवम ने 19, शोएब नाबाद 28,मंगल नाबाद 13 रन बनाए। तमिलनाडु के गेंदबाज तमिल 2 ,राजमहेश 2 हरीश और गोविंद ने 1-1 विकेट लिए। इस तरह से इस त्रिकोणीय श्रृंखला में तमिलनाडु ने ये मैच 56 रन से जीत लिया और टॉफी पर कब्जा जमा लिया। बाद में अतिथियों ने विजेता, उप विजेता टीम को पुरस्कृत करके हौसला बढ़ाया। वहीं, टूनामेंट में बेहतर खेल के लिए तमिलनाडु टीम के वीराराज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बेस्ट कप्तान का किताब राजस्थान टीम के नाज मोहम्मद को मिला। दिव्यांग टूनामेंट में समापन पर खिलाड़ियों को कई उपहार से नवाजा गया। इसमें बेस्ट कैप्टन का पुरस्कार राजस्थान टीम के कप्तान नाज मोहम्मद को मिला । वही मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार, बेस्ट अनुशासन टीम का पुरस्कार, बेस्ट बॉलर, बेस्ट टीम,छक्का का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिव मो अतहर अली ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में ओएनजीसी नयामोड़ वेस्ट बोकारो, बिहार फाउंड्री कास्टिंग लिमिटेड मरार, एसबीआई रामगढ़, सेल मरार, एलआईसी रामगढ़, यामाहा बाइक,मारुति सुजुकी अरेना, प्रसाद आई हॉस्पिटल, रोटरी रामगढ़ सिटी ने सहयोग किया। मौके पर प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, डॉ लालदेव प्रसाद, अनिल जैन, मो इरफान, सुरेंद्र कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, एजाज अंसारी, अनमोल सिंह, आसिफ अंसारी,सुनीता कुमारी, राजूराम, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## नया बस स्टैंड के निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता : शंकर चौधरी

# पूर्व विधायक ने नये बस स्टैंड में बन रहे भवन का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


निर्माण कार्य का निरीक्षण करते पूर्व विधायक।

**रामगढ़।** रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने सोमवार को रामगढ़ के नया बस स्टैंड में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बीते 1 दिसंबर को रामगढ़ थाने में एक आवेदन मैंने देखा। आवेदन में बस स्टैंड में निर्माण कार्य में बाधा डालने से संबंधित रिश्वत मांगने का आवेदन दिया था । किंतु आवेदन में किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं है इसलिए मैं खुद यहां आज आ गया। उन्होने कहा की बस स्टैंड का निर्माण कार्य डीएमएफटी मद से कराया जा रहा है। कहा की बस स्टैंड के निर्माण कार्य में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार दिख रहा है बस स्टैंड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया जा रहा है और न हीं इस्टीमेट के अनुसार कार्य हो रहा है। डीएमएफटी मद से नया बस स्टैंड के निर्माण कार्य में लूट मचा है कोई देखने वाला नहीं।

जिला प्रशासन की देखरेख में जूडोका के द्वारा निर्माण कार्य होना है किंतु यह कार्य ठेकेदार ना कराकर पेटी ठेकेदार के द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे काम की गुणवत्ता कम और भारी पैमाने में गड़बड़ी देखी जा सकती है और मैं जब से आया हूं कोई भी व्यक्ति यहां मौजूद नही है । सिर्फ मजदूर अपना काम कर रहे हैं । पूर्व विधायक ने कहा कि यहां पर किसी भी प्रकार की कोई भी बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे कुछ पता चल सके। नियमानुसार कार्यस्थल पर बोर्ड लगाया जाता है लेकिन ना यहां कोई बोर्ड है और ना ही कोई काम करने वाला। किस के द्वारा कार्य किया जा रहा है और कितने मजदूर यहां कार्यरत हैं और क्या मजदूरी दी जा रही है। उन्होने कहा कि जनता के पैसे का यहां लूट मचा हुआ है ।

पूर्व विधायक ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा की यहीं पर जिला प्रशासन के द्वारा वेंडिंग जोन बनवाया गया था । जिसका उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा किया गया । किंतु वहा कोई बैठने को तैयार नहीं हैं । सब्जी विक्रेता फुटबॉल ग्राउंड के बाहर सब्जी बेचने को विवश हैं और सरकार का 2 करोड रुपया पानी में चला गया।

पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा की इस बस स्टैंड का निर्माण कार्य 7 करोड रुपए की लागत से डीएम एफटी मद से किया जा रहा है और कभी बस स्टैंड नेशनल हाईवे पर ले जाने की बात कही जाती है । इसमें बस स्टैंड का निर्माण यहां कराना समझ से परे है। इसका क्या उपयोग है इसका पता नहीं चल पा रहा है। पूर्व विधायक द्वारा डीएमएफटी मद से हुए कार्यों पर कई बार सवाल उठाए गए हैं और अनियमितता के विरुद्ध पीआईएल भी किए गए हैं।

### चंदौल पंचायत में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार


विधायक अंबा प्रसाद व अन्य।

**बड़कागांव।** चंदौल पंचायत में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ बालेश्वर राम, मुखिया सहित अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इस दौरान मुखिया के द्वारा अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर फार्म भरने के लिए पहुंचे। वही अबुवा आवास, विकलांग सर्टिफिकेट, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, जेएसएलपीएस के फूलो झानो आशीर्वाद योजना का आवेदन आया। मौके पर कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, भास्कर, बीपीओ अरुण पासवान, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, शशी कुमार, विवेक कुमार, अनन्त कुमार, सुरेंद्र ठाकुर के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रशिक्षण में शामिल लोग।

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के फेज श्री का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को शुरू हुआ। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीधर राम, बीपीएम कुणाल कुमार, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, प्रवीण कुमार पाठक, शंभू प्रसाद व मो. मोहम्मद आयाज अहमद, संपर्क फाउंडेशन के कुंदन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में कक्षा एक और दो में गणित, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों को 45-45 के दो बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बीईईओ श्री राम ने कहा कि एफएलएन के तीसरे पेज का प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा एक और दो के बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान सुनिश्चित करना है। निपुण भारत मिशन के विकासात्मक चरण, सामाजिक एवं भावात्मक शिक्षा के प्रमुख घटक एवं प्रभावित करने वाले कारक, भाषा सीखने की अपेक्षाएं, मूलभूत संख्या ज्ञान सीखने की अपेक्षाएं, टूल किट आदि पर प्रतिभागियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिन में भाषा और साक्षरता, लैंगिक समानता, भाषा विकास के प्रमुख घटक, मौखिक भाषा विद्यालय, डिकोडींग, पढ़ने की संस्कृति, स्कूल रेडिनेस, मूलभूत संख्या ज्ञान के मुख्य घटक, शिक्षक हस्त पुस्तिका, पाठ योजना, आकलन आदि के बारे में अगल-अलग सत्रों में विस्तार से चर्चा की जाएगी। पहले दिन के प्रशिक्षण प्रशिक्षण के दौरान सम्पर्क फाउंडेशन के कुंदन पांडेय ने सम्पर्क किट, सम्पर्कशाला आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

## एक नजर में

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल डीएवी को हरा फाइनल में पहुंचा


खिलाड़ी को सम्मानित करते स्कूल के निदेशक।

**बरही।** लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट का सेमीफाइनल मैच का आयोजन किया गया। सेमीफाइनल मैच विगत 10 वर्षों से रहा चैंपियन डीएवी कनहरी का मुकाबला आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही से हुआ। डीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 10 विकेट खोकर 50 रन ही बना पाई। डीएवी की ओर से आलोक कुमार ने सर्वाधिक 17 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी आईलेक्स पब्लिक स्कूल की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 18 ओवरों में ही लक्ष्य की प्राप्त कर ली। आईलेक्स पब्लिक स्कूल की तरफ से शिव यादव ने शानदार 20 रन बनाये और 4 विकेट भी झटके। विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने कोच भूषण कुमार और टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने नए आयाम को सेट कर दिया है। साथ ही पूरा विश्वास है कि फाइनल में भी जीत विद्यालय की ही होगी। निदेशक शैलेश कुमार ने पूरी टीम से वादा किया कि फाइनल मैच में वह स्वयं उपस्थित रहेंगे। बताते चलें कि आइलेक्स पब्लिक स्कूल लीग मैच में डीपीएस हजारीबाग को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित किया। जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में ओएसिस को हराकर सेमीफाइनल मैच में पहुंचा और अब जाकर डीएवी कनहरी को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर लिया है।

### शिविर में महिला मंडल के बीच ऋण का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


शिविर में जानकारी देते समाजसेवी।

**दारु।** प्रखंड क्षेत्र के जिनगा पंचायत भवन मे सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार योजना के तहत शिविर लगाया है जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया पिंकी देवी ने किया। इस शिविर का उद्घाटन नोडल पदाधिकारी डेविड बलिहार, प्रखंड विकाश पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाशपति देव ने संजुक्त रूप से दीप प्रजावलित कर किया। शिविर में कुल 794 आवेदन आए जिसमें सिर्फ आबुवा आवास के 293 आवेदन प्राप्त हुए। इस शिविर मे जैसलपीएस संस्था से जुड़ी पाँच सखी महिला मंडलो के बीच पंद्रह लाख रुपैये का ऋण बितरण किया गया। शिविर मे 25 स्कूली बच्चों के बीच साईकिल के लिए 4500 रुपैये के डमी चेक प्रदान किया गया।यहाँ सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास के शिविर मे नजर आयी। शिविर मे जैसालपीएस के बीपीएम सुनील राणा, बीपीओ स्वाती वर्मा, राजस्व निरीक्षक रागिनी कछप, दिग्विजय सिंह, अभय पासवान, आशीष कुमार, ललिता देवी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उग्रणाम बड़ाईक, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर प्रियंका सहाय, सहिया दीदी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष शामिल रहे।

### बैठक कर झारखंड सरकार की योजनाओं की दी गयी जानकारी


योजनाओं की जानकारी देते झामुमों कार्यकर्ता।

**इचाक।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक डाडीघाघर पंचायत के ग्राम गरडी में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष सुरेश टुडू संचालन उमेश रविदास ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संजोक मंडली के मुख्य संयोजक झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सजिव बेदिया, विशिष्ट अतिथि रामकिशोर मुरमुर, सोनाराम मांझी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, रामचंद्र मेहता, बाबुन हांसदा, संतोष मेहता मौजूद रहे। मौके पर संजिव बेदया ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा कार्य जमीन पर हो रही है। बिरसा कुप, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी लूंगी दी जा रही है। सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी में स्वेटर, जूता, पोशाक, कंबल वितरण किया जा रहा है। कल्याण विभाग से सभी बेरोजगारों को रोजगार के लिए सब्सिडी पर सभी तरह की गाड़ियां दी जा रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर सिंह, धनीराम, लखीरामा मांझी, पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी, उप मुखिया मालो देवी, सुरेंद्र मरांडी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चितरपुर में डिस्लेक्सिया रोग से संबंधित जागरूकता वॉक फॉर डिस्लेक्सिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन



फोटो 01 प्रभात फेरी में शामिल स्कूली बच्चे एवं शिक्षक।

**रजरप्पा।** सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र चितरपुर के प्रत्येक विद्यालय में डिस्लेक्सिया रोग से संबंधित जागरूकता वॉक फॉर डिस्लेक्सिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर, राजकीय बुनियादी विद्यालय मुरुबंदा में विशेष रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी इंशाल्लाह की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि विश्व के पैमाने पर प्रत्येक पांच बच्चों में से एक बच्चों में यह रोग पाई जा रही है रिसोर्स शिक्षक पावेल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद ने इस बीमारी के विषय में विस्तार पूर्वक बताया कि देश 20 बच्चों के अनुपात में एक बच्चा इस बीमारी से ग्रसित है डिस्कैलकुलीया से ग्रसित बच्चों को अंकगणित संबंधी समस्या होती है जिन्हें जोड़ घटाव गुणा भाग गिनती गणना करने में दिक्कत होती है इन परिस्थितियों में निरंतर प्रैक्टिस की आवश्यकता होती है। लर्निंग डिसेबिलिटी के अंतर्गत आने वाली इस बीमारी में शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों में उनकी उपस्थिति एवं रुचि सामान्य बच्चों की तुलना में कम होती है। निरंतर शैक्षणिक टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं बिहेवियर मैनेजमेंट से इन बच्चों में गुणात्मक एवं शैक्षणिक परिवर्तन नजर आते है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव, चंद्रदेव साव, सुनील कुमार सहित कई मौजूद थे।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया फुटबॉल मैदान में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट-2023 का फाइनल कल दिन मंगलवार को होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल होंगे। बालिका एवं बालक समूह का फाइनल मुकाबला होगा। बालिका समूह में धवैया बनाम गुरहेत की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं बालक समूह में ओरिया बनाम बिरबीर की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक में सेंट्रल सौंदा पंचायत कमेटी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कमेटी गठन को ले झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक सोमवार को सेंट्रल सौंदा में हुई। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार उपस्थित थें। बैठक में पार्टी की मजबुती, जन समस्याओं का समाधान आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से सेंट्रल सौंदा पंचायत कमेटी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार ठाकुर, सचिव मुन्ना अंसारी, कोषाध्यक्ष सोमरा मुंडा को चुना गया। वहीं 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों में प्रमोद ठाकुर, शंकर, ललन सिंह, पारसनाथ राम, अर्जुन तांती, धर्मेंद्र राम, शनिचरा भगत, विवेक, भोला प्रसाद, मो. अमन अंसारी, भोला प्रसाद, अजय राणा, सुनील मुंडा, सोहन चैहान, असरफी, रूपेश मुंडा, श्रीनिवास राम, भुवन राम, एलजेड तिग्गा, गोविन्द, जितेंद्र, दीपक, कुलदीप, कुंदन, विशाल, पीएन सिंह, रमेश शामिल हैं। मौके पर उदय मालाकार ने चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ व असली पूंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। साथ ही सबों के हितों का ख्याल रखा जाता है।

## सुंदर नगर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा है समाधान : अम्बा प्रसाद

- लाभकारी योजनाओं की दी गई जानकारी
- दर्जनों आवेदनों का किया गया निष्पादन
- धोती-साड़ी व कंबल का हुआ वितरण
- किशोरी समृद्ध योजना के तहत छात्राओं को मिला पांच हजार का चेक


फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करती विधायक अंबा प्रसाद व अन्य।


किशोरी समृद्ध योजना का चेक देती विधायक अंबा प्रसाद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के सुंदरनगर पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय, जिला पदाधिकारी प्रभात कुमार दत्ता, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, बीसीओ राजेश एक्का, पतरातू एमओ डॉ. अशोक कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह व राजकिशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, योगेश दांगी, झामुमो नेता मुकेश राउत, पंचायत सचिव आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना और समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों लाभकारी योजनाए चलाई जा रही है। जिसका लाभ सीधे तौर ग्रामीण तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा उक्त कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जाना है। आपसभी शिविर में आकर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठावें। पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय ने ग्रामीणों को दर्जनों लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की। शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी जमा किया। जिसमें से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंपरांत निष्पादन करने की बात कही गई। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत दर्जनों छात्राओं के बीच 5-5 हजार के चेक वितरित किया गया। वहीं साईकिल के लिए साढे चार हजार रुपए का चेक विधायक के हाथों विद्यार्थियों को दिया गया। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से स्वीकृति लोन का चेक भी सौंपा गया। वहीं दर्जनो गरीबों-असहायों के बीच विधायक व एमओ डॉ. अशोक कुमार द्वारा धोती-साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया व्यास पांडेय व संचालन पंसस रोहित सोनी ने किया। मौके पर शशि अग्रवाल, प्रमोद पासवान, आदित्य कुमार, लक्ष्मी, कुलदीप साव, सिराजुद्दीन, शंकर, रमेश साव सहित दर्जनों ग्रामीण व विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद थें।

**ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में लगाए गए थें विभिन्न स्टॉल**

शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग, वन विभाग सहित वृद्धा व दिव्यांग पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, बिजली वितरण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फूले योजना, बाल विवाह रोक योजना, श्रम नियोजन योजना, खाद सार्वजनिक योजना, आधार सुधार, वोटर आईडी सुधार सहित अन्य का स्टॉल लगाया गया था। वहीं प्रवासी कार्ड, राशन कार्ड व कई लोगों का नया आधार कार्ड भी बनाया गया।

# 41 मजदूरों और रेस्क्यू ऑपरेशन टीम के योद्धाओं के जज्बे को सलाम

**विजय केसरी**

17 दिनों के लंबे जद्दोजहद के बाद 41 मजदूर सकुशल सुरंग से बाहर आ गए । सभी स्वस्थ दिख रहे हैं। सभी के चेहरे पर खुशी की एक अलग आभा दिख रही है। सुरंग से निकलते ही लोग गले लगा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वहां उपस्थित केंद्र सरकार के मंत्री, अधिकारी, रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े लोगों ने माला पहनकर 41 मजदूरों का बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत किया। 41 मजदूरों के सुरंग से सकुशल बाहर निकालने की खबर जैसे ही टेलीविजन पर आई, संपूर्ण देश में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। देशवासियों की आंखें उत्तराखंड, उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों पर टिकी हुई थी। चंहुओर सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े वीर योद्धाओं के जज्बे की प्रशंसा हो रही है। इस रेस्क्यू से जुड़े रैट माईनर्स के 12 मजदूरों ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत की परंपरागत पुरानी श्रमिक कला आज भी चमत्कार कर सकती है। एक और इस रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े बड़े-बड़े अत्याधुनिक मशीनें फेल हो रही थीं,वहीं रैट माइनर्स के परम्परागत कुदाली ने वह चमत्कार कर दिखाया।

भारत सरकार ने इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के माध्यम से सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकाल कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनतकश मजदूरों की जान देश के लिए बेशकीमती है। इन्हें हर हाल में बचाना राष्ट्रीय कर्तव्य है। भारत सरकार इस रेस्क्यू ऑपरेशन में पूरी ताकत झोंक दी, मजदूरों को सकुशल सुरंग से बाहर निकलने में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किसी भी तरह का कोई रिस्क नहीं लिया और ना ही कमी आने दिया। उन्होंने निगरानी हेतु पीएमओ से कई अधिकारियों को इस ऑपरेशन से जोड़कर बेहतर सूझबूझ का परिचय दिया ।

दीपावली की सुबह 41 मजदूर काम करते हुए भूखलन के कारण सुरंग में फंस गए। अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब देशवासी दीपावली की खुशियां मनाने के लिए दीपों को एकत्रित कर रहे थे, ऐसी खुशी के मौके पर सुरंग में 41 मजदूर फंस जाते हैं । जब संपूर्ण देश दीपावली की तैयारी में जुटा हुआ था, तब ये मजदूर भारत के विकास के लिए सुरंग बनाकर आगे बढ़ते जा रहे थे। इन मजदूरों की जान बचाकर भारत सरकार सहित रेस्क्यू टीम से जुड़े जाबांजों ने वीरता का जबरदस्त उदाहरण प्रस्तुत किया है।

विचारणीय यह है कि ऐसे अवसर पर सुरंग में मजदूरों के फंसे होने की सूचना उनके परिवार वालों को मिली होगी, तब उनके परिवार वालों पर इस खबर की क्या असर पड़ी होगी ? अंदाजा लगाया जा सकता है।

देखते ही देखते यह खबर आग की तरह पूरे देश में फैल गई।? देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्काल मजदूरों को सुरंग से सकुशल निकालने के लिए आवश्यक बैठक की। उन्होंने तुरंत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत कर सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए लिया। मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने के निमित ऑस्ट्रेलिया से एक सुरंग स्पेशलिस्ट टीम को भारत बुलाया गया। सुरंग में फंसे मजदूरों को कैसे जल्द से जल्द सकुशल निकाला जाए ? रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ कर दिया गया । यह एक बड़ी समस्या के रूप में देश के समक्ष दस्तक दे दी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े तमाम लोग दिन-रात एक कर मजदूरों को बाहर निकलने की जी तोड़ कोशिश में जुट गए। एक के बाद एक तकनीकी इक्विपमेंट्स फेल हो रहे थे। लेकिन इस रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े किसी सदस्य ने भी हार नहीं माना। रेस्क्यू ऑपरेशन टीम पूरी शक्ति के साथ मजदूरों को निकालने में लग रहे। 41 मजदूरों को जीवित बाहर कैसे निकाल पाए ? इस निमित हर 2 घंटे में बैठकें हो रही थी।

इस रेस्क्यू ऑपरेशन की सबसे बड़ी बात यह रही कि देश




के प्रधानमंत्री की निगाह इस ऑपरेशन पर लगी हुई थी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद कैंप किए हुए रहे। एक ओर मजदूरों को बाहर निकलना था । वहीं दूसरी ओर तरफ सुरंग में फंसे 41 मजदूर जीवित कैसे रहें ? इस पर भी काम किया जा रहा था।? मजदूरों को समय पर भोजन दिया गया। सुरंग में फंसे मजदूरों को पाइपलाइन द्वारा ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई । उन्हें दवाइयां दी गई। । मजदूरों का हौसला पस्त नहीं हो, उन्हें मोबाइल दिया गया। मोबाइल से उनके परिजनों से उनकी बातचीत कराई गई।

यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि अगर मजदूरों का हौसला पस्त हो जाता तो जो सफलता हम सबों को हाथ लगी, तब शायद अधूरी सफलता ही हाथ लग पाती। मजदूर अंदर जहां फंसे हुए थे,जहां दूर-दूर तक कोई प्रकाश दिखाई नहीं दे रहा था । किसी भी पल सुरंग के धंसने पर मौत दस्तक दे सकती थी। इस विपरीत परिस्थिति में सुरंग में फंसे मजदूरों ने जो हिम्मत और साहस का परिचय दिया काबिले तारीफ है। सुरंग में फंसे मजदूर एक दूसरे को हिम्मत देते रहे। मजदूरों के एक-एक पल उस सुरंग में कैसे बीते होंगे ? याद कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लेकिन इन परेशानियां के बीच वे सभी 17 दिनों तक इस सुरंग में पड़े रहे। बाहर कड़कड़ाती ठंड में रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था। अंदर उससे कहीं ज्यादा ठंड थी। उन मजदूरों के पास सीमित मात्रा में वस्त्र थे। इसके बावजूद मजदूरों ने को पूरी मजबूती के साथ एक दूसरे का हाथ थामे रहे। यह अपने आप में बड़ी बात है ।

लंबे चले इस सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल होने में 17 दिन लग गए। अगर इस बीच कोई एक मजदूर भी हिम्मत त्याग देता, तब एक बड़ी त्रासदी सामने उभर कर आ सकती थी। रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर एक बड़ी जवाबदेही यह भी थी की सुरंग फंसे मजदूरों मजदूरों का हिम्मत पस्त नहीं हो।

मजदूर सकुशल सुरंग से बाहर आ जाए, इस चुनौती को पूरी गंभीरता से लिया गया। उत्तराखंड के इस सिल्कयारा सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन ने भारत को एक सूत्र में बांधकर रख दिया। इस सुरंग में झारखंड के 15,उत्तर प्रदेश के आठ, उत्तराखंड के दो, हिमाचल प्रदेश के एक, बिहार के पांच, पश्चिम बंगाल के तीन, असम के दो और उड़ीसा के पांच मजदूर फंसे हुए थे । इन राज्यों के लोग भी मजदूरों के सकुशल बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। इन राज्यों की तुलना में झारखंड के सबसे अधिक 15 मजदूर सुरंग में फंसे हुए थे । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अधिकारियों की एक टीम को ऑपरेशन स्थल पर भेज दिया था। वे बार-बार फोन कर वहां का हाल-चाल लेते रहे । श्रमिकों के सुरंग से सकुशल बाहर निकलने पर हेमंत सोरेन ने कहा कि 41 वीर श्रमिक उत्तराखंड में निमार्णाधीन सुरंग की अनिश्चित अंधकार और कंपकंपाती ठंड को मात देकर 17 दिनों बाद जंग जीत कर बाहर आए हैं । आप सभी की वीरता और साहस को सलाम । इस मुहिम को अंजाम देने वाले सभी रेस्क्यू टीम को हार्दिक और शुभकामनाएं।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो इस रेस्क्यू ऑपरेशन के मुख्य कर्ताधर्ता रहे। जब ससुरंग में फंसे 41 मजदूर 800 मिली .मीटर के पाइप से बाहर आए और मजदूर पूरी तरह स्वस्थ दिखे। इस पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तरकाशी में हमारे श्रमिक भाइयों के रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता हर किसी को भावुक कर देने वाली है, जो साथी फंसे हुए थे, उससे मैं कहना चाहता हूं कि आपका साहस और धैर्य हर किसी को प्रेरित कर रहा है । मैं आप सभी की कुशलता और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य से प्रतीत होता है कि यह शुभ समाचार सुनने के लिएवे ? कितना बेताब थे । देश ने यह सिद्ध कर दिया कि मजदूर जो बड़े से बड़े भवन, पूल, सड़क और न जाने कितने जन सुविधाओं के लिए चीजें बनाते हैं, उनका जीवन बहुत ही बेशकीमती होता है।? आज देश के करोड़ों देशवासी इस ऑपरेशन की सफलता पर रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े तमाम लोगों को बधाई प्रेषित कर रहे हैं।

यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिल्कयारा सुरंग निर्माण की जवाबदेही विशाखापट्टनम की एक नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दी गई है। पहाड़ का सीन चीरकर यह सुरंग बनाया जा रहा है । शायद ! विकास के लिए यह करना जरूरी है। यह रोड कनेक्टिविटी के लिए जरूरी भी है, लेकिन नवयुक इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को मजदूरों की सुरक्षा के लिए कई आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए । चूंकि यह प्रोजेक्ट हजारों करोड़ रुपयों का है । संभवत आगे यही इंजीनियरिंग कंपनी इस कार्य को पूरा करेगी। आगे भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना घटे, इस पर सख्ती से ध्यान देने की जरूरत है।

भारत सरकार के केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने इस सुरंग संकट पर एक जांच टीम गठित की है। इसके बावजूद कोई भी परियोजना मजदूरों की जान से बड़ी नहीं है। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए।

## भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा

**भारत** ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है। यह कार्ययोजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्ययोजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु 'भौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण' को अपनाती है।



भारत में पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरुकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति इन प्रयासों को समर्थन देकर और उनमें भागीदारी करके अपना योगदान दे सकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के आकाश में अनमोल रंग-बिरंगे पक्षियों और उनके कोलाहल का बने रहना सुनिश्चित हो सके।

## पक्षियों का वास, बचाने की आस

**डॉ रेणु सिन्हा**

**भारत** पक्षियों के लिहाज से एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।

इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है।इसके बाद मानव और वन्य जीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं। इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है। मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इको सिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की



दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10 वर्षीय योजना 'देश में पक्षियों की विविधता, उनके इको सिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)' झका उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह



कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्ययोजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है। उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षीजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आह्वान करती है।

भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है।

यह कार्ययोजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्ययोजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु 'भौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण' को अपनाती है।

## भारत में डॉल्फिन और संरक्षण के प्रयास

**लीना नंदन**

**डॉल्फिन** एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण केलिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है।

हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पर्यावास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पर्यावास का क्षरण है। तेजी से



शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पर्यावास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्त्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं।

डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं।

इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पर्यावास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जाएगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी।

इसके अतिरिक्त, गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित 'वन्यजीव पर्यावासों का विकास' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन के महत्वपूर्ण पर्यावासों को विक्रमशिला डॉल्फिन अभयारण्य, बिहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित किया गया है। नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन और जलीय पर्यावासों का हित सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना (2022-2047) विकसित की गई है और विभिन्न हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों की भूमिका की पहचान की गई है।

इसलिए, भारत में डॉल्फिन का संरक्षण एक बहुआयामी प्रयास है, जिसके लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों, स्थानीय समुदायों और जनता के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावास क्षरण, प्रदूषण, मत्स्य पालन, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का समाधान करके, भारत अपने करिश्माई समुद्री डॉल्फिन के दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित कर सकता है और अपने समुद्री इको सिस्टम के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकता है। भारतीय जल में इन उल्लेखनीय प्राणियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संरक्षण के प्रयासों के प्रति निरंतर समर्पण आवश्यक है।

# कोई कौड़ियों का भाव भी नहीं देगा, ये पांच भारतीय दिग्गज ऑक्शन में अनसोल्ड रह जाएंगे!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल इतिहास में ये पहला मौका होगा, जब खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर होगी। 19 दिसंबर को दुबई में होने जा रहे मिनी ऑक्शन में कुल 1166 खिलाड़ियों ने खुद को रजिस्टर्ड करवाया है, जिनमें से 830 भारतीय हैं। ऑक्शन से पहले सभी फ्रैंचाइजियों ने 26 नवंबर को रिटेंशन और रिलीज लिस्ट की डेट लाइन से पहले कई खिलाड़ियों को बाहर का भी रास्ता दिखा दिया। इनमें कई भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं उन पांच सीनियर भारतीय क्रिकेटर्स के बारे में जो शायद ऑक्शन में अनसोल्ड ही रह जाए, जिन पर कोई दाव नहीं लगाया जाए।

### केदार जाधव



भारत के पूर्व लोअर ऑर्डर बल्लेबाज ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है। भले ही वह पिछले कुछ सीजन से लगातार आइपीएल का हिस्सा रहे हो, लेकिन प्लेइंग इलेवन में एंट्री अब मुश्किल हो चुकी है। 2023 की नीलामी में केदार जाधव अनसोल्ड रहे थे। बाद में उन्हें बीच सीजन डेविड विली के रिप्लेसमेंट के रूप में उन्हें खरीद लिया था। आइपीएल में उनका बेस्ट सीजन 2017 रहा था, जिसमें आरसीबी के लिए खेलते हुए 13 मैचों में 267 रन बनाए थे।

### करुण नायर



टेस्ट में तीसरा शतक ठोकने वाले करुण नायर का इंटरनेशनल करियर खत्म हो चुका है। आइपीएल में भी उनके पास करने को बहुत कुछ नहीं है। आइपीएल 2022 में करुण को राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा था, लेकिन वह सुपर फ्लॉप साबित हुए। आइपीएल 2023 में उन्हें लखनऊ सुपरजायंट्स ने केएल राहुल का रिप्लेसमेंट बनाया था। 31 वर्षीय अनुभवी प्लेयर शायद इस बार अनसोल्ड ही रह जाए।




**फ्रैंचाइजी द्वारा रिलीज किये गये कुछ भारतीय खिलाड़ियों ने आइपीएल के पिछले सीजनों में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, लेकिन फॉर्म और निरंतरता की कमी ने उनका करियर खत्म कर दिया।**

### हनुमा विहारी



2013 से अब तक हनुमा विहारी ने आइपीएल में सिर्फ तीन सीजन (2013, 2015 और 2019) ही खेले हैं। 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का हिस्सा रहे इस बल्लेबाज के नाम टूनामेंट के 17 मैच में 241 रन दर्ज हैं। इस बीच हनुमा विहारी की इमेज टेस्ट स्पेशलिस्ट की होकर रह गई। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में विहारी ने सात मैच में 229 रन बनाए थे, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 49 रन के अलावा मणिपुर और गुजरात के खिलाफ आंध्र प्रदेश के लिए क्रमशः 84 और 24 रन की नाबाद पारी भी शामिल थी।

### वरुण एरोन



पिछले कुछ साल में वरुण एरोन की भूमिका भी आइपीएल में सिमट सी गई है। 2011 और 2014 के बीच खेले गए अपने पहले तीन सीजन में उन्होंने 26 विकेट लिए थे, लेकिन आखिरी बार उन्हें आइपीएल में पांच विकेट लिए अरसे बीत गए, ये कारनामा उन्होंने 2017 में किया था। जब वह किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) का हिस्सा थे। वरुण एरोन आइपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस की खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा और केवल दो मैच खेलकर इतने ही विकेट से संतोष करना पड़ा।

### धवल कुलकर्णी



2008 में धवल कुलकर्णी ने मुंबई इंडियंस के साथ अपने आइपीएल करियर की शानदार शुरूआत की, लेकिन अगर उनके हालिया फॉर्म को देखा जाए तो कोई भी कह देगा कि 34 वर्षीय खिलाड़ी अपने ढलान पर है। इन साल में कुलकर्णी मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते रहे हैं।

## शाई होप का नाबाद शतक, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

एजेंसी



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** कप्तान शाई होप के नाबाद शतक और रोमारियो शेफर्ड की 28 गेंद पर खेली गई 48 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया। वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद वापसी की कवायद में लगे इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 325 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर हालांकि पिछले आठ वनडे में पांचवीं बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने 13 गेंद का सामना करके तीन रन बनाए। बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज का स्कोर 39 ओवर के बाद 5 विकेट पर 213 रन था लेकिन होप की 83 गेंद पर खेली गई नाबाद 109 रन और शेफर्ड की आक्रामक पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 48.5 ओवर में 6 विकेट पर 326 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरूआती बढ़त हासिल की। होप ने अपनी पारी में चार चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने सैम करन की चार गेंद पर तीन छक्के लगाए, जिससे वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिली। करन ने 9.5 ओवर में 98 रन दिए। होप ने अपनी पारी के दौरान वनडे में 5000 रन पूरे किए। शेफर्ड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाज ने 66, ब्रैंडन किंग ने 35 और शिमरोन हेटमायर ने 32 रन का योगदान दिया। इससे पहले इंग्लैंड की तरफ से हैरी ब्रुक ने सर्वाधिक 71 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने 28 गेंद पर 45 रन की पारी खेली। करन ने गेंदबाजी की बजाय बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया तथा 26 गेंद पर 38 रन बनाए।। ब्रायडन कार्स ने 21 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाकर इंग्लैंड का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में मदद की।

## स्मिथ और वॉर्नर हीरो हैं, वह अपनी सजा भुगत चुके : ख्वाजा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन द्वारा डेविड वॉर्नर की आलोचना बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के गले नहीं उतरी है और उन्होंने अगले साल जनवरी में सिडनी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे इस सलामी बल्लेबाज का बचाव किया है। जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 दिसंबर से पर्थ में शुरू हो रही 3 टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में वॉर्नर के चयन पर सवाल उठाए हैं। क्यों एक संघर्षरत टेस्ट सलामी बल्लेबाज को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख खुद ही नामित करनी पड़ती है। और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े घोटालों में से एक के केंद्र में रहने वाले खिलाड़ी को हीरो की तरह विदाई क्यों दी जानी चाहिए?

## आइपीएल ऑक्शन में गुजरात टाइटंस के पास सबसे बड़ा पर्स, केकेआर को चाहिए सबसे ज्यादा खिलाड़ी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 की नीलामी में अब 15 दिन का ही समय बचा है। सभी टीमों ने पिछले महीने ही खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया था। हार्दिक पंड्या समेत कई खिलाड़ी ट्रेड भी हुए। अभी ऑक्शन से एक हफ्ते पर तक ट्रेडिंग विंडो ओपन है। यानी अभी भी खिलाड़ियों के एक से दूसरी टीम में जाने की संभावना है। 19 दिसंबर को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होने वाली है।




### गुजरात के पास सबसे ज्यादा पैसे

आइपीएल 2023 की नीलामी में पिछली बार की फाइनलिस्ट गुजरात टाइटंस के पर्स में सबसे ज्यादा पैसे हैं। टीम नीलामी में 38.15 करोड़ के साथ उतरेगी। हार्दिक पंड्या के ट्रेड होने की वजह से टीम का पर्स बड़ा है। हालांकि उन्हें ऐसे ऑलराउंडर की जरूरत भी है, जो हार्दिक पंड्या को रिप्लेस कर सके। सबसे कम पैसे लखनऊ सुपर जायंट्स के पास है। फ्रेंचाइजी के पास नीलामी में खर्च करने के लिए सिर्फ 13.15 करोड़ रुपये ही हैं।

### केकेआर के पास सबसे ज्यादा स्लॉट

कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में सबसे ज्यादा स्लॉट खाली हैं। टीम नीलामी में 12 खिलाड़ियों को खरीद सकती है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को 9 खिलाड़ी चाहिए। एक टीम में अधिकतम 8 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। मुंबई इंडियंस और केकेआर को सबसे ज्यादा 4-4 विदेशी खिलाड़ियों की जरूरत है।

### ऑक्शन में आयेंगे बड़े नाम

आईपीएल 2024 की नीलामी के लिए 1166 खिलाड़ियों ने अपना नाम रजिस्टर करवाया है। इसमें मिचेल स्टार्क और ट्रैविस हेड के साथ ही शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव जैसे भारतीय नाम भी शामिल हैं। 1166 खिलाड़ियों में फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों को शॉटलिस्ट करेगी। ऑक्शन टेबल पर इनका ही नाम आएगा।

## भले ही हार जायें, लेकिन भारत के खिलाफ बैजबॉल शैली ही इस्तेमल करेंगे : मैकुलम

एजेंसी



**बेंगलुरू।** बैजबॉल ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की बल्लेबाजी के आयाम को बदल दिया है और टीम के न्यूजीलैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम को स्पष्ट हैं कि भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की श्रृंखला का नतीजा भले ही कुछ भी हो लेकिन उनकी टीम अपनी आक्रामक रणनीति पर बरकरार रहेगी। इंग्लैंड को अगले साल 25 जनवरी से हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है और श्रृंखला के दौरान स्पिन की अनुकूल पिचें मिलने की उम्मीद है। बैजबॉल शब्द मैकुलम के उपनाम 'बैज' और उनकी आक्रामक रणनीति के आधार पर गढ़ा गया है। इस शब्द को कोलिन्स शब्दकोश में भी जगह मिली है। बैजबॉल का अर्थ है कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने की वह शैली जिसमें बल्लेबाजी टीम बेहद आक्रामक अंदाज में खेलकर अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास करती है। मैकुलम ने कहा कि भारत में होने वाले 5 टेस्ट में हमें बेहद अच्छी भारतीय टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं इसे लेकर रोमांचित हूं क्योंकि आप सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खुद को परखना चाहते हैं और मेरा मानना है कि अपनी परिस्थितियों में भारत सर्वश्रेष्ठ है। यह हमारे लिए अच्छी चुनौती होगी। अगर हमें सफलता मिलती है तो यह शानदार होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर मुझे पता है कि हम उस शैली के आधार खेलते हुए हारेंगे जिसके अनुसार हम खेलना चाहते हैं। मैकुलम ने इस दौरान बैजबॉल की जरूरत पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हम खेल रहे हैं क्योंकि हम क्रिकेट से प्यार करते हैं और हम जितना संभव हो सके क्रिकेट में उतना अच्छा बनने की कोशिश करना चाहते हैं। आप सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आप इसका आनंद लें और ऐसा करने के लिए आपको अपने करियर के अंत तक इंतजार नहीं करना चाहिए। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें तत्काल कुछ सफलता मिली है लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह हमारे लिए कोई सीमा है।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ट्रक लोड करते नजर आये, अब अफरीदी ने बतायी टीम की हालत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व कप में बुरी तरह फेल रही पाकिस्तान टीम की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। टीम कप्तानी से लेकर टीम सिलेक्शन कमिटी तक में भारी बदलाव के बाद तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने के लिए हाल ही में ऑस्ट्रेलिया पहुंची। यहां उसके खिलाड़ी सिडनी एयरपोर्ट पर खुद अपना सामान ट्रक में लोड करते नजर आए। इसका वीडियो वायरल हुआ तो पाकिस्तान की काफी बेइज्जती हुई और सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान टीम को इज्जत नहीं दी। पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई। वीडियो और तस्वीरों में पाकिस्तान के क्रिकेटर सिडनी हवाई अड्डे पर कंटेनर ट्रक पर अपना सामान लादते देखे गए। इस बारे में अब मीडिया से बात करते हुए तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने खुलासा किया कि टीम की अगली फ्लाइट लगभग 30 मिनट बाद थी। इसलिए बचाने के लिए एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। शाहीन ने कैनबरा में पाकिस्तान के अभ्यास सत्र के दौरान कहा- हमारे पास अपनी अगली उड़ान पकड़ने के लिए केवल 30 मिनट थे और हमने मदद की क्योंकि केवल दो लोग थे। हम इसे जल्दी खत्म करना चाहते थे और समय बचाना चाहते थे। हम इस टीम को एक परिवार कहते हैं और एक परिवार के रूप में उनकी मदद करते हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। वे 1979 में दो मैचों की प्रतियोगिता में सबसे करीब आए थे जो ड्रॉ में समाप्त हो गई थी। इसके अलावा आखिरी बार पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच 1995 में जीता था। तब से एशियाई टीम लगातार 14 मैच हार चुकी है। शाहीन ने कहा- हमने हाल ही में घोषित ऑस्ट्रेलिया के 14 सदस्यीय टीम के खिलाफ खेला है और हम सभी इस चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा- हमें कैनबरा का ज्यादा अनुभव नहीं है, लेकिन मुझे यकीन है कि पीएम इलेवन के खिलाफ यह चार दिवसीय मैच हमें पर्थ से शुरू होने वाली घरेलू टीम के खिलाफ सीरीज के लिए अच्छी तैयारी करने में मदद करेगा।



## कोहली को दिखाना होगा टी20 में उनकी जगह कोई नहीं ले सकता : मांजरेकर



**नयी दिल्ली।** विराट कोहली को क्या आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। सवाल के जवाब में भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट को सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्हें दिखाना होगा कि वह अभी भी युवाओं से बेहतर विकल्प है। विराट कोहली जिन्होंने वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए थे, फाइनल मुकाबले में हार के बाद से अभी ब्रेक पर हैं। मांजरेकर ने एक शो के दौरान कहा कि जब आगे चलकर सबसे छोटे प्रारूप के लिए चयन की बात आएगी तो भारत के कप्तान को हार्दिक पंड्या से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। विराट कोहली को दिखाना होगा कि वह वर्तमान में खेल रहे युवाओं और टी20 बल्लेबाज और कप्तान के रूप में रोहित शर्मा बनाम टी20 बल्लेबाज, ऑलराउंडर और कप्तान हार्दिक पंड्या से बेहतर विकल्प हैं।

## टीम इंडिया के स्पांसर रहे बायजू ने बीसीसीआइ को नहीं दिये कांट्रैक्ट के 158 करोड़, नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने बायजू के नाम से आनलाइन शैक्षणिक सेवा प्रदाता कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। बीसीसीआई ने याचिका दायर कर 158 करोड़ रुपए का दावा किया है। यह दावा रिणशोधन अक्षमता और दिवाला संहिता 2016 की धारा नौ के तहत परिचालन के लिए कर्ज देने वाली ईकाई के रूप में किया गया है। बोर्ड की याचिका को दाखिल करते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) बेंगलुरू ने बायजू को 28 नवंबर 2023 को नोटिस जारी किया। बायजू को जवाब देने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर 2023 को होगी।

## आइपीएल 2024 में नहीं खेलेंगे जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने 2024 के टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से हटने को कहा है। आर्चर को 2022 के आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने आठ करोड रुपए में खरीदा था, लेकिन फ्रेंचाइजी ने पिछले सप्ताह उन्हें 'रिलीज' कर दिया था। आईपीएल की 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली नीलामी की सूची में उनका नाम पंजीकृत नहीं है। आर्चर अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं। वह इस साल मई में आईपीएल में खेलते हुए चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई पेशेवर क्रिकेट मैच नहीं खेल है। रिपोर्ट के अनुसार, ईसीबी का मानना? है कि आर्चर यदि आइपीएल में खेलने के लिए भारत में होने के बजाय अप्रैल और मई में ब्रिटेन में रहते हैं तो उनकी वापसी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार आर्चर ने इसीबी के साथ दो साल के नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं तथा क्रिकेट बोर्ड वेस्टइंडीज और अमेरिका में अगले साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें पूरी तरह से अपने नियंत्रण में रखना चाहता है।

## जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की अमीषा, प्राची और हार्दिक ने जीते रजत पदक

**नयी दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज हार्दिक पंवार ने 80 किग्रा वर्ग में, अमीषा ने 54 किग्रा वर्ग में और प्राची टोकस ने 80 प्लस किग्रा वर्ग में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक जीते। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआइ) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अर्मेनिया के येरेवन में खेले गये मुकाबलों में एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक को रूस के एशुरोव बैरमखान के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच लड़कियों के वर्ग में अमीषा और प्राची को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। अमीषा कजाकिस्तान की अयाजान सिदिक से हारी, वहीं प्राची ने कड़ी प्रतिद्वंद्वी दो बार की एशियाई जूनियर चैंपियन उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाखोबिद्दीनोवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

## जोकोविच रिकॉर्ड 8वीं बार साल के अंत तक रहे नंबर वन

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए सोमवार को आठवीं बार एटीपी टेनिस रैंकिंग में साल का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में किया। जोकोविच ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, जून में फ्रेंच ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के रूप में साल के चार में से तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते। वह पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं। वह साथ ही 2023 में विंबलडन में उप विजेता भी रहे।जोकोविच ने 2023 में 56 जीत दर्ज की जबकि सात बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इस दौरान सात खिताब जीते जिसमें पिछले महीने एटीपी फाइनल्स का खिताब भी शामिल है। सर्बिया के 36 साल के जोकोविच ने कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी।

# कोरिया के खिलाफ मैच से भारत करेगा विश्वकप अभियान का आगाज

एजेंसी




**कुआलालंपुर।** एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में भारत अपने अभियान की शुरूआत पूल सी में अपने पहले मैच में कोरिया के खिलाफ जीत के साथ करना चाहेगा। कुआलालंपुर के बुकिट जलील में नेशनल हॉकी स्टेडियम मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे यह मैच खेला जाएगा। कोरिया के खिलाफ शानदार रिकार्ड रखने वाली भारतीय टीम के हौसले बुलंद है। दोनों टीमे अब तक छह बार आमने सामने हो चुकी है जिसमें तीन मैच भारत के पक्ष में गये है जबकि दो में उसे हार का सामना करना पडा है। एक मैच का नतीजा नहीं निकल सका था। आखिरी बार दोनों टीमें इस साल की शुरूआत में आयोजित पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल के दौरान एक-दूसरे से भिड़ी थीं, जहां भारत ने कोरिया पर 9-1 से बड़ी जीत दर्ज की थी। मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हम अच्छी शुरूआत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। हमने हाल ही में कोरिया के खिलाफ खेला है, इसलिए हम चुनौती के बारे में भलीभांति जानते है। हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने पर और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा। कोच सीआर कुमार ने कहा, खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है, और टूनामेंट के लिए टीम पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया एक अच्छी टीम है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते। हमें हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना होगा, यह एक बड़ा मंच है, इसलिए टूनामेंट में अच्छी शुरूआत पाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और अपनी ताकत का मुजाहिरा मैदान पर करना होगा। दो बार का जूनियर विश्व चैंपियन भारत अपने पूल सी मैचों में सात दिसंबर को स्पेन और नौ दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगा। पूल चरण में शीर्ष दो में रहने से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। टूनामेंट का क्वार्टर-फाइनल 12 दिसंबर, सेमी-फाइनल 14 दिसंबर और फाइनल 16 दिसंबर को होगा।

## डीएवी बरियातू की गर्ल्स टीम ने बैडमिंटन, शतरंज और फुटबॉल में जीता गोल्ड



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। अंतिम दिन अंडर-19 फाइनल गर्ल्स बास्केटबॉल में डीएवी बरियातु ने डीएवी स्वांग को 19-0 से हराया। वहीं अंडर 19 बॉयज बास्केटबॉल में डीएवी बरियातु ने डीएवी बोकारो सेक्टर 4 को 46-13 से हराया। विजेताओं को पुरस्कार आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के सदस्य शत्रुघ्न लाल गुप्ता ने प्रदान किया। अन्य इवेंट्स में डीएवी बरियातु की अंडर 17 और अंडर 19 गर्ल्स टीम ने बैडमिंटन और अंडर 19 शतरंज और फुटबॉल में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही अंडर-19 बाक्सिंग में ओवर ऑल विनर हुआ। सभी विजेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई और जोनल प्रतियोगिता के लिए बधाई दी गई।

# महाबोधी मंदिर में 11 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक विश्व शांति पूजा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**गया।** गया के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में 11 दिन तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक विश्व शांति पूजा का आयोजन किया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कार्यक्रम उद्घाटन किया। राज्यपाल का स्वागत जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम के द्वारा किया गया। महाबोधि मंदिर के गर्वगृह में पूजा अर्चना करने के बाद बोधिवृक्ष के नीचे में कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल और अन्य अतिथियों ने किया गया। वहीं, विभिन्न देशों के बौद्ध भिक्षुओं ने अपनी परंपरा के अनुसार मंत्र उच्चारण किया। त्रिपिटक चांटिंग 3 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक चलेगी। लगभग 10 देशों के बौद्ध धर्म गुरु और बौद्ध श्रद्धालुओं के द्वारा शांति मार्च निकाला गया। 80 फीट बुद्ध प्रतिमा स्थल से पद यात्रा विश्व शांति के लिए निकाला गया और कालचक्र मैदान में पद यात्रा का समापन किया गया। विभिन्न देशों से आए बौद्ध श्रद्धालु ने त्रिपिटक ग्रंथ को अपने माथे से लगाया और भगवान बुद्ध के शरण में रखकर सूत पाठ अपने-अपने भाषाओं में करेंगे। साथ ही लम्बी पंचशील झण्डा भी भारतीय बौद्ध भिक्षुओं ने निकाला। 11 दिवसीय त्रिपिटक चांटिंग समारोह में कंबोडिया, बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, लाओस, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, यूएस, वियतनाम के साथ ही इंटरनेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल से जुड़े भिक्षु और श्रद्धालु शामिल होंगे। राज्यपाल द्वारा अपने संबोधन में कहा की ज्ञान की भूमि बोधगया, ज्ञान, शांति, अमन का पैगाम देने वाली भूमि है। भगवान बुद्ध द्वारा दिए गए विभिन्न उपदेश आज विश्व के लोक यदि पालन करें तो मन की शांति प्राप्त हो सकती है। भगवान बुद्ध को किसी बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। आज पूरा विश्व में सबसे तेजी से प्रसार होने वाला धर्म बौद्ध धर्म है। कंबोडिया के रॉयल दूत ने राज्यपाल को खादा, स्मृति चिन्ह इत्यादि भेंट कर उनका धन्यवाद किया।

# संताली फिल्मों का एक्टिंग वर्कशॉप का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में एक्टिंग वर्कशॉप की शुरूआत सोमवार को नकटी में स्थित बी स्टूडियो में हुआ। जो 10 दिसंबर तक होगी। अभिनय कार्यशाला का शुभारंभ विशेष अतिथि दुमका जिला खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दुमका के ईडीएम अमरदीप हांसदा साथ ही साथ संताली सिने जगत के मशहूर डायरेक्टर दशरथ हांसदा, अभिनेता पंकज मुर्मू, परितोश सोरेन, डायरेक्टर एडिटर ब्लेस एमानुवेल टुडू मौके पर मौजूद रहे। एक्टिंग वर्कशॉप में प्रशिक्षक के रूप में मुंबई से चलकर आए प्रतिष्ठित वरिष्ठ अभिनेता शिव लाल सागर जो एम एस धौनी द अनटोल्ड स्टोरी जैसे सुपरहिट फिल्म के साथ-साथ कई बॉलीवुड फिल्म में अभिनय किए है। साथ ही जितराई हांसदा सुविख्यात एनएसडी न्यू दिल्ली के पूर्ववर्ती छात्र है। जो देश विदेशों में कई नाटकों को निर्देशित करने के साथ-साथ अभिनय भी किए है।

## एक नजर में

### गोड्डा विधायक के आवास पर पहुंचा एक पियक्कड़ राशन कार्ड बनवाने उसे सुपुर्द किया नगर थाना गोड्डा के हवाले

**गोड्डा।** आज एक पियक्कड़ नशे में धुत्त व्यक्ति गोड्डा विधायक अमित मंडल के निवास स्थान पर पहुंच कर अमर्यादित व्यवहार करने लगा जिसका नाम पुरुषोत्तम पांडे घर गोड्डा ब्लॉक के निकट बताया गया। विधायक ने उसके व्यवहार पर नाराजगी दिखाते हुए नगर थाना गोड्डा की फोन किया और उसे अपने निवास से ले जाने को कहा गया । नगर थाना गोड्डा की पुलिस ने उसे लाकर हाजत में बंद किया।

### आगामी लोक सभा चुनाव में जीत की गारंटी है ये तीन राज्यों के चुनाव परिणाम : बिमंत

**गोड्डा।** जिला मीडिया प्रभारी सह पोड़ैया हाट विधानसभा के भाजपा नेता बिमंत साह ने तीन राज्यों में जीत पर अपनी प्रतिक्रिया दिए और कहा कि भाजपा की इस जीत के लिए उन राज्यों की जनता जनार्दन बधाई के पात्र हैं जो सूझबूझ का परिचय दिया। तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता और जनता की जीत है। जिस प्रकार जनता ने प्रचंड बहुमत देकर कमल खिलाया है इससे साफ प्रतीत होता है कि भारत की जनता और देशवासी और भारतीय जनता पार्टी के विचार और सिद्धांतों के साथ हैं, अब भारत की जनता किसी के लुभाने वादे के झांसे में नहीं आने वाली हैं ,भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आज तक जितने भी विकास कार्य किए हैं जीत उसी का परिणाम हैं। आज हम सब प्रचंड बहुमत से विजय हासिल किया या तो अभी ट्रेलर है पूरी फिल्म अभी बाकी हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि 2024 में देश में पुनः मोदी की सरकार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी ये आगाज पहले ही मिल गया और इंडिया गठबंधन को लोग सिरे से नकारेगी और उन्हें उखाड़ फेकेगी।

### बाइक के धक्के से युवक घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बाजार में सोमवार की सुबह बाइक के ढक्के से हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग निवासी दिलु यादव घायल हो गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दिलु ने बताया कि वह किसी कार्य से भवनाथपुर आया था। बाजार में जाने के दौरान आगे से एक बाइक सवार ने मुझे ढक्का मार दिया। स्थानीय लोगों ने बाइक को जप्त कर लिया है।

### डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** नालसा, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के परस्पर सहयोग से प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को दुमका प्रखंड के सभागार में विधान से समाधान स्लोगन के साथ महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए इस जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न कानून के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके। शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चैनलों जैसे एनसीडब्ल्यू, नालसा, पुलिस कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क कर समाधान किया जा सकता है।

# सांसद ने की मेराल में ट्रेन ठहराव की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन एवं मेराल रेलवे स्टेशन पर रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया है। सांसद श्री राम ने कहा कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों कों आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की जनता के द्वारा लगातार मांग की जा रही है। साथ ही साथ रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर नहीं की जा रही है। ज्ञात हो कि उक्त स्टेशन पर एकमात्र चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन रूकती है तथा कोई भी अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है। मेराल स्टेशन से रमना स्टेशन एवं गढ़वा स्टेशन की दूरी लगभग 11-11 किलोमीटर है जिसके कारण यहां की जनता को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# राम दर्शन को लेकर गोड्डा भाजपा जिला कमिटी की बैठक हुई

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में जिला अध्यक्ष राजीव मेहता की अध्यक्षता में राम दर्शन हेतु एक बैठक हुई जिसमें प्रदेश से प्रभारी के रूप में पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख श्री गणेश मिश्र जी ने कहा कि आगामी 24 जनवरी से 24 मार्च तक ये कार्यक्रम पूरे देश में चलेगा जिसमे सभी शक्ति केंद्र से पहले फेज में सभी शक्ति केंद्र से तीन लोगों को अयोध्या दर्शन कराना है जिन्हें रेल के माध्यम से जाना है,इस निहित शक्ति केंद्र पर जाकर सूची बनानी है इस कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री सुभाष चंद्र यादव बनाया गया। मंच का संचालन जिला महामंत्री मुरारी चौबे व धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री कृष्णा कन्हैया ने किया।मौके पर पूर्व विधायक श्री अशोक कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह, गजाधर सिंह, पवन झा, संजीव मिश्रा,सूरज सिंह, सुबोध साह, जिला उपाध्यक्षा लक्ष्मी चक्रवर्ती, अशोक कुमार सिंह, राजीव भगत, जे पी यादव, राजेश भगत, प्रीतम गाडियां, प्रेम झा, संजीव सिंह, संजीव शर्मा, प्रबोध सोरेन, विजय शर्मा, मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं (कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में डीएमएफटी योजना अंतर्गत आपूर्ति की गई सभी सामग्रियों की जानकारी एक एक कर वार्डेन से ली। साथ ही उन्होने आपूर्ति की गई सामग्री से बच्चे लाभान्वित हो रहे है या नाही की जानकारी ली। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्र, शिक्षक की उपस्थिति कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने 48 घंटे के अंदर संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होने बैंक खाता यू डैस चाइल्ड मेनडेटरी धीमी होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। सहायक अध्यापकों का फेक/प्रमाण पत्र सत्यापन की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2024 तक सक्षम प्राधिकार से निर्णय के उपरांत कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। साथ ही सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा जिन विद्यालयों में बूथ बनाया गया है उन विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय समेत अन्य कार्यो को पूर्ण पूर्ण कराएं। बैठक में उपायुक्त ने सभी वार्डेन को निदेश किया कि आईसीटी लैब क्रियाशील रखें। किसी कारणवश सरकारी सम्पतियां क्रियाशील नहीं रहती है तो संबंधित के उपर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतोश कुमार सिंह, मंजु कुमारी एवं सभी वार्डेन/सभी बीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### हमारा ही बकाया...

सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस कड़ी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला रहे हैं। पहले की सरकारें सिर्फ कागज पर योजनाएं बनाती थी। हमारी सरकार धरातल पर जा कर योजना बना रही है। जनता को उसका लाभ दे रही है। अफसर आपके द्वार पर कर रहें हैं। चंद घंटों में आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। राज्य भर के पंचायत और गांव में शिविर का आयोजन हो रहें हैं। यह आपकी सरकार है। समारोह में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, डॉ सरफराज अहमद, विनोद कुमार सिंह, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, गिरिडीह के डीसी एसपी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### साहिबगंज खनन घोटाला : सीबीआइ...

उल्लेखनीय है कि झामुमो नेता पंकज मिश्रा को इडी ने इसी मामले में पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी मिले थे। इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी। पंकज मिश्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें जमानत देने से इडी कोर्ट को हाईकोर्ट इनकार कर चुका है।

### संसद को गुस्सा निकालने का...

पीएम ने कहा कि इतने उत्तम जनादेश के बाद आज हम संसद के इस नये मंदिर में मिल रहे हैं। जब इस परिसर का उद्घाटन हुआ था, तो उस समय एक छोटा सा सत्र था और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ था, लेकिन इस बार लंबे समय तक इस सदन में कार्य करने का अवसर मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है। सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार विमर्श होता है, सबके सहयोग के लिए हम हमेशा आग्रह करते हैं। इस बार भी ये सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गयी हैं। **कोई लहर नहीं :** पीएम ने कहा सरकार के खिलाफ कोई लहर नहीं है। युवा, महिला किसान और गरीब ये देश की 4 जातियां हैं। देश की जनता ने एक बार फिर नकारात्मकता को नकार दिया है। उन्होंने आगे कहा कि संसद में चर्चा जरूरी है। विपक्ष चर्चा करे और कमियों को बताए, उसे दूर किया जायेगा। सत्र की शुरुआत से पहले संसदीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ज शीतकालीन सत्र का पहला दिन है। अगर विपक्ष किसी बात पर चर्चा चाहता है तो वह नोटिस दे सकता है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति जो भी मुद्दे तय करेंगे, सरकार उन सभी पर चर्चा के लिए तैयार है।

### झारखंड में सरकारी भूमि...

सरकारी भूमि पर लीजधारक द्वारा थर्ड पार्टी राइट दिये जाने के लिए भी कैबिनेट की स्वीकृति ली जायेगी। निजी कंपनियों को सामाजिक कार्यों के लिए भी जमीन दी जा सकेगी। धार्मिक कार्यों के लिए भी जमीन और देने के लिए स्पष्ट नीति बनी है। राज्य में वर्तमान में गैरमजरूआ भूमि के लीज बंदोबस्ती, स्थनातरण के लिए कई संकल्प, परिपत्र जारी किये गये हैं, लेकिन उक्त परिपत्रों के कार्यान्वयन में कई कठिनाईयां आ रही थी। सीएम के निर्देश पर उपरोक्त कठिनाई को दूर करने के लिए अध्यक्ष, निदेशक भू-अर्जन, भू-अभि लेख एवं परिमाप निदेशालय की अयक्षता में उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गयी यी। इस कमेटी में अपर सचिव उद्योग, उप सचिव वित्त, अवर सचिव राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को सदस्य बनाया गया था। समिति द्वारा झारखंड, कर्नाटक, प/िम बंगाल, उड़ीसा, हरियाणा, महाराष्ट्रा, मध्यप्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की नीति का अध्ययन कर रिपोर्ट सरकार को 20 अक्टूबर 2023 को समर्पित कर दिया था। **30 वर्षों से अधिक का स्पष्ट प्रावधान नहीं था :** वर्तमान में 30 वर्षो की अवधि के लिए लीज बंदोबस्ती की प्रक्रिया निर्धारित है तथा 30 वर्षो से अधिक अवधि के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं है। वर्तमान में लीज अवधि पूर्ण होने के बाद लीज नवीकरण की प्रक्रिया एवं शर्तो का निर्धारण 15 अक्टूबर 2003 के आलोक में किया जाता है। लीज बंदोबस्ती के शर्तो का अनुपालन न होने की स्थिति में संबंधित भूमि की वापसी के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है। नॉन प्रोफिटेबल, चैरीटेबल, धार्मिक संस्थानों को परिभाषित नहीं किया गया है और सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए वर्तमान में बिना राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अनुमोदन के जिलों में राशि जमा की जाती है।

### किसान गोष्ठी का आयोजन

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग आत्मा गढ़वा के तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड के किसान मित्र एवं कई किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारियों ने रबी फसल सरसों सहित अन्य फसलों की जानकारी दी। मौके पर बीटीएम सत्येंद्र कुमार माली ने किसानों को वैज्ञानिक ढंग नई तकनीक से फसल उगाने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि खेतों में फसल की बुआई में भी परिवर्तन लाना होगा, तभी किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने किसानों की आय में वृद्धि के लिए मौसम के अनुसार उगाई जाने वाले विभिन्न फसलों की जानकारी दी। बीडीओ राहुल कुमार शानू ने बताया कि कृषि कार्य में विभाग के द्वारा बताया जा रहे नई तकनीकी को अपना कर किसान षि कार्य करें तभी आर्थिक रूप से किसान मजबूत व आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के कबरा पंचायत में सोमवार को आपके योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, बीडीओ देवलाल उरांव, मुखिया नीलेश ज्ञासेन,सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन आबुआ आवास, वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड के लिए दिए गए। इस मौके पर बीडीओ ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। वहीं पत्थगड़ा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन सिंघानी के समीप सोमवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार द्वार कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी साथ में पत्थलगड़ा जिला परिषद रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी, पत्थलगड़ा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव, बीपीओ राजेश्वर कुमार, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, नावाडीह मुखिया मेघन दांगी ने संयुक्त रूप से किया वही शिविर में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के तहत भी जागरूक किया गया तथा शिविर में ग्रामीणों की काफी भीड़ थी बताते चले कि इस शिविर में अबुआ आवास के सैकड़ो आवेदन दिए गए वही साथ में मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का भी सैकड़ो आवेदन दिया गया ' तथा वन विभाग के द्वारा सैकड़ो पौधो भी वितरण किया गया साथ में प्रखंड अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल एवं अन्य परिसंपत्तियों की वितरण भी किया गया तथा कूप निर्माण की भी स्वीकृति दी गई, वही आपकी योजना आपकी सरकार द्वारा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने काफी बढ़-चढ़कर भाग भी लिए कई तरह के स्टॉल भी लगाए गए थे।

### सखी मंडल की दीदियों को स्वरोजगार के लिए छह लाख रुपए का ऋण दिया गया

**गोड्डा।** जिला के पोड़ैयाहाट, प्रखंड अंतर्गत डॉड़े पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदीयों को कैश क्रेडिट लिंकेज के रूप में प्रदत्त राशि 6,00,000/(छः लाख ) रुपए का चेक प्रदान किया गया, जिससे वह स्व रोजगार कर सके। चेक प्राप्त करने के पश्चात दीदियों ने बताया कि इस ऋण राशि का प्रयोग वह गौ पालन/बकरी पालन करेंगी , जिससे उनके आर्थिक विकास में काफी सहायता मिलेगी। इस दौरान लाभुकों द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### जिप सदस्य, उप प्रमुख व झामुमो नेताओं ने किया प्रधानाध्यापक के साथ दुर्व्यवहार

**भवनाथपुर।** उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों के साथ जिप सदस्य, उप प्रमुख व झामुमो नेताओं द्वारा दुर्व्यवहार करने तथा विद्यालय में तालाबंदी की धमकी दिए जाने पर शिक्षकों ने विधायक भानु प्रताप शाही को पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। विधायक को दिये पत्र में जिक्र किया है कि विद्यालय के नौंवी कक्षा के छात्र ऋषि प्रजापति की बाइक दुर्घटना में निधन पर बीते 29 दिसंबर को विद्यालय में शोक सभा कर छुट्टी किये जाने के बाद एचएम के साथ सभी शिक्षक विद्यालय में ही उपस्थित थे। इस संबंध में विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीओ सह शासकीय निकाय के उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर जांचोपरांत दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है।

# भाजपा गोड्डा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कुंवर सिंह के आकस्मिक निधन से आहत जिला कमिटी ने तीन राज्यों की जीत पर जश्न मनाने से किया इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज का दिन भाजपा गोड्डा के लिए दुखद रहा। भाजपा गोड्डा के पूर्व जिलाअध्यक्ष गोपाल कुंवर सिंह के आकस्मिक निधन की खबर फैलते ही इस क्षेत्र में गम की लहर फैल गई।

रांची में ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रांची से शव महागामा उनके घर जाने से पूर्व गोड्डा भाजपा कार्यालय में लाया गया जहां उनके अंतिम दर्शन हेतु भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सभी जस्ट श्रेष्ट कार्यकताओं मौजूद रहे और उन्हें नम आंखों से फूल माला अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी का झंडा उनके लिए कफन के साथ ओढ़ाया गया। आज एक और भाजपा कार्यकर्त्ता राजकुमार घोष कोर्ट के पीपी की पत्नी स्वर्गवासी हो गई।

उन्हें भी सभी ने विनम्र श्रद्धांजलि दिए। आज गोड्डा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कुंवर को श्रद्धांजलि देने के लिए राजमहल के विधायक अनंत ओझा भी मौजूद थे। आज जहां उत्तर भारत के तीन राज्यों में बीजेपी की भारी जीत को लेकर कार्यकताओं में उत्साह और खुशी का माहौल होना था उसकी जगह इस आकस्मिक निधन से सभी कार्यकर्ता दुःख और उनकी कमी को कभी भुला नहीं पाएंगे। इस क्षेत्र का एक लोकप्रिय मिलन सार हंसमुख नेता आज उनके बीच से चले गए। इस अवसर पर राजमहल के भाजपा विधायक अनंत ओझा, बीजेपी के जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एडवोकेट अजीत सिंह, जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी चक्रवर्ती, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, एडवोकेट सुजीत दुबे, समजसेवी सुभाष यादव, बबलू सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री सूरज सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन झा, एससमोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश दास,बोरियो के पूर्व प्रत्याशी सूर्या हांसदा और बरहेट के पूर्व प्रत्याशी सिमोन मालतो, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भगत, सह सोशल मीडिया प्रभारी पप्पू शर्मा, नुनबट्टा मण्डल अध्यक्ष मणिकांत महतो उर्फ श्रवण महतो, उपाध्यक्ष आशीष यादव, गोड्डा नगर के गौरब भगत गप्पू सिंहा, रोहित वर्मा सूरज दत्ता आदि कार्यकताओं ने उन्हें नमन करते हुए पार्टी के झंडे को उनके पार्थिव शरीर पर चढ़ाई और पुष्प माल समर्पित कर उन्हे अंतिम विदाई देते हुए उनकी आत्मा को शांति दे ईश्वर से ये प्रार्थना करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी ।

यद्यपि तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत पर खुशियां मनाने का समय था परंतु यहां गोड्डा भाजपा जिला कमिटी ने निर्णय लिया कि हम अपने पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन से मर्माहत हैं इसलिए हमे कोई खुशी नही है क्योंकि हमने अपना एक सक्रिय कार्यकर्ता और सहयोगी को खो दिया है।

# संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, महुआ मोइत्रा पर आचार समिति की रिपोर्ट आज होगी पेश



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन दो महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित हुए। इसमें अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 लोकसभा और डाकघर विधेयक, 2023 राज्यसभा में पारित हुए।

इधर, विपक्ष के नेताओं ने सोमवार को मांग की कि तृणमूल कांग्रेस सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर निर्णय लिये जाने के पहले चर्चा होनी चाहिए। कैश-फॉर-क्वेरी मामले पर आचार कमेटी की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं हो सकी। इसमें मोइत्रा के सदन से निष्कासन की सिफारिश की गयी है। सदन की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष अपनी यह मांग रखी।

आचार समिति की रिपोर्ट को आज सदन में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी। अब मंगलवार की कार्यवाही में इसे सूचीबद्ध किया गया है। इस रिपोर्ट को सूचीबद्ध करने के बावजूद पेश नहीं किये जाने को लेकर विपक्ष के सांसदों ने आवाज भी उठायी। लेकिन, पीठासीन अधिकारी ने विपक्ष के शोर-शराबे को अनसुना करते हुए सदन की कार्यवाही जारी रखी।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने संसदीय समिति के नियमों का हवाला देते हुए मांग की थी कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ कोई अयोग्यता की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने भी इस मामले पर अपना विरोध जताया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। महुआ मोइत्रा को परेशान करने और निशाना बनाने की यह राजनीतिक साजिश है। कांग्रेस उन्हें निलंबित करने या निष्कासित करने के लिए सरकार द्वारा लाये जाने वाले किसी भी कदम का विरोध करेगी। कांग्रेस आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा चाहती है। विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के घटक दलों की संसद भवन परिसर में हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में हुई विपक्ष की बैठक में आचार समिति की रिपोर्ट लीक होने का मुद्दा लोकसभा में उठाने का फैसला किया गया था।

### प्रो स्वामीनाथन को दी गयी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन में हरित क्रांति के जनक प्रो एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद सत्र के पहले दिन राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, उनके योगदान से भारत को सूखाग्रस्त, खाद्य आयातक देश से उठ कर खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर घोषित होने में मदद मिली।

### लोकसभा में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 पारित

**नयी दिल्ली।** अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 को संसद से मंजूरी मिल गयी है। लोकसभा ने सोमवार को इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा इसे 3 अगस्त को पिछले सत्र में इसे पारित कर दिया था। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 को विचार और पारित करने के लिए आज लोकसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अपनी उपयोगिता खो चुके सभी अप्रचलित कानूनों या स्वतंत्रता-पूर्व अधिनियमों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के प्रयास का हिस्सा है।

### राज्यसभा में डाकघर विधेयक, 2023 पारित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 को पारित कर दिया। केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि नये कानून का पूरा ध्यान मेल डिलीवरी से सेवा डिलीवरी और डाकघर से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से जुड़े बदलाव में सहायक बनना है।

### राज्यसभा में वाइस चेयरपर्संस के पैनल का पुनर्गठन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में वाइस-चेयरपर्संस के पैनल का पुनर्गठन किया। इस पैनल में फूलो देवी नेताम, एस फांगनॉन कोन्याक, दर्शना सिंह, डॉ सोनल मानसिंह, डॉ सस्मित पात्रा के अलावा वी विजयसाई रेड्डी, सुखेंदु शेखर राय और कार्तिकेय शर्मा को शामिल किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### मणिपुर में दो समूहों में गोलीबारी, 13 लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में सोमवार को उग्रवादियों के दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 13 लोग मारे गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर लीथू गांव में हुई। तेंगनौपाल जिले के एक अधिकारी ने कहा, म्यांमार जा रहे उग्रवादियों के एक समूह पर इलाके में दबदबा रखने वाले उग्रवादियों के एक अन्य समूह ने घात लगाकर हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वे स्थानीय नहीं थे। तेंगनौपाल जिले की सीमा म्यांमार से लगती है।

### इएसआइसी को मिला आइएसएसए विजन जीरो पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित 23वीं विश्व कांग्रेस में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) को आइएसएसए विजन जीरो 2023 पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह अवार्ड विश्व कांग्रेस में इएसआइसी का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ राजेंद्र कुमार (महानिदेशक) ने प्राप्त किया। दरअसल, इएसआइसी श्रमिकों और उनके आश्रितों को चिकित्सा देखभाल और नकद लाभ के लिए दुर्घटना के बाद की व्यवस्था के अलावा रोकथाम की रणनीति को एकरूप कर कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छी उपलब्धि हासिल की है।

### इंडोनेशिया में फटा ज्वालामुखी, 11 पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा में मरापी ज्वालामुखी फटने से कम से कम 11 पर्वतारोहियों की जान चली गयी है। इस दौरान 12 अन्य लापता हो गये हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने खोज एवं बचाव दल के प्रवक्ता जोडी हरयावन के हवाले से दी है। अल जजीरा के अनुसार सोमवार को 11 पर्वतारोहियों के शवों के साथ तीन जीवित बचे लोग भी पाये गये। विस्फोट के समय क्षेत्र में 75 लोग थे। रविवार को 2,891 मीटर (9,485 फीट) ऊंचा ज्वालामुखी फटा था।

### स्पॉटिफाई 1500 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

**नयी दिल्ली।** म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पॉटिफाई ने एक बार फिर अपने कर्मचारियों की संख्या में 17 फीसदी की कटौती का एलान किया है। इस कटौती से करीब 1,500 कर्मचारी प्रभावित होंगे। इससे पहले कंपनी ने करीब 600 लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीइओ) डेनियल ने सोमवार को कर्मचारियों को भेजे एक ई-मेल में इसकी जानकारी दी।

# तमिलनाडु में तूफान 'माइचौंग' का कहर

## कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात, चेन्नई में भारी बारिश के चलते 5 लोगों की मौत



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चक्रवात 'माइचौंग' के कारण उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। सोमवार को मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे में चेन्नई में तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। रात 10 बजे तक तमिलनाडु के सात जिलों में गरज और बिजली के साथ मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना जतायी गयी है। ये सात जिले हैं चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्ट, कांचीपुरम, रानीपेट, वेल्लोर और तिरुपत्तूर। चेन्नई में पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण चेन्नई के कई इलाके जलमग्न हो गये हैं।

चक्रवात 'माइचौंग' से तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में भारी तबाही की आशंका जतायी गयी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार भीषण चक्रवात 'माइचौंग' सोमवार की दोपहर तक चेन्नई से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से 120 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में केंद्रित था। चक्रवात मिचौंग धीरे-धीरे तेज होता जायेगा और उत्तर की ओर बढ़ेगा और मंगलवार की सुबह बापटला के करीब नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा। तूफान के पांच दिसंबर को नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट पर टकराने का अनुमान है। इससे 80-90 किमी प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवा बहने की संभावना है जिसमें 100 किमी प्रति घंटे तक की झोंके आ सकती हैं।

चेन्नई में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों पर वाहन भी तैरते देखे गये। उत्तर-चेन्नई के इलाकों में भारी बारिश के कारण माधवरम से सेंगुनराम तक वडकराई रोड पूरी तरह से पानी में डूब गयी। चक्रवात के मद्देनजर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को शहर में तैनात किया गया है। शहर के निचले इलाकों में बार-बार बिजली कटौती और जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। क्षेत्र में भारी जलभराव के कारण अलंदुर में थिलाई गंगा नगर सबवे को भी बंद कर दिया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने चेन्नई में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है और तमिलनाडु के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 'माइचौंग' तूफान मंगलवार को नेल्लोर और मछलीपटनम के तटों से टकराने की संभावना है।

चेन्नई पुलिस के मुताबिक भारी बारिश के कारण शहर भर में पांच लोगों की मौत की रिपोर्ट मिली है।

### नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की 18 टीमें तैनात, आंध्र व तेलांगना में रेड अलर्ट

**हैदराबाद।** चक्रवात 'माइचौंग' से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सोमवार की सुबह से ही कई जिलों में तेज बारिश हो रही है और तटीय आंध्र प्रदेश के जिलों में कई पेड़ उखड़ गये हैं। तेज हवा की वजह से कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। आंध्र व तेलांगना में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। आंध्र प्रदेश के आठ जिलों तिरुपति, नेल्लोर, प्रकाशम, बापटला, कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, कोनसीमा और काकीनाडा को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इधर, एनडीआरएफ ने मोर्चा संभाल रखा है। चक्रवाती तूफान के खतरे को देखते हुए नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की 18 टीमें तैनात की गयी हैं। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुदुचेरी के लिए 10 अतिरिक्त टीमों को रिजर्व में रखा गया है। दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश सरकार ने चक्रवात प्रभावित जिलों के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किये हैं। विशेष अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई जानमाल का नुकसान न हो। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक यानी 7 दिसंबर तक चक्रवात और खतरनाक रूप अख्तियार करेगा और इसके बाद शांत होगा।

### चेन्नई एयरपोर्ट से आज सुबह 9 बजे तक सभी ऑपरेशन बंद

**चेन्नई/नयी दिल्ली।** चक्रवात 'माइचौंग' के कारण इस समय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में मूसलाधार बारिश हो रही है। चक्रवात ने तमिलनाडु में भारी तबाही मचायी है। चेन्नई में हो रही बारिश के कारण चेन्नई एयरपोर्ट रनवे जलमग्न हो गया है। इससे हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। एयरपोर्ट को मंगलवार 9 बजे सुबह तक के लिए बंद कर दिया गया है।

# नौसेना में रैंकों के नाम बदले जायेंगे : पीएम मोदी

## भारतीय संस्कृति के अनुसार होंगे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह में घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय नौसेना में रैंकों का नाम बदल कर भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए पूरी शक्ति लगा रहा है। उन्होंने कहा, भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक बड़ी ताकत है। ये ताकत 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास की है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास विजय, शौर्य, ज्ञान एवं विज्ञान, कला एवं सृजन, कौशल तथा समुद्री सामर्थ्य का इतिहास है। दुनिया भर में भारत की विश्व मित्र की उभरती छवि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज दुनिया को भारत में विश्व मित्र का उदय होता दिख रहा है। आज अंतरिक्ष हो या फिर समंदर, हर जगह दुनिया को भारत का सामर्थ्य दिख रहा है। देश के रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज मेड इन इंडिया की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। तेजस विमान हो या किसान ड्रोन, यूपीआइ सिस्टम हो या फिर चंद्रयान-3, हर जगह, हर सेक्टर में मेक इन इंडिया की धूम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सागरमाला के तहत बंदरगाह आधारित विकास में जुटा है। देश मैरीटाइम विजन के तहत अपने सागरों के पूरे सामर्थ्य का इस्तेमाल करने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम सशस्त्र बलों में नारी शक्ति की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दे रहे हैं। मैं नौसेना को बधाई दूंगा कि आपने युद्धपोत में देश की पहली महिला कमांडिंग अफसर की तैनाती की है।

## कैट ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर डार्क पैटर्न के उपयोग पर बैन का किया स्वागत

### पीयूष गोयल से ई-कॉमर्स पालिसी एवं नियमों को जारी करने का किया आग्रह

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्र सरकार के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर डार्क पैटर्न के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की जारी अधिसूचना का स्वागत किया है। कैट ने कहा कि इससे ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा ग्राहकों को बरगलाने की प्रवृति पर रोक लगेगी। ज्ञात हो कि 'डार्क पैटर्न' उसे कहा जाता है, जिसके जरिये ग्राहकों को धोखा अथवा उनकी पसंद में हेरफेर करने का प्रयास किया जाता है।

कारोबारी संगठन कैट ने सोमवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों पर बिक्री के लिए डार्क पैटर्न के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा ग्राहकों को बरगलाने की प्रवृति पर रोक लगेगी। कैट के ई-कॉमर्स कंपनियों के मनमाने रवैये के खिलाफ विगत चार साल से लगातार जारी संघर्ष में सरकार के इस आदेश को एक बड़ी सफलता के तौर पर देख रहा है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जारी बयान में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस कदम के लिए धन्यवाद करते हुए आग्रह किया है कि अब ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं नियमों को भी तुरंत लागू किया जाये। खंडेलवाल ने कहा कि सरकार इसे तुरंत लागू करे, ताकि इससे भारत में ई-कॉमर्स का व्यापार एक बेहद व्यवस्थित तरीके से चल सके और ई-कॉमर्स पोर्टल की जिम्मेदारी तय हो।

## इजराइल ने गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण में झोंकी ताकत

**गाजा।** गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध आज (सोमवार) 59वें दिन और भयावह हो गया। इजराइल ने रणनीति में अचानक बदलाव करते हुए फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ जमीनी हमले तेज कर दिये । थल सेना बख्तरबंद गाड़ियों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बीच, इजराइल की खुफिया एजेंसी शिन बेट ने कहा है कि लेबनान, तुर्की और कतर में भी छुपे हमास के आतंकवादियों की खैर नहीं। इजराइल ने नागरिकों को फौरन खान यूनिस शहर को खाली करने की चेतावनी दी है। प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने आतंरिक सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी संभालने वाली इंटेलिजेंस एजेंसी शिन बेट और इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आइडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी।

# मिजोरम में जेडपीएम को दो तिहाई बहुमत

विधानसभा चुनाव

### सीएम जोरमथांगा और उप मुख्यमंत्री तावंलुइया समेत कई मंत्री चुनाव हारे

एजेंसी

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा के लिए 7 नवंबर को हुए चुनाव के बाद सोमवार (4 दिसंबर) को मतों की गणना हुई। मतगणना में पूर्व आइपीएस अधिकारी लालदुहोमा की पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को दो-तिहाई बहुमत मिल गया है। 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में 27 सीटें जीतकर जेडपीएम ने मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बाहर कर दिया है। सत्तारूढ़ एमएनएफ को मात्र 10 सीटें मिल पायीं। भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली है।

जेडपीएम के सीएम पद के चेहरे लालदुहोमा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एमएनएफ के जे माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोटों से हराकर सेरछिप सीट पर जीत हासिल की। चुनाव आयोग के अनुसार, मिजोरम के सीएम और एमएनएफ प्रमुख जोरमथांगा जेडपीएम के लालथनसांगा से 2,101 वोटों से हार गये। एमएनएफ के प्रमुख हारने वाले नेताओं में उप मुख्यमंत्री तावंलुइया, स्वास्थ्य मंत्री आर लालथंगलियाना, ग्रामीण विकास मंत्री लारुअत्किमा भी शामिल हैं।

भाजपा ने पलक और सैहा विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। कांग्रेस को लांग्टलाई पश्चिम सीट पर ही जीत हासिल हो सकी। 22 वर्ष तक मिजोरम में राज करने वाली कांग्रेस इस चुनाव के बाद एक तरह से वहां से साफ हो गयी है। एकमात्र सीट पर भी उसका प्रत्याशी मात्र 432 वोटों से जीता है। पहली बार यहां मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी का कोई प्रत्याशी नहीं जीत पाया। इस बार सदन में तीन महिला विधायक पहुंची हैं।

### लालदुहोमा कभी संभालते थे इंदिरा गांधी की सुरक्षा का जिम्मा, अब बनेंगे मुख्यमंत्री



**नयी दिल्ली।** मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को शानदार जीत मिली है। साथ ही, यह भी लगभग तय हो गया है कि पार्टी प्रमुख लालदुहोमा ही प्रदेश का अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। आइपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा अपने नेतृत्व में 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में 27 सीटें जिताने के बाद हर जगह सुर्खियों में छाए हुए हैं। पूर्व आइपीएस अधिकारी रह चुके लालदुहोमा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी के रूप में काम किया और 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

### प्रधानमंत्री ने दी लालदुहोमा को बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोरम पीपुल्स मूवमेंट और मिजोरम विधानसभा चुनाव में जीत के लिए लालदुहोमा को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे मिजोरम की प्रगति को आगे बढ़ाने में हर संभव समर्थन का आश्वासन देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम में भाजपा को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद दिया है।

# जोरदार तेजी के साथ शिखर पर सेंसेक्स और निफ्टी

### ऑल टाइम हाई ओपनिंग ऑल टाइम हाई लेवल और ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का ट्रिपल रिकॉर्ड बना

### चुनाव परिणामों से झूमा शेयर बाजार



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सोमवार को घरेलू शेयर बाजार ने जम कर जश्न मनाया। शेयर बाजार ने आज एक ही दिन में ऑल टाइम हाई ओपनिंग, ऑल टाइम हाई लेवल और ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का ट्रिपल रिकॉर्ड बनाया।

शेयर बाजार के सेंटिमेंट इतने हाई थे कि सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,400 अंक से भी अधिक उछल गया। इसी तरह, निफ्टी भी इंट्रा-डे में 430 अंक से भी अधिक की ऊंचाई तक छलांग लगाने में सफल रहा। खरीदारी के उत्साह के कारण शेयर बाजार 2 प्रतिशत से भी अधिक की मजबूती के साथ बंद हुआ। बीएसइ सेंसेक्स 2.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 68,865.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी 418.90 अंक यानी 2.07 प्रतिशत की तेजी के साथ क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 20,686.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में फार्मास्यूटिकल इंडेक्स को छोड़ सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर ऑटोमोबाइल, मेटल और आइटी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह, बैंकिंग और पीएसयू इंडेक्स भी जोरदार तेजी के साथ कारोबार करते रहे। इसके अलावा, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। कैपिटल गुड्स, फाइनेंशियल, इंडस्ट्रीयल, पावर, रियल्टी यूटिलिटीज और एनर्जी शेयरों के इंडेक्स में भी आज करीब 2 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गयी। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जम कर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गयी। बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 343.45 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया। जबकि, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 337.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह, निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.78 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# फिल्म 'सैम बहादुर' की कमाई में हुआ इजाफा



**मुंबई (हि.स.)।** बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। 'सैम बहादुर' ने रिलीज के पहले दिन अच्छी कमाई की। पहले दिन फिल्म ने 6.25 करोड़ की कमाई की। 'सैम बहादुर' रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गयी थी। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे दिन 9 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म की कमाई में काफी इजाफा हुआ है। शुरुआती आकड़ों के मुताबिक सैम बहादुर ने रविवार (3 दिसंबर) को भारत में लगभग 10.30 करोड़ रुपये की कमाई की है। कुल मिलाकर इस फिल्म ने तीन दिनों में 25.55 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। 'सैम बहादुर' की कमाई बढ़ने से विक्की के फैंस खुश हैं। 'सैम बहादुर' भारतीय सेना में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के योगदान, उनकी जीवन यात्रा, उनकी देशभक्ति को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती है। फिल्म में विक्की कौशल के साथ फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरज काबी, गोविंद नामदेव, मोहम्मद जीशान, अयूब मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के गाने गुलजार ने लिखे हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !